


बांदा जेल से गैंगस्टर की रिहाई ने मचाया हड़कंप
पेज 2



इंडिया बनाम पाकिस्तान मैच जरूर होना चाहिए: ब्रेट ली
खेल टाइम्स



क्या विद्यालयों को बंद करने से भारत बनेगा विश्वगुरु
सम्पादकीय



अमेरिका ने अरब सागर में ईरानी ड्रोन को मार गिराया
पेज 12

## सुप्रीम कोर्ट एडीएजी बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले में देरी पर सख्त

शाह टाइम्स ब्यूरो



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अनिल धीरूभाई अंबानी समूह (एडीएजी) की कंपनियों से जुड़े 40 हजार करोड़ रुपये से अधिक के कथित बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले की जांच में अकारण देरी को लेकर ईडी को कड़ी फटकार लगाई है।

इसके साथ ही कई बैंकों की शिकायतों के बावजूद केवल एक ही एफआईआर दर्ज करने पर केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की भी आलोचना की है। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम. पंचोली की पीठ ने कहा कि वर्ष 2025 में एसबीआईकी शिकायत पर दर्ज एकमात्र एफआईआर के दायरे को अन्य बैंकों की बाद की शिकायतों तक बढ़ाना प्रक्रियात्मक कानून के अनुरूप प्रतीत नहीं होता। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि अलग-अलग बैंकों की शिकायतें अलग लेन-देन से जुड़ी हैं और इसलिए प्रत्येक के लिए अलग

**■ ईडी और सीबीआई को सुप्रीम फटकार**

एफआईआर दर्ज होनी चाहिए। पीठ ने सीबीआई को इस पहलू की समीक्षा करने और कथित धोखाधड़ी में बैंक अधिकारियों की संभावित मिलीभगत की भी जांच करने का निर्देश दिया। न्यायालय ने कहा कि ईडी और सीबीआई दोनों पहले ही समय ले चुके हैं, इसलिए हम अपेक्षा करते हैं कि दोनों एजेंसियां अब त्वरित कार्रवाई करें। पीठ ने यह भी टिप्पणी की कि ईडी वरिष्ठ अधिकारियों की विशेष जांच टीम (एसआईटी) गठित कर कानूनी दायरे में रहते हुए जांच को उसके तार्किक निष्कर्ष तक पहुंचाए।

# विपक्षी सांसदों का हंगामा, पीएम मोदी की स्पीच टली

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** विपक्षी सांसदों के लगातार हंगामे के चलते बुधवार को लोकसभा की कार्यवाही 4 बार स्थगित हुई, जिसके बाद शाम 5 बजे सदन को गुरुवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया।

हंगामे के कारण पीएम नरेंद्र मोदी का बुधवार शाम 5 बजे होने वाले राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर संबोधन भी टल गया। संसद में लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के ऑफिस में विपक्ष और बीजेपी सांसदों के



**■ लोकसभा आज तक स्थगित**
**■ शाम पांच बजे धन्यवाद प्रस्ताव पर बोलने वाले थे प्रधानमंत्री**

बीच भी बहस हुई है। ऑफिस का जो वीडियो सामने आया है इसमें विपक्ष की महिला सांसद केंद्रीय संसदीय मंत्री किरेन रिजिजू से कुछ कहती नजर आ रही हैं। विपक्ष के हंगामे के कारण लोकसभा की कार्यवाही बार-बार बाधित हुई। सुबह सदन सिर्फ 5 मिनट चला और 12 बजे तक स्थगित हुआ। इसके बाद 12 बजे हंगामा होने पर दोपहर 2 बजे तक और 2 बजे दोबारा शुरू होकर 8 मिनट में ही रुक गया। शाम 5 बजे फिर शुरू होने के बाद भी हंगामे के चलते लोकसभा को बुधवार सुबह 11 बजे तक स्थगित करना पड़ा। विपक्षी सांसदों ने चेयर की तरफ बुधवार को भी पेपर उछाले। मंगलवार को इसी हरकत पर 8 विपक्षी सांसदों को निलंबित किया गया था। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने लोकसभा में अमेरिका से टैरिफ डील पर बयान दिया। उन्होंने कहा कि डील ऐतिहासिक है। भारत के कृषि और खाद्य क्षेत्र का पूरा ध्यान रखा गया है। यह डील भारत के विकास में बेहद फायदेमंद होगी। गोयल के भाषण के दौरान विपक्षी सांसद हंगामा करते रहे। विपक्ष ने 'एलओपी (राहुल गांधी) को बोलने दो', नरेंद्र मोदी-सरेंडर मोदी और 'डरता है डरता है नरेंद्र मोदी डरता है' के नारे लगाए।

### पीएम मोदी डरे हुए हैं, इसीलिए संसद नहीं आए: राहुल

**नई दिल्ली।** संसद के बजट सत्र के दौरान लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रस्तावित संबोधन हंगामे के कारण नहीं हो सका। इसी मुद्दे पर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री पर सीधा हमला बोला। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी सच्चाई का सामना करने से डर रहे हैं, इसलिए सदन में नहीं आए। राहुल गांधी ने इसे लेकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर वीडियो और बयान भी साझा किया। इस वीडियो में वो पहले ही ये बात कह चुके थे। राहुल गांधी ने एक्स पर वीडियो पोस्ट कर कहा कि जैसा उन्होंने पहले कहा था, पीएम मोदी लोकसभा नहीं आएंगे। उन्होंने लिखा कि प्रधानमंत्री डरे हुए हैं और सच्चाई का सामना नहीं करना चाहते।

# ईसी बंगाल को निशाना बना रहा: ममता बनर्जी

**एसआईआर मुद्दा** कहा: नाम मिसमैच पर दिए नोटिस वापस लिए जाएं

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को पश्चिम बंगाल में स्पेशल इंटेंसिव रिविजन (एसआईआर) मामले पर सुनवाई की। जहां राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी वकीलों के साथ मौजूद रहीं। उन्होंने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल चुनाव आयोग के निशाने पर है। जो काम 2 साल में होना था, उसे 3 महीने में करवाया जा रहा है।

सुनवाई के बाद सीजेआई सूर्यकांत की बेंच ने कहा कि असली लोग चुनावी सूची में बने रहने चाहिए। ममता की याचिका पर बेंच ने चुनाव आयोग और पश्चिम बंगाल के मुख्य चुनाव अधिकारी से 9 फरवरी तक जवाब मांगा। सुप्रीम कोर्ट के इतिहास में यह पहला मौका था जब किसी राज्य के मौजूदा मुख्यमंत्री ने कोर्ट में पेश होकर अपनी दलीलें रखीं। मुकदमों में आमतौर पर मुख्यमंत्रियों के वकील या सलाहकार ही पेश होते हैं। ममता ने कहा कि चुनाव से पहले 2 महीने में ऐसा कुछ करने की कोशिश की जा रही है, जो 2 साल में होना था। खेतीबाड़ी के मौसम में लोगों को परेशान किया जा रहा है। 24 साल बाद इसे 3 महीने -**शेष पृष्ठ दो पर**



**पहली बार किसी मुख्यमंत्री ने सुप्रीम कोर्ट में दी दलील**

**CJI की बेंच ने कहा: असली लोग चुनावी सूची में बने रहने चाहिएं**

**चुनाव आयोग और बंगाल के मुख्य चुनाव अधिकारी तलब**

### वांगचुक की जमानत पर विचार करे केंद्र: कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को केंद्र से पूछा कि क्या सरकार क्लाइमेट एक्टिविस्ट और साइंटिस्ट सोनम वांगचुक की तबीयत को देखते हुए उनकी हिरासत पर फिर से विचार कर सकती है? जस्टिस अरविंद कुमार और पीबी वराले की बेंच ने कहा कि वांगचुक की हेल्थ रिपोर्ट अच्छी नहीं है। कोर्ट ने केंद्र की ओर से पेश हुए एडिशनल सॉलिसिटर जनरल केएम नटराज से इस मामले में निर्देश लेने को कहा। कोर्ट ने कहा कि दलीलों और कानून के बिंदुओं के अलावा, कोर्ट के अधिकारी के तौर पर इस पर थोड़ा सोचिए।

## राहुल गांधी के जवाब में भाजपा भी लाई किताब

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** संसद में किताब के हवाले से बयान देने को लेकर शुरू हुआ विवाद अब बड़ा राजनीतिक टकराव बन गया है। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा एक कथित अप्रकाशित सैन्य पुस्तक का जिक्र करने के बाद अब भाजपा ने भी पलटवार किया है।

भाजपा सांसद निशिकांत दुबे कई प्रकाशित और प्रतिबंधित किताबों के कवर लेकर सदन पहुंचे और कांग्रेस पर इतिहास छिपाने का आरोप लगाया। इसी मुद्दे पर सदन में हंगामा बढ़ा और कार्यवाही रोकनी पड़ी। हालांकि इसके बाद उन्होंने सभी किताबों को लेकर मीडिया से बात की। निशिकांत दुबे ने मीडिया से बातचीत में कई किताबों के नाम गिनाए। इनमें नेहरू और गांधी परिवार से जुड़ी किताबें, इमरजेंसी पर लिखी किताबें और मित्रोखिन आर्काइव का जिक्र शामिल रहा। उन्होंने दावा किया कि इन पुस्तकों में कांग्रेस शासन, आपातकाल और कथित विदेशी प्रभाव से जुड़े गंभीर आरोप दर्ज हैं। उनका कहना था कि

**■ भाजपा सांसद निशिकांत दुबे बोले: नेहरू-गांधी का भी इतिहास सामने आना चाहिए**

कई किताबों पर कांग्रेस सरकार के समय प्रतिबंध लगाया गया था और अब उन पर खुली चर्चा होनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि मेरा स्पीकर साहब से यह भी अनुरोध है कि आप जो छपी हुई किताब है। उस पर ही चर्चा करा लीजिए। संसद में चर्चा हो जाएगी, तो गांधी नेहरू परिवार की जो मक्कारी है, वो सबके सामने आ जाएगी। 50 के दशक में चीन हमसे पीछे हुआ करता था, लेकिन वो कैसे आगे निकल गया। उसके पूरे इतिहास पर चर्चा होनी चाहिए। विवाद की शुरुआत तब हुई जब राहुल गांधी ने संसद में पूर्व सेना प्रमुख की एक अप्रकाशित किताब का हवाला दिया। इस पर सत्ता पक्ष ने आपत्ति जताई कि बिना प्रकाशित और बिना आधिकारिक अनुमति वाली सामग्री का जिक्र नियमों के खिलाफ है।

### नीट-पीजी कटऑफ कम करने के फैसले पर केंद्र सरकार से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** नीट-पीजी 2025-26 की कट-ऑफ घटाने के खिलाफ जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने एनबीईएमएस से जवाब मांगा है। जस्टिस पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति आलोक आराधे की पीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए केंद्र से जवाब मांगा। मामले की अगली सुनवाई शुक्रवार, 6 फरवरी, 2026 को होगी। योग्यता कट-ऑफ प्रतिशत घटाने के फैसले को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की गई थी।

यह जनहित याचिका सामाजिक कार्यकर्ता हरिशरण देवगन, न्यूरोसर्जन सौरव कुमार, यूनाइटेड डाक्टर्स फ्रंट के अध्यक्ष डा. लक्ष्य मित्तल और वर्ल्ड मेडिकल एसोसिएशन के सदस्य डा. आकाश सोनी द्वारा दायर की गई। याचिका में कहा गया था कि विवादित नोटिस के माध्यम से कट-ऑफ को असामान्य रूप से बेहद कम, यहां तक कि शून्य और नकारात्मक स्तर तक घटा दिया गया है। याचिकाकर्ताओं का तर्क है कि स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा के लिए योग्यता मानकों में कमी मनमानी है और संविधान के अनुच्छेद 14 और 21 का उल्लंघन करती है।

### एक लाख का इनामी शूटर बनारसी यादव मुठभेड़ में ढेर

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले में स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने मंगलवार देर रात मुठभेड़ में एक लाख रुपये के इनामी सुपारी किलर बनारसी यादव को मार गिराया। बनारसी पर सारनाथ थाना क्षेत्र में कॉलोनाइजर महेंद्र गौतम की हत्या का मुख्य आरोप था। मुठभेड़ चौबेपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत बारियासनपुर रिंग रोड पर हुई। बनारसी यादव की सूचना मिलने पर एसटीएफ की वाराणसी इकाई ने संबंधित थानों की मदद से घेराबंदी की। बनारसी यादव खुद को घिरा देखकर उसने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में उसे गोली लगी। घायल अवस्था में उसे नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौके से दो पिस्टल और भारी मात्रा में कारतूस बरामद हुए। बनारसी यादव पर दो दर्जन से अधिक गंभीर आपराधिक मामले दर्ज थे। 21 अगस्त 2025 को करोड़ों की जमीन के विवाद में बनारसी यादव ने गाजीपुर के शूटरों को सुपारी देकर कॉलोनाइजर महेंद्र गौतम की हत्या कराई थी। पुलिस ने इस मामले में मुख्य शूटर अरविंद फौजी सहित चार आरोपियों को पहले ही जेल भेज दिया था।




नई दिल्ली: संसद के बजट सत्र के दौरान लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पूर्व सेना प्रमुख एमएम नरवणे के अप्रकाशित 'संस्मरण' की एक प्रति दिखाते हुए।

### उधमपुर में सुरक्षाबलों ने दो आतंकियों को मार गिराया

**उधमपुर।** जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में बुधवार को सुरक्षाबलों ने जैश-ए-मोहम्मद के दो पाकिस्तानी आतंकवादियों को मार गिराया। दोनों आतंकवादी गुफा में छिपे हुए थे। सेना ने गुफा को ग्रेनेड से विस्फोट कर उड़ा दिया। एनकाउंटर का वीडियो भी सामने आया है। इसके बाद एक आतंकवादी का शव गुफा के बाहर था, जबकि दूसरे आतंकी का शव गुफा के अंदर काफी गहराई में मिला। इस ऑपरेशन में जैश का टॉप कमांडर रुबानी उर्फ अबू माविया भी मारा गया। वो इलाके में कई साल से सक्रिय था।

## गाजियाबाद में तीन सगी बहनों ने नौवीं मंजिल से कूदकर दी जान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश के जिला गाजियाबाद स्थित टीला मोड़ थाना क्षेत्र के भारत सिटी अपार्टमेंट में गत रात एक हृदय विदारक घटना सामने आई है।

भारत सिटी के बी वन टॉवर के फ्लैट नंबर 907 में रहने वाली तीन सगी बहनों ने सामूहिक रूप से आत्महत्या कर ली। यह घटना बुधवार तड़के करीब दो बजे की है। घटना की सूचना मिलते ही

**■ तीनों बहनें ऑनलाइन गेमिंग की थीं शिकार**

पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों बच्चियों को तत्काल एम्बुलेंस के जरिये अस्पताल भिजवाया गया, जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बुधवार सुबह बच्चियों के आत्महत्या की जानकारी देते हुए कहा कि मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस को घटनास्थल से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ है। शुरुआती जांच में सामने आया है कि तीनों बहनें ऑनलाइन गेमिंग की आदी थीं और वे कोरियाई ऑनलाइन गेम खेलती थीं। सुसाइड नोट में बच्चियों ने माता-पिता से खेद व्यक्त किया है। मृतक बहनों की पहचान निशिका (16 वर्ष), प्राची (14 वर्ष) और पाखी (12 वर्ष) के रूप में हुई है। तीनों बहनों ने अपार्टमेंट के नौ मंजिल से कूदकर जान दे दी। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## राहुल ने नरवणे की किताब दिखाई, कहा: पीएम को दूंगा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पूर्व आर्मी चीफ एमएम नरवणे की जिस किताब को लेकर संसद में दो दिन से हंगामा हो रहा है। राहुल गांधी बुधवार को वही किताब लेकर संसद पहुंचे। उन्होंने कहा कि अगर आज पीएम आए तो उन्हें यह किताब दूंगा। राहुल ने किताब का वह पेज खोलकर दिखाया, जिसमें लिखा है कि प्रधानमंत्री ने आर्मी चीफ से कहा था कि जो उचित समझो वह करो!।

राहुल ने कहा कि सरकार और रक्षा मंत्री कह रहे हैं कि किताब का अस्तित्व नहीं है। देखिए यह रही किताब। राहुल ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि प्रधानमंत्री आज लोकसभा में आने की हिम्मत करेंगे। अगर प्रधानमंत्री आते हैं, तो मैं खुद जाकर उन्हें यह किताब सौंपूंगा, ताकि वे इसे पढ़ सकें और देश को इसके बारे में पता चल सके। राहुल गांधी, पूर्व आर्मी चीफ एमएम नरवणे की अनपब्लिश्ड बुक लेकर पहुंचे। लोकसभा में दो दिन से पूर्व आर्मी चीफ एमएम नरवणे की अनपब्लिश्ड बुक पर हंगामा हो रहा है। इसके चलते कई बार सदन स्थगित हो चुका है। राहुल इस किताब के अंश लोकसभा में पढ़ना चाहते हैं। स्पीकर ओम बिरला ने इसकी इजाजत नहीं दी है। इधर, कांग्रेस के कुछ सांसदों ने बजट सत्र के छठे दिन संसद के मकर द्वार के पास प्रदर्शन कर रहे थे। इसी दौरान राहुल गांधी ने रवनीत सिंह बिट्टू को पास से गुजरते देखकर कहा कि देखो एक गद्दार आ रहा है, देखिए इसका चेहरा। राहुल गांधी ने हाथ मिलाने की पेशकश करते हुए कहा -**शेष पृष्ठ दो पर**

### जनता का निरादर कर रहे हैं पीएम मोदी: प्रियंका

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा है कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को बोलने नहीं दिया जा रहा है और सरकार मनमानी कर देश की जनता का निरादर कर रही है। श्रीमती वाड्रा ने बुधवार को संसद भवन परिसर में कांग्रेस सांसदों के प्रदर्शन में शामिल होने के बाद पत्रकारों से कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व वाली सरकार मनमर्जी से काम कर रही है। उनका कहना था कि जब सरकार चाहती है कि सदन को डिस्टर्ब करना है, तो वो वह भाजपा सदस्य निशिकांत दुबे को बोलने के लिए उठा देती है।

**■ कांग्रेस सांसद ने केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह को गद्दार बताया, मंत्री ने पलटकर कहा: राहुल देश के दुश्मन**

## युमनाम खेमचंद सिंह बने मणिपुर के 13वें मुख्यमंत्री

**नई दिल्ली।** भाजपा नेता युमनाम खेमचंद सिंह मणिपुर के 13वें मुख्यमंत्री बने हैं। राज्यपाल अजय कुमार भल्ला ने बुधवार शाम को लोकभवन में खेमचंद को गोपनीयता की शपथ दिलाई।

मैतेई समुदाय से आने वाले खेमचंद पूर्व सीएम बीरेन सिंह के करीबी माने जाते हैं। नगा समुदाय से आने वाले लोसी दिखो को डिप्टी सीएम पद की शपथ दिलाई गई है। वे नगा पीपुल्स फ्रंट के विधायक हैं। उनके अलावा



कुकी समुदाय से आने वालीं नेमचा किपगेन ने भी डिप्टी सीएम पद की शपथ ली है। उन्होंने दिल्ली स्थित मणिपुर भवन से वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये शपथ ली। वे राज्य की पहली महिला डिप्टी सीएम हैं।

CMYK



## संक्षिप्त समाचार

### योगी के प्रयास से मूकबधिर खुशी के जीवन में लौटी 'खुशी'

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में कानपुर की मूकबधिर बच्ची खुशी को उसकी खोई हुई आवाज मिल गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संवेदनशील हस्तक्षेप और त्वरित निर्देशों के चलते खुशी का सफल इलाज संभव हो सका, जिससे उसके जीवन में एक नई शुरुआत हुई है। 26 नवम्बर को खुशी ने अपने परिजनों के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की थी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने बच्ची की स्थिति को गंभीरता से लेते हुए तत्काल बेहतर इलाज के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए थे। मुख्यमंत्री के निर्देशों के बाद खुशी को उच्चस्तरीय चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराई गई, जिसके परिणामस्वरूप उसका इलाज सफल रहा। इलाज के बाद खुशी न सिर्फ सुनने और बोलने में सक्षम हुई, बल्कि उसके चेहरे पर भी खोई हुई मुस्कान लौट आई। मासूम खुशी ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताते हुए कहा कि थैंक्यू योगी जी।

### बराड़ के दो गुर्गे गिरफ्तार, वारदात में कार बरामद

**मोहाली।** पंजाब में मोहाली जिला प्रशासनिक परिसर के बाहर 23 जनवरी को हुए सनसनी खेज गुरविदर सिंह हत्याकांड में एस-ए-एस- नगर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बी. हरमनदीप सिंह हंस ने बुधवार को कहा कि इस हत्याकांड की साजिश विदेश में बैठे कुख्यात गैंगस्टर सतिदरजीत सिंह उर्फ गोल्डी बराड़ ने अपने साथियों के साथ मिलकर रची थी। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर हत्या में प्रयुक्त वाहन भी बरामद कर लिए हैं। 23 जनवरी को गुरविदर सिंह अपनी पत्नी अमरदीप कौर के साथ मोहाली कोर्ट में पेशी के लिए पहुंचे थे।

# यूपी के अनुदेशकों ने जीती लड़ाई, अब खत्म नहीं होगी नौकरी

**नई दिल्ली, वार्ता**

सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया है कि सरकारी स्कूल में कार्यरत अनुदेशकों की नौकरी संविदा की निर्धारित अवधि पूरी होने के बाद भी नहीं जाएगी। इसके अलावा कोर्ट ने सरकार को अनुदेशकों का मानदेय 17000 रुपये करने का निर्देश दिया है।

उत्तर प्रदेश के सरकारी जूनियर स्कूलों में पढ़ा रहे अनुदेशकों के लिए बड़ी खुशखबरी आई है। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार की वह अपील खारिज कर दी, जिसमें सरकार अनुदेशकों के मानदेय बढ़ाने के खिलाफ थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि संविदा की जो निर्धारित अवधि है, वह खत्म होने के बाद भी अनुदेशकों की नौकरी नहीं जाएगी। 10 साल तक काम करने के चलते यह पद ऑटोमैटिक तरीके से सृजित हो चुका है। साथ ही कोर्ट ने यूपी सरकार ने अनुदेशकों को 17 हजार रुपये देने का मानदेय देने का भी निर्देश दिया है। बता दें कि अनुदेशक साल 2013 से ही मानदेय बढ़ाने की मांग सरकार से कर रहे थे, लेकिन



■ सुप्रीम कोर्ट ने 17000 रुपये मानदेय देने का दिया आदेश

सरकार ऐसा करने को तैयार नहीं थी। फिर अनुदेशकों की याचिका पर हाईकोर्ट ने सरकार को मानदेय बढ़ाने का आदेश दिया, लेकिन हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ सरकार सुप्रीम कोर्ट चली गई।

कोर्ट ने अनुदेशकों को मिलने वाले 7000 रुपये के मानदेय पर भी सख्त टिप्पणी की है। कोर्ट ने कहा कि लंबे समय तक बिना किसी संशोधन के मानदेय तय रखना अनुचित श्रम व्यवहार की श्रेणी में आता है, जो अंशकालिक शिक्षक लगातार सेवाएं दे रहे हैं, उन्हें सम्मानजनक मेहनताना दिया जाना चाहिए। कोर्ट ने सरकार को निर्देश दिया कि 2017-18 से अंशकालिक शिक्षकों का मानदेय 17,000 प्रतिमाह माना जाएगा। यह अगले संशोधन तक प्रभावी रहेगा। साथ ही इस नए मानदेय का भुगतान 1 अप्रैल 2026 से शुरू करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने सरकार को 2017 से अब तक नए मानदेय के तहत बकाया श्रेणी में आने वाली राशि का भुगतान 6 महीने के अंदर करने को कहा है। बता दें कि यूपी के बेसिक शिक्षा विभाग में कार्यरत अनुदेशकों का मानदेय साल 2017 में बढ़ाने का निर्णय हुआ था, लेकिन सरकार बदलने के बाद इस फैसले को लागू नहीं किया गया। इसके बाद अनुदेशक सरकार के खिलाफ हाईकोर्ट चले गए थे। हाईकोर्ट ने अनुदेशकों के पक्ष में फैसला दिया था, तो सरकार आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट चली गई थी।

### कैंसर के खिलाफ अभियान चलाए सरकार: अखिलेश

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि उप्र में पुरुषों में होने वाले लगभग 54 प्रतिशत कैंसर का कारण नशा है, तो हर नशे के खिलाफ सरकार को अभियान चलाना चाहिए। ऐसे अभियानों की अगुवाई उन भरोसेमंद लोगों से कराई जानी चाहिए, जो निजी जीवन में भी किसी भी तरह के नशे से दूर रहकर ईमानदारी से सफल हुए हों और जिनके परिवार खुशहाल हों। ऐसे वास्तविक उदाहरण समाज के लिए प्रेरणास्रोत बनेंगे और युवा पीढ़ी नशे से दूर रहने का संकल्प लेगी। विश्व कैंसर दिवस के उपलक्ष्य में अखिलेश ने जोर देते हुए कहा कि कैंसर से लड़ने से बेहतर है उससे बचाव किया जाए।

# वैदेही आर्ट गैलरी सीता के जीवन से कराएगी परिचित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्री अयोध्या धाम में माता सीता के जीवन चरित्र पर आधारित 'वैदेही आर्ट गैलरी' की स्थापना के निर्देश दिए हैं। यह गैलरी अयोध्या में वशिष्ठ भवन परिसर में विकसित की जाएगी।

बुधवार को आवास एवं शहरी नियोजन विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि माता सीता भारतीय संस्कृति, मर्यादा और नैतिक मूल्यों की अनुपम प्रेरणा हैं। उनके दिव्य और तेजस्वी चरित्र से नई पीढ़ी को गहराई से परिचित कराना आज की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने 'वैदेही आर्ट गैलरी' की अवधारणा साझा करते हुए कहा कि यह केवल एक कला संग्रहालय नहीं, बल्कि



एक जीवंत सांस्कृतिक अनुभव स्थल होना चाहिए। आधुनिक तकनीक के माध्यम से माता सीता के जीवन, त्याग, करुणा, गरिमा, धैर्य और शक्ति का आधुनिक दृष्टिकोण से प्रस्तुतीकरण किया जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि गैलरी की संकल्पना, कथा-वस्तु, डिजाइन, दृश्य भाषा, कला और तकनीक-सभी आयाम इस भाव को प्रतिबिंबित करें कि एक दिव्य विरासत को नई पीढ़ी के समक्ष प्रेरणााेत के रूप में पुनर्प्रस्तुत किया जा रहा है।

# बांदा जेल से गैंगस्टर की रिहाई पर मचा हड़कंप

**लखनऊ/बांदा, वार्ता**

■ अधीक्षक-जेलर समेत अज्ञात पर केस, एसआईटी जांच में जुटी

उत्तर प्रदेश के बांदा जिला जेल से कुख्यात स्क्रैप माफिया व गैंगस्टर रविन्द्र सिंह (रवि काना) की संदिग्ध रिहाई ने बड़ा बवाल खघ कर दिया है। मामले में जेल चौकी प्रभारी की शिकायत पर कोतवाली नगर थाने में जेल अधीक्षक, जेलर और अन्य अज्ञात कर्मचारियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 260सी के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। यह धारा आरोपी की हिरासत में जानबूझकर की गई लापरवाही से संबंधित है। वहीं मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में विशेष जांच टीम (एसआईटी) गठित की है।

मंगलवार को टीम ने बांदा मंडल जेल में करीब 5-6 घंटे तक दस्तावेज, रिकॉर्ड और सीसीटीवी फुटेज की गहन पड़ताल की। पुलिस के मुताबिक, रवि काना कई गंभीर मामलों में वांछित है, जिनमें नोएडा के सेक्टर-63 थाने में दर्ज उगाही का केस भी शामिल है। वह वर्ष 2024 से अन्य मामलों में बांदा मंडल जेल में बंद था। उगाही प्रकरण में बी-वारंट के जरिए उसे कोर्ट में तलब किया गया था। जांच अधिकारी की रिमांड अर्जी पर 29 जनवरी को वीडियो कॉन्फ्रेंसिग के माध्यम से पेशी हुई, लेकिन उसी शाम उसकी रिहाई हो गई, यही बिंदु अब जांच का केंद्र बना हुआ है। घटना के बाद गौतम बुद्ध नगर के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने महानिदेशक कारागार और जेल अधीक्षक से स्पष्टीकरण मांगा। इसके बाद डीजी (कारागार) पीसी मीणा ने जांच प्रयागराज रेंज के डीआईजी राजेश श्रीवास्तव को सौंपी है। इसी क्रम में बांदा जेल के जेलर विक्रम सिंह यादव को निलंबित कर दिया गया।

## अमेरिकी ट्रेड डील पर संसद में पीयूष गोयल का बयान

# देश व किसानों के हितों की रक्षा का रखा ध्यान

**नई दिल्ली, वार्ता**

भारत और अमेरिका के बीच हुए ट्रेड डील को लेकर केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को भारी शोर-शराबे के बीच लोकसभा में कहा कि दोनों देशों के बीच डील को लेकर बातचीत के दौरान दोनों पक्ष अपने-अपने हितों की रक्षा सुनिश्चित करने में सफल रहे। भारतीय पक्ष डील करने के दौरान अपने अहम क्षेत्रों खासकर कृषि और किसानों के हितों की रक्षा करने में सफल रहा।

सांसदों के हंगामे के बीच केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी की फरवरी 2025 की अमेरिका यात्रा के बाद से भारत और अमेरिका के बीच संतुलित, पारस्परिक रूप से, लाभकारी और द्विपक्षीय ट्रेड डील करने को लेकर लगातार और नियमित चर्चा करते रहे हैं। पिछले साल, दोनों पक्षों के



■ संवेदनशील मुद्दों को ट्रेड डील से बाहर रखा गया, भारतीय पक्ष अहम् क्षेत्रों की रक्षा करने में सफल रहा

बातचीत करने वालों ने अलग-अलग लेवल पर विस्तार से बातचीत की। उन्होंने कहा कि बातचीत के दौरान दोनों पक्षों के जरूरी हितों को ध्यान में रखते हुए यह स्वाभाविक है कि दोनों पक्ष अपने-अपने जरूरी और संवेदनशील क्षेत्रों की सुरक्षा करना चाहेंगे और सबसे अच्छे नतीजे भी सुनिश्चित करना चाहेंगे। आपसी बातचीत के दौरान भारतीय पक्ष अपने संवेदनशील क्षेत्रों खासकर कृषि और डेयरी के हितों की रक्षा करने में सफल रहा। एक साल की बातचीत के बाद दोनों पक्ष द्विपक्षीय व्यापार समझौते के विभिन्न क्षेत्रों को अंतिम रूप देने में सफल रहे। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि संवेदनशील मुद्दों को ट्रेड डील से अलग रखा गया है। खाद और कृषि क्षेत्र का पूरा ध्यान रखा गया है। किसानों को कोई नुकसान नहीं होगा, इस डील से भारत और अमेरिका दोनों पक्षों को फायदा होगा। 2 फरवरी 2026 को पीएम नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने द्विपक्षीय और अंतर्राष्ट्रीय महत्व के कई मामलों पर टेलीफोन पर बातचीत की। इसके बाद राष्ट्रपति ट्रंप ने टैरिफ को घटाकर 18 प्रतिशत करने की घोषणा की। मैं इस बात पर जोर देना चाहूंगा कि यह टैरिफ कई प्रतिस्पर्धी देशों पर अमेरिका द्वारा लगाए गए टैरिफ से कहीं कम है। ट्रेड डील में विकसित भारत की बात करते हुए केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा कि यह ऐतिहासिक और स्ट्रक्चरल समझौता भारत-अमेरिका संबंधों को मजबूत करने तथा विकसित भारत 2047 की दिशा में हमारी यात्रा को आगे बढ़ाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। यह दुनिया के दो सबसे बड़े लोकतांत्रिक देशों के बीच मजबूत संबंधों को भी दिखाता है।

### राहुल गांधी पर भड़के केन्द्रीय मंत्री

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने इससे पहले कल मंगलवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधा था। राहुल की आलोचना करते हुए गोयल ने कहा कि वह भारत-अमेरिका ट्रेड डील पर देश को गुमराह कर रहे हैं। उन्हें देश के विकास की कोई चिंता नहीं है। उन्होंने निराशा जताते हुए कहा कि कांग्रेस और डीएमके, तृणमूल कांग्रेस और समाजवादी पार्टी सहित अन्य विपक्षी पार्टियों के हंगामे के कारण उन्हें संसद में ट्रेड डील पर बयान देने की अनुमति नहीं दी गई। उन्होंने कहा कि उन्हें (राहुल गांधी) देश की प्रगति से कोई लेना-देना नहीं है। मुझे नहीं लगता कि कोई भी भारतीय नागरिक उनकी भ्रम वाली सोच से सहमत हो सकता है। क्या राहुल को लाखों-करोड़ों रुपये के निवेश से चिढ़ होती है, जिसे हम भारत में लाने की कोशिश कर रहे हैं? इससे पहले कांग्रेस नेता ने यह आरोप लगाया था कि पीएम नरेंद्र मोदी ने अमेरिका के दबाव में आकर ट्रेड डील को अंतिम रूप दिया।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 83817.69
निफ्टी 25776



सोना 159035
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार देश



चांदी रु. 284432
प्रति किलो



# लगातार दूसरे दिन चढ़े शेयर बाजार आईटी कंपनियों में बड़ी गिरावट

**मुंबई, वार्ता**

अमेरिका के साथ व्यापार समझौते की घोषणा के बाद घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार दूसरे दिन तेजी देखी गई, हालांकि आईटी सेक्टर की कंपनियों में बड़ी गिरावट रही। बीएसई का सेंसेक्स 78.56 अंक (0.09 प्रतिशत) चढ़कर 83,817.69 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 48.45 अंक यानी 0.19 प्रतिशत ऊपर 25,776 अंक पर पहुंच गया। यह दोनों सूचकांकों का 12 जनवरी के बाद का उच्चतम स्तर है। इस बीच आईटी कंपनियों में भारी दबाव रहा, जिसके कारण सुबह प्रमुख सूचकांकों में गिरावट थी और एक समय सेंसेक्स 600 अंक से अधिक टूट



गया था। अमेरिकी शेयर बाजारों में सूचीबद्ध भारतीय आईटी कंपनियों के शेयर सोमवार को गिरावट के साथ बंद हुए थे।

बताया जा रहा है कि एक ऐसे एआई टूल के विकास की खबर आने के बाद ये कंपनियां दबाव में आ गईं जो दस्तावेजों की समीक्षा और आंकड़ों के विश्लेषण का काम कर सकती हैं। ज्यादातर कंपनियां वर्तमान में ये काम भारतीय कंपनियों से आउटसोर्स करवाती हैं। उसी का असर आज बाजार खुलते ही दिखा। सेंसेक्स में आईटी कंपनियों में ही सबसे अधिक गिरावट रही। इंफोसिस का शेयर सात प्रतिशत से अधिक लुढ़क गया। टीसीएस में भी लगभग सात फीसदी की गिरावट रही। एचसीएल टेक्नोलॉजीज और टेक महिंद्रा के शेयर चार प्रतिशत से अधिक टूटे। तीस कंपनियों वाले संवेदी सूचकांक में इटरनल का शेयर पांच प्रतिशत से ज्यादा चढ़ा। ट्रेंट का शेयर पांच प्रतिशत के करीब चढ़ा। एनटीपीसी, अडानी पोर्ट्स और पावरग्रिड में दो से ढाई प्रतिशत की तेजी रही। मारुति सुजुकी, टाइटन, अल्ट्राटेक सीमेंट, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एलएंडटी, टाटा स्टील, आईटीसी और एशियन पेंट्स के शेयर एक से दो प्रतिशत तक की बढ़त में बंद हुए।

# सोना और चांदी की कीमतों में बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** एमसीएक्स में बुधवार को सोने और चांदी की कीमतों में शानदार तेजी देखने को मिली। शाम 4.32 बजे तक एमसीएक्स पर 2 अप्रैल की एक्सपायरी वाला सोना 5,226 (3.4 प्रतिशत) उछलकर 1,59,035 प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है।

सोने की आज शुरुआत 1,58,420 पर हुई थी, जो पिछले बंद भाव 1,53,809 के मुकाबले काफी ऊपर है। चांदी की बात करें, तो इसकी चमक आज और भी ज्यादा है। शाम 4.29 बजे तक 5 मार्च की एक्सपायरी वाली चांदी 16,417 (6.13 प्रतिशत) की भारी बढ़त के साथ 2,84,432 प्रति किलोग्राम पर ट्रेड कर रही है। चांदी आज 2,78,015 पर खुली थी और इसने पिछले बंद भाव 2,68,015 के मुकाबले लंबी छलांग लगाई है। सोने और चांदी की कीमतों में पिछले तीन दिनों से जारी क्रैश पर आखिरकार ब्रेक लग गया है। सोना और चांदी दोनों में मजबूत खरीदारी देखने को मिल रही है, जिसकी वजह से एमसीएक्स पर सोना और चांदी दोनों के भाव एक बार फिर तेज रफ्तार पकड़ते नजर आ रहे हैं। अगर आप आज सोना-चांदी खरीदने या निवेश करने की सोच रहे हैं, तो आपको ताजा कीमतों पर नजर रखना जरूरी है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में सोने और चांदी की कीमतों में आज फिर से बड़ी तेजी देखने को मिल रही है।

# चावल, गेहूं महंगा, चीनी सस्ती दालों, खाद्य तेलों में घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**

घरेलू थोक जिंस बाजारों में बुधवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए। चावल के साथ गेहूं भी महंगा हुआ जबकि चीनी में नरमी रही। वहीं दालों और खाद्य तेलों की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 16 रुपये बढ़कर 3,866 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गयी। गेहूं भी 16 रुपये मजबूत हुआ और 2,875 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटा भी चार रुपये महंगा हुआ। दाल-दलहनों में घटबढ़ रही।

उड़द दाल की औसत कीमत 22 रुपये और तुअर दाल की 20 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी। मसूर दाल में 43 रुपये की गिरावट रही। मूंग दाल 22 रुपये और चना दाल 13 रुपये प्रति क्विंटल टूट गई। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का



अप्रैल वायदा सात रिंगिट चढ़कर 4,222 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। अमेरिकी सोया तेल का मार्च वायदा भी 0.11 प्रतिशत की तेजी में 54.55 सेंट प्रति पौंड बोला गया। स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल औसतन 46 रुपये और सूरजमुखी तेल 37 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। पाम ऑयल की कीमत 33 रुपये और वनस्पति की तीन रुपये बढ़ी। वहीं सरसों तेल में सात रुपये और सोया तेल में पांच रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव आठ रुपये प्रति क्विंटल गिर गए। चीनी भी नौ रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**ईसी बंगाल...**

में पूरा करने की जल्दबाजी क्यों है। 100 से ज्यादा लोगों की जान चली गई है। ईसीआई की प्रताड़ना के चलते बीएलओ की जान जा रही है। बंगाल को निशाना बनाया जा रहा है। असम और नॉर्थ ईस्ट में ऐसा क्यों नहीं हो रहा। एसआईआर प्रक्रिया वोटर्स को शामिल करने नहीं बल्कि हटाने के लिए हो रही है। अब तक 58 लाख लोगों के नाम हटाए जा चुके हैं। भाजपा ने माइक्रो ऑब्जर्वर नियुक्त किए, जो बीएलओ अधिकारों को दरकिनार करते हुए नाम हटा रहे हैं। ममता ने कहा कि सर बेटी शादी के बाद ससुराल जाती है, वह पति का टाइटल इस्तेमाल कर रही है, यह भी मिसमैच है। कुछ बेटियां जो ससुराल चली गईं, उनके नाम भी डिलीट कर दिए गए। इलेक्शन कमीशन ने कहा कि राज्य सरकार से बार-बार मांग करने के बाद एसआईआर के काम के लिए पर्याप्त ग्रुप बी अधिकारी नहीं दिए गए। इस कारण माइक्रो ऑब्जर्वर नियुक्त करने पड़े। सभी नोटिस में कारण होते हैं। जिनके नाम हटे उन्हें अधिकृत एजेंटों को भी लाने की अनुमति दी गई थी। हमने राज्य सरकार को कई पत्र लिखे हैं कि हमें क्लास 2 अधिकारी दें ताकि ईआरओ को नियुक्त किया जा सके। उन्होंने उस रैंक के लगभग 80 अधिकारी दिए हैं, बाकी निचले रैंक के। इसलिए हमें माइक्रो ऑब्जर्वर नियुक्त करने पड़े। गलती उनकी है। माइक्रो ऑब्जर्वर सही तरीके से नियुक्त किए गए हैं। राज्य सहयोग नहीं कर रहा है, तो कोई दूसरा ऑप्शन नहीं है। समय की कोई समस्या नहीं है। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि सभी नोटिस वापस लेना अव्यावहारिक है। नाम की स्पेलिंग में गड़बड़ी होने पर चुनाव आयोग नोटिस जारी न करे। चुनाव आयोग अपने अधिकारियों को भी निर्देश दे कि वे संवेदनशील रहें। अगर राज्य सरकार ऐसे लोगों की टीम देती है, जो बांग्ला और स्थानीय बोलियां जानते हों, और वे जांच करके चुनाव आयोग को बताएं कि स्थानीय बोली के कारण गलती है, तो इससे मदद मिलेगी। स्थानीय बोली के अनुवाद को एआई की मदद लेने के कारण अगर ऐसा हो रहा है, तो हम समाधान निकालेंगे। इस वजह से असली मतदाता को बाहर नहीं किया जाना चाहिए। अपने आवेदन में ममता ने कहा है कि आर्टिकल 32 रिट में याचिकाकर्ता होने के नाते वह मामले से पूरी तरह वाकिफ हैं। वे कहती हैं कि पश्चिम बंगाल की सीएम और टीएमसी अध्यक्ष होने के नाते वह सुप्रीम कोर्ट के तौर-तरीकों को समझती हैं और स्थापित नियमों के अनुसार ही व्यवहार करेंगी।

**राहुल ने...**

कि हैलो भाई, मेरे गद्दार दोस्त। चिंता मत करो, आप वापस (कांग्रेस में) आ जाओगे। केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने हाथ नहीं मिलाया। उन्होंने मुस्कुराते हुए जवाब दिया कि देश के दुश्मनों से मेरा कोई लेना-देना नहीं है। राहुल ने हाथ बढ़ाकर बिट्टू से हाथ मिलाना चाहा, लेकिन वे ऐसा किए बिना आगे निकल गए। नेता प्रतिपक्ष राहुल और केंद्रीय मंत्री के बीच थोड़ी देर के लिए बहस हुई। रवनीत सिंह बिट्टू 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले बीजेपी में शामिल हुए थे। इससे पहले वे तीन बार कांग्रेस सांसद रह चुके हैं। वे पहली बार 2009 में आनंदपुर साहिब से लोकसभा के लिए चुने गए थे। इसके बाद 2014 और 2019 में उन्होंने लुधियाना से जीत हासिल की। 2024 लोकसभा में उन्होंने लुधियाना से पंजाब कांग्रेस प्रमुख अमरिंदर सिंह राजा वारिंग के खिलाफ चुनाव लड़ा और करीब 20 हजार वोटों से हार गए। चुनाव हारने के बावजूद उन्हें केंद्र सरकार में राज्यसभा सदस्य और मंत्री बनाया गया और रेल तथा खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के राज्य मंत्री की जिम्मेदारी दी गई। यह पहली बार नहीं है जब रवनीत सिंह बिट्टू और राहुल गांधी के बीच बयानबाजी देखने को मिली है। सितंबर 2024 में बिट्टू ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को लेकर विवादित टिप्पणी की थी। बिट्टू ने अमेरिका में सिखों को लेकर राहुल गांधी के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा था कि राहुल गांधी ने सिखों को बांटने की कोशिश की है। सिख किसी पार्टी से जुड़े नहीं हैं। यह चिंगारी लगाने की कोशिश है। राहुल गांधी देश के नंबर वन टेररिस्ट हैं।

# हाईकोर्ट में पांच जजों की नियुक्ति मंजूर

## सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने संविधान के अनुच्छेद 2024ए का इस्तेमाल किया

**नई दिल्ली, वार्ता**

उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम ने संविधान के अनुच्छेद 224ए का इस्तेमाल कर इलाहाबाद उच्च न्यायालय के पांच सेवानिवृत्त न्यायाधीशों को दो साल के लिए तदर्थ न्यायाधीश के तौर पर फिर से नियुक्त किया है। यह कदम आपराधिक मामलों की लंबित भारी संख्या के मद्देनजर उठाया गया है।

मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी वाले कॉलेजियम ने न्यायमूर्ति मोहम्मद फैज आलम खान, मोहम्मद असलम, सैयद आफताब हुसैन रिजवी, रेणु अग्रवाल और ज्योत्सना शर्मा को इलाहाबाद उच्च न्यायालय के तदर्थ न्यायाधीशों के रूप में नियुक्ति की मंजूरी दी। इन नियुक्तियों के साथ इलाहाबाद उच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की संख्या बढ़कर 115 हो जाएगी, हालांकि यह स्वीकृत 160 न्यायाधीशों की संख्या से अब भी कम है। उम्मीद है कि इन नियुक्तियों से खासकर आपराधिक लंबित मामलों के निपटारे में मदद मिल



सकती है। संविधान में यह प्रावधान है कि उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश राष्ट्रपति की पूर्व सहमति से लंबित मामलों की अधिकता या रिक्तियों की स्थिति से निपटने के लिए सेवानिवृत्त न्यायाधीशों को तदर्थ न्यायाधीश के रूप में नियुक्त कर सकते हैं, हालांकि अनुच्छेद 224ए के तहत ऐसी नियुक्तियां बहुत कम होती हैं। इससे पहले उच्चतम न्यायालय ने ऐसी नियुक्तियां केवल तीन बार की हैं। 1972 में मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय में न्यायमूर्ति सूरज भान, 1982 में मद्रास उच्च न्यायालय में न्यायमूर्ति पी. वेणुगोपाल और 2007 में इलाहाबाद उच्च न्यायालय में न्यायमूर्ति ओपी श्रीवास्तव की नियुक्ति हुई थी उच्चतम न्यायालय ने 2021 के एक निर्णय में 'निष्क्रिय' संवैधानिक प्रावधान का पुनः उपयोग किया, जिसे उच्च न्यायालयों में बड़ी तादाद में लंबित मामलों के समाधान के रूप में वर्णित किया गया है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने वर्तमान प्रक्रिया तब शुरू की, जब उन्होंने देखा कि उच्च न्यायालय सर्वोच्च न्यायालय के अनुच्छेद 224ए के इस्तेमाल के निर्देशों का पालन नहीं कर रहे हैं। इसके बाद सभी उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों को तदर्थ न्यायाधीशों के लिए सिफारिशें मांगने वाले पत्र भेजे गए। अभी तक तीन उच्च न्यायालय से इस तरह की सिफारिश मिली हैं। इनमें से इलाहाबाद उच्च न्यायालय की सिफारिश को मंजूरी दे दी गई है। बाकी सिफारिशों पर विचार करने के लिए कॉलेजियम के फिर से बैठने की उम्मीद है। अन्य उच्च न्यायालय अभी सुझाव भेजने की प्रक्रिया में हैं। पिछले साल दिसम्बर में मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने 2021 के निर्णय को स्पष्ट किया और उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीशों को तदर्थ न्यायाधीशों को शामिल करते समय अधिक लचीलेपन की अनुमति दी।

CMYK

# एसआईआर प्रक्रिया में फर्जीवाड़े का आरोप

## नहटौर विधानसभा क्षेत्र में फर्जी तरीके से मतदाताओं के नाम कटवाने की साजिश

## विवेक सेन बोले- बीजेपी की झंडी लगी गाड़ी पहुंची थी तहसील फार्म पहुंचाने





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** विधानसभा चुनाव से पहले धामपुर तहसील क्षेत्र में सियासी हलचल तेज हो गई है। आजाद समाज पार्टी ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया में कथित फर्जीवाड़े का आरोप लगाते हुए तहसील परिसर में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। पार्टी कार्यकर्ताओं का दावा है कि वोटरों के नाम कटवाने के लिए फॉर्म-7 का दुरुपयोग किया जा रहा है और इसके लिए सरकारी तंत्र का इस्तेमाल किया जा रहा है।

आजाद समाज पार्टी के जिला पंचायत सदस्य एवं सांसद प्रतिनिधि विवेक सेन के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता धामपुर तहसील कार्यालय पहुंचे। कार्यकर्ताओं ने निर्वाचन कार्यालय के पास स्थित कक्ष संख्या 16 से भारी मात्रा में एसआईआर प्रक्रिया में उपयोग किए जाने वाले फॉर्म नंबर-7 की गड्डियां मिलने का दावा किया। आसपा नेताओं का आरोप है कि इन फॉर्मों के माध्यम से नहटौर विधानसभा क्षेत्र में फर्जी तरीके से मतदाताओं के नाम कटवाने की साजिश रची जा रही है।

विवेक सेन ने आरोप लगाया कि उन्हें सूचना मिली थी कि मंगलवार देर शाम नहटौर क्षेत्र की ओर से भाजपा का झंडा लगी एक गाड़ी तहसील परिसर में पहुंची थी। आरोप है कि गाड़ी से उतरे एक व्यक्ति ने तहसील के एक कर्मचारी को कुछ फॉर्म सौंपे और इसके बाद मौके से चला गया। हालांकि इस संबंध में अभी तक प्रशासन की ओर से किसी प्रकार की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। आसपा कार्यकर्ताओं का कहना है कि फर्जी तरीके से फॉर्म नंबर-7 भरकर बीएलओ को उपलब्ध कराए जा रहे हैं, ताकि मतदाताओं के नाम कटवाए जा सकें। पार्टी नेताओं का आरोप है कि एक व्यक्ति की आईडी लगाकर दर्जनों मतदाताओं के नाम हटाने की प्रक्रिया अपनाई जा रही है। वहीं आपत्ति दर्ज कराने के मामलों में संबंधित कर्मचारी किसी भी तरह की जानकारी से इंकार कर रहे हैं। तहसील में कथित रूप से बड़ी संख्या में फॉर्म-7 से जुड़े दस्तावेज मिलने के बाद कार्यकर्ताओं ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने प्रशासन पर चुनाव आयोग के नियमों की अनदेखी करने और सरकारी तंत्र के दुरुपयोग का आरोप लगाया। साथ ही बीएलओ पर जबरन फर्जी तरीके से वोट काटने का दबाव बनाने की बात भी कही गई। इस मामले में नगीना लोकसभा सांसद चंद्रशेखर आजाद ने भी जिलाधिकारी से आपत्ति दर्ज कराते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। आजाद समाज पार्टी ने चेतावनी दी है कि यदि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच नहीं कराई गई तो मामला निर्वाचन आयोग और उच्चाधिकारियों तक ले जाया जाएगा।

उधर, प्रशासनिक सूत्रों का कहना है कि मामले की प्रारंभिक जानकारी ली जा रही है और तथ्यों की जांच के बाद स्थिति स्पष्ट की जाएगी। अधिकारियों का दावा है कि चुनाव प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की अनियमितता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और यदि दोषी पाए गए तो संबंधित लोगों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

इस घटनाक्रम के बाद धामपुर क्षेत्र में राजनीतिक सरगर्मी और तेज हो गई है। चुनाव से पहले मतदाता सूची से जुड़ा यह मामला राजनीतिक तूल पकड़ता नजर आ रहा है और आने वाले दिनों में इस पर और सियासी बयानबाजी देखने को मिल सकती है। फिलहाल बरामद फॉर्म को तहसील से हटाकर एसडीएम धामपुर की सुपुर्दगी में दे दिया गया है।

## एक नजर

### मकान की दीवार तोड़कर चोरी

**बढ़ापुर।** मौजा रामपुर में मौहम्मद फारूक ने थाने में दी तहरीर में बताया कि मंगलवार को वह अपनी पत्नी के साथ दवाई लेने बढ़ापुर गया था। मकान में ताला लगा दिया था। रात्रि के समय चोरों ने उसके मकान की दीवार तोड़कर मकान में रखा गैस चूल्हा, सिलेंडर, सिलाई मशीन, समरसे. बिल मोटर, बैटरा, अल्टीनेटर आदि कीमती सामान चोरी कर लिया। मौहम्मद फारूक ने थाने में तहरीर देकर चोरी का खुलासा करने की गुहार लगाई है।

### कल्लरवाली में निकाली कलश यात्रा

**नजीबाबाद।** क्षेत्र के ग्राम कल्लरवाली स्थित शिव मंदिर में शिव परिवार की मूर्ति की स्थापना की गई। श्रद्धालुओं ने मूर्ति पूजन कर ग्राम के मुख्य मार्ग पर कलश यात्रा निकाली। पंडित वेद प्रकाश शर्मा ने वैदिक मंत्रों के साथ पूजा अर्चना सम्पन्न कराई। शिव मंदिर में शिव परिवार की मूर्ति की स्थापना कर सुख समृद्धि की कामना करते हुए जयकारे लगाए गए। मुख्य यजमान अनिल कुमार, समुर सिंह, विजय सिंह, राकेश कुमार रहे। मंदिर परिसर में भजन कीर्तन के बाद सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। सविता, पूनम, मोनिका, पुष्पा, अनीता, शगुन, बबीता, कर्मवीर सिंह, सोनू, घनश्याम, राम सिंह आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

### कांवड़ यात्रा के लिए हाईवे पर लगाई लाइटें



**नजीबाबाद।** जिले में आगामी कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इसी क्रम में भागूवाला क्षेत्र में मोटा महादेव मंदिर से कोटावाली नदी उत्तर प्रदेश-उत्तराखंड सीमा तक राष्ट्रीय राजमार्ग पर रोशनी की व्यवस्था की गई है। यह व्यवस्था कांवड़ यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए की गई है। इससे पूर्व, जिलाधिकारी बिजनौर ने मोटा महादेव मंदिर पर कांवड़ यात्रा की तैयारियों को लेकर एक बैठक आयोजित की थी। इस बैठक में थाना प्रभारी, वन विभाग, बिजली विभाग और लोक निर्माण विभाग सड़क सुरक्षा के अधिकारियों को उनके संबंधित कार्यों के लिए निर्देश दिए गए थे। निर्देशों के अनुपालन में मोटा महादेव मंदिर से कोटावाली नदी तक के मार्ग पर जनरेटरों की सहायता से लाइटें लगाई गई हैं। इन लाइटों का उद्देश्य रात्रि के समय कांवड़ यात्रियों को मार्ग में किसी प्रकार की असुविधा से बचाना और यात्रा को सुगम बनाना है।

# नहटौर में चुनावी घमासान तेज फॉर्म-7 विवाद से सियासी तूफान



## वोट कटवाने के आरोपों के बीच चुनावी रणनीति पर उठे सवाल, दलित वोट बैंक पर टिकी निगाहें

**अभिषेक गुप्ता**

**धामपुर।** आगामी विधानसभा चुनाव से पहले नहटौर विधानसभा क्षेत्र में सियासी पारा अपने चरम पर पहुंचता नजर आ रहा है। आजाद समाज पार्टी के सांसद चंद्रशेखर आजाद के प्रतिनिधि विवेक सेन द्वारा धामपुर तहसील से कथित रूप से बरामद फॉर्म-7 को नहटौर विधानसभा क्षेत्र से जुड़ा बताया गया है। इन फॉर्मों को मतदाता सूची से नाम कटवाने के प्रयास करने का आरोप है। जिससे चुनावी रणनीति, प्रशासनिक पारदर्शिता और लोकतांत्रिक प्रक्रिया की निष्पक्षता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

नहटौर विधान सभा सीट पर वर्तमान में भाजपा के ओम कुमार विधायक हैं, जो लगातार तीसरी बार निर्वाचित होकर विधानसभा में पहुंचे हैं। सबसे पहले वे बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर भी विधायक रह चुके हैं। बीते लोकसभा चुनाव में भाजपा ने उन्हें विधायक होने के बावजूद नगीना लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी बनाया था, जहां उन्हें आजाद समाज पार्टी के प्रत्याशी चंद्रशेखर आजाद से करीब डेढ़ लाख मतों के बड़े अंतर से हार का सामना करना पड़ा था। राजनीतिक गलियारों में माना जा रहा है कि इस हार के बाद नहटौर विधानसभा क्षेत्र में उनकी राजनीतिक सक्रियता जो शांत पड़ी थी अब अचानक तेज हो गई है और चौथी बार विधायक बनने की रणनीति पर तेजी से काम शुरू कर दिया गया है।

सूत्रों के मुताबिक, क्षेत्र में हाल के दिनों में जनसंपर्क अभियान और सामाजिक आयोजनों में सक्रिय भागीदारी इसी रणनीति का हिस्सा बताई जाने लगी है। रविदास जयंती जैसे सामाजिक आयोजनों में उनकी ज्यादा सक्रियता और दोबारा मौका देने की अपील को दलित मतदाताओं तक संदेश पहुंचाने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि दलित वोट बैंक पर पकड़ कमजोर होने की चर्चाओं के बीच यह सक्रियता चुनावी संतुलन साधने का प्रयास भी हो सकती है।

इसी बीच आजाद समाज पार्टी के पदाधिकारियों द्वारा धामपुर तहसील में नहटौर विधानसभा क्षेत्र से जुड़े फॉर्म-7 मिलने का दावा सामने आने से सियासी पारा और चढ़ गया। पार्टी नेताओं ने इसे मतदाता सूची में कथित हेर-फेर कर चुनावी समीकरण प्रभावित करने की साजिश करार दिया है। आरोप है कि फॉर्म-7 का इस्तेमाल बड़े पैमाने पर वोटरों के नाम कटवाने के लिए किया जा सकता था। हालांकि, प्रशासनिक स्तर पर अभी तक इन आरोपों की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है, लेकिन मामला सामने आते ही राजनीतिक हलकों में तीखी बयानबाजी शुरू हो गई है।

फॉर्म-7 प्रकरण को लेकर धामपुर तहसील परिसर में आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने करीब सात घंटे तक जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान प्रशासन और मौजूदा सरकार के खिलाफ नारेबाजी की गई और निष्पक्ष जांच की मांग उठाई गई। स्थिति उस समय शांत हुई जब उप जिलाधिकारी स्मृति मिश्रा ने प्रदर्शनकारियों को दो दिन के भीतर मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद प्रदर्शन स्थगित कर दिया गया।

राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा अब खुलकर हो रही है कि फॉर्म-7 के जरिए कथित तौर पर नाम कटवाने की कोशिशों से किसे सीधा राजनीतिक लाभ मिल सकता है। विपक्षी दलों का आरोप है कि सत्ता पक्ष से जुड़े दबावों के चलते कई अधिकारी खुलकर सामने नहीं आ रहे हैं। वहीं, कुछ अधिकारियों की छुट्टी और सीमित सक्रियता को लेकर भी राजनीतिक हलकों में सवाल उठाए जा रहे हैं कि कहीं प्रशासन पर परोक्ष राजनीतिक दबाव तो नहीं है।

फिलहाल, फॉर्म-7 विवाद ने नहटौर विधानसभा क्षेत्र की राजनीति को नई दिशा दे दी है। चुनाव से पहले मतदाता सूची की शुचिता और प्रशासनिक निष्पक्षता को लेकर खड़े हुए सवालों ने माहौल को और अधिक गर्मा दिया है। आने वाले दिनों में जांच रिपोर्ट और प्रशासनिक कार्रवाई पर सभी दलों की निगाहें टिकी हैं। यह देखना दिलचस्प होगा कि यह विवाद चुनावी रणभूमि में किसके लिए फायदेमंद साबित होता है और किसके लिए नुकसानदेह।

# भाई-बहन पर छींटाकशी करने वाले दो गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** साईकिल से घर जा रहे भाई बहन पर छींटाकशी करने वाले दो बाइक सवारों को पकड़कर पुलिस के हवाले किया। पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है।

नहटौर स्कूल से पढ़कर भाई बहन साईकिल से घर जा रहे थे। नहटौर कोतवाली देहात मार्ग पर गांव सीकरी के पास दो बाइक सवारों ने उन पर आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग करते हुए छींटाकशी करनी शुरू कर दी। भाई बहन ने जब इसका विरोध किया तो बाइक सवार युवकों ने बदतमीजी करनी शुरू कर दी, जिसको देखकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। उन्होंने दोनों बाइक सवारों को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। दोनों बाइक सवार नजीबाबाद क्षेत्र के बताए जा रहे है। पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है।

# शब-ए-बरात पर जलसा इस्लाह अल मुआशरा

## मानियावाला में उलेमाओं ने हसद से बचने और भाईचारे का दिया पैगाम





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** शब ए बरात के मौके पर करीबी कस्बा मानियावाला में तन्जीम अलहम्द एजुकेशनल वेलफेयर सोसाइटी के जेर ए अहतमाम गुजिस्तां सालों की तरह इस साल भी एक जलसा इस्लाम अल मुआशरा उन्वान से मुनाअकिद हुआ। जिसमें उलेमाओं ने मौजूद अकीदतमंदों को कुरआन व हदीस के रास्ते पर चलकर समाज में फैली बुराइयों से दूर रहने की हिदायत दी गई। इस मौके पर मुल्क और समाज में अमन, चैन और भाईचारा कायम करने के लिए दुआएं की गई।

जलसा ए इस्लाह अल मुआशरा कस्बा मानियावाला की जनाजा गाह के हाल में बाद नमाज ए इशा शुरू हुआ। जलसा की इब्तिदा कारी हबीबुर्रहमान की तिलावत ए कुरआन करीम व कारी हैदर अली स्योहारवी की नात ए पाक से हुई। जलसा की सदारत हजरत मौलाना नईम अहमद इमाम ईदगाह मानियावाला, सरपरस्ती हजरत मौलाना मौहम्मद असलम, जेर-ए-कयादत हजरत मौलाना हसीबुर्रहमान, निजामत मुफ्ती जुबैर आलम, जेर-ए-इंतजाम हाजी लियाकत ठेकेदार ने फराज अन्जाम दिए।

इस मौके पर मदरसा दारुल उलूम जामिया अलहुदा मुरादाबाद से तशरीफ लाए मेहमान खुसूसी, उस्ताद ए मोहतरम मुफ्ती तारिक अजीज ने खचाखच भरे हाल में अकीदतमंदों को खिताब करते हुए कहा कि कुरआन का फरमान है के हसद से बचो हसद नेकियों को खा जाता है। हसद आने से इन्सान के अन्दर कत्ल जैसे गुनाह का जज्बा पैदा होता है। उन्होंने हजरत आदम अलैहिस्सलाम के बेटों काबील व हाबील का हवाला देते हसद को बुराइयों की बुनियादी वजह बताते कहा के समाज में जब दो सगे भाइयों में हसद पैदा हो जाता है तो पूरा घर तबाह हो जाता है, इससे बचना चाहिए।

हजरत मौलाना मौहम्मद असलम ने अपने बयान में नौजवानों से कहा के शब ए बरात की रात इबादत और गुनाहों की माफी मांगने की रात है, आवारा गर्दी व बाइकों पर स्टंड बाजी करने की रात नहीं है। उन्होंने मोबाइल को बुराइयों की जड़ बताते हुए दूर रहकर तालीम हासिल करने पर जोर देते हुए आगाह किया के मुआशरा में फैली तमाम बुराइयों से बचने का हल नमाज है।

हजरत मौलाना नईम अहमद इमाम ईदगाह मानियावाला ने अपने सदारती खिताब में कहा के अल्लाह के बताए हुए रास्ते पर चलो गुनाहों और बुराइयों से तौबा कर लो मौत बरहक है। अच्छे काम करोगे तो दुनिया में भी आखिरत में भी इज्जत मिलेगी। अभी से ही तौबा कर लो समाज में फैली बुराइयों से दूर रहो, यह दिल में बैठा लो अल्लाह रब्बुल इज्जत जो तुम गुनाह कर रहे वह देख रहा है, उसका हिसाब लेगा अल्लाह के गजब से डरो।

जलसा के इख्तताम पर हजरत मौलाना नईम अहमद ने मुल्क और समाज में मोहब्बत, भाईचारा कायम करने, गुनाहों की तलाफी व बुराई से दूर रहने के लिए खुसूसी दुआ कराई।

इस मौके पर खास तौर से तन्जीम अलहम्द एजुकेशनल वेलफेयर सोसाइटी के सदर कारी मौहम्मद कासिम, खजांची फरीद अहमद टेलीकॉम, जीशान लियाकत, रिजवान टेलीकॉम, इकबाल अल्वी, कारी अब्दुल्लाह, मौलाना मौहम्मद आजम, कारी शोएब कुरैशी, शेखख मौहम्मद इमरान, मौहम्मद यूसुफ, मौहम्मद इस्लाम सैफी, प्रधान पति तसव्वर कुरैशी, राशन डीलर मौहम्मद सलमान अंसारी आदि और भारी तादाद में अकीदतमंद मौजूद रहे।

# जामा मस्जिद में अजीमुश्शान इजलास

## शब-ए-बरात पर मुस्लिम समाज ने देर रात तक की इबादत





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** शब-ए-बरात की मुबारक रात की बरकतों से फैज याब होने के लिए ऐतिहासिक जामा मस्जिद चाहशीरी बिजनौर में नमाज-ए-इशा के बाद एक अजीमुश्शान इजलास-ए-आम का इंतजाम किया गया।

बीती रात आयोजित प्रोग्राम शब-ए-बरात और इस्लाह-ए- मुआ. शिरा (समाज सुधार) के मुद्दे पर मुकर्रर हुआ था, जिसमें उलेमा-ए-कराम ने अपने रूह-परवर बयानों से मुस्तमइन को मुस्तफीद फरमाया। प्रोग्राम की शुरुआत कारी फैजान कासमी की कुरआन-ए-पाक की हुस्न-ए-तिलावत से हुई। उसके बाद कारी मौहम्मद जमशे ने नात-ए-पाक भी पेश की गई। प्रोग्राम की निगरानी मुफ्ती वकार ने की, जबकि सदरत कारी हन्नान ने अदा फरमाई।

इस मौके पर मौलाना आदम मुस्तफा ने अपने खिताब में वालिदैन की इज्जत और उनकी खिददमत पर खास तवज्जोह दी। उन्होंने फरमाया कि माँ-बाप की खिदमत जन्नत की राह है और अल्लाह तआला ने वालिदैन की इताअत को बहुत अहमियत दी है। मुस्तमइन को नसीहत फरमाई कि गुनाहों से बचते हुए दीन की रौशनी में जिंदगी गुजारें, नबी-ए-करीम के बताए हुए रास्ते पर चलें और वालिदैन की खिदमत से जन्नत हासिल करें। उनके बयान ने हाजिरीन के दिलों को छू लिया और वालिदैन के हुकूक की अहमियत को उजागर किया। इसके बाद मौलाना मौहम्मद जाहिद ने दुनिया के फितनों से बचने और अल्लाह तआला से तौबा करने पर जोर दिया। उन्होंने फरमाया कि आज के जमाने में फितने बहुत हैं, जो इंसान को गुमराह करने की को. शिश करते हैं। अल्लाह से सच्ची तौबा करके गुनाहों से पाक हो जाएं और अपनी जिंदगी में इस्लाह लाएं। उनके बयान ने मुस्तमइन को दुनिया के फितनों से होशियार रहने और आखिरत की फिक्र करने की तालीम दी।

इसके अलावा मुफ्ती ओवैस अकरम ने शब-ए-बारात की फजीलत बयान की और रमजान की तैयारी करने, ज्यादा से ज्यादा वक्त इबादतों में गुजारने की तरगीब दी। मदरसे के तालिब-ए-इल्म मौहम्मद अजहान, हारिस और मौहम्मद साद मिर्जा ने भी कुरआन की तिलावत करके प्रोग्राम की रौनक बढ़ाई। यह इजलास बड़ी तादाद में अवाम की शिरकत से रौनक-अफरोज रहा। उलेमा-ए-कराम के बयानों से मुस्तमइन ने रूहानी सुकून हासिल किया और शब-ए-बारात की बरकतों से मुस्तफीद हुए।

ये प्रोगाम जामा मस्जिद के इमामो खतीब कारी वारीस के इंतजाम में मुनअकिद है। कार्यक्रम में कारी शुऐब, अल्ताफ अहमद, नौशाद उर्फ नोश, अब्दुला, अब्दुल कुदुस, अकरम खान आदि का सहयोग रहा। कार्यक्रम में मस्जिद के मुतवल्ली जावेद आफताब एडवोकेट, जीशान मिर्जा, झालू के साबिक चेयरमेन शहजाद अहमद, मौहम्मद अहमद, रफत उमर आदि की मौजूदगी रही।

# पूरी रात इबादत में गुजारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** नगर में मंगलवार की रात शब-ए-बरात का पवित्र पर्व पूरी अकीदत, श्रद्धा और धार्मिक भावना के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नगर की सभी मस्जिदों में विशेष नमाजों का आयोजन किया गया, जहां बड़ी संख्या में नमाजियों ने शिरकत की। लोगों ने पूरी रात इबादत, तिलावत-ए-कुरआन और दुआओं में गुजारी।

शब-ए-बरात के मौके पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने अपने दिवंगत परिजनों की मगफिरत के लिए विशेष दुआएं कीं। नगर के कब्रिस्तानों में लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विशेष लाइटों की व्यवस्था की गई थी, जिससे रात के समय कब्रिस्तान जाकर फातिहा पढ़ने में किसी प्रकार की परेशानी न हो। बड़ी संख्या में लोगों ने कब्रिस्तानों में पहुंचकर अपने बुजुर्गों और परिजनों के लिए दुआ मगफिरत की।

रातभर मस्जिदों में नफ्ल नमाज, इबादत और दीनी जलसों व अल्लाह की बारगाह में गुनाहों से तौबा करने का सिलसिला चलता रहा। इस दौरान नगर में पूरी तरह शांति और सौहार्द का माहौल बना रहा। प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। स्थानीय लोगों और धर्मगुरुओं ने बताया कि शब-ए-बरात गुनाहों से तौबा करने और अल्लाह की रहमत व मगफिरत हासिल करने की रात है, इसलिए इस रात का इस्लाम धर्म में विशेष महत्व है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# बरूकी फ्लाईओवर के पास बाइकों में भिड़ंत, दो की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोतवाली देहात।** ग्राम बरूकी फ्लाईओवर के पास संगम पैलेस के निकट दो बाइकों की टक्कर हो गई। हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। जबकि एक महिला और दो वर्षीय मासूम बच्चा घायल हो गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार बाइक संख्या यूपी20सीई5462 स्प्लेंडर चला रहे अमित पुत्र धर्मवीर, निवासी ग्राम सुन्दरपुर, थाना कोतवाली शहर तथा बाइक संख्या यूपी20एआर4048 अपाचे पर सवार निजामु पुत्र बाबू (40 वर्ष), निवासी भगैन चौकी पेदा, थाना कोतवाली शहर, अपनी पत्नी (38 वर्ष) और करीब दो वर्षीय बच्चे के साथ जा रहे थे। इसी दौरान दोनों बाइकों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में स्प्लेंडर चालक अमित और अपाचे चालक निजामु गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि निजामु की पत्नी और बच्चा सामान्य रूप से चोटिल हो गए। टक्कर के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और राहगीरों की भीड़ जमा हो गई।

### पत्नी और दो वर्षीय मासूम बेटा घायल

सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को तत्काल जिला अस्पताल भिजवाया गया, जहां चिकित्सकों ने अमित और निजामु को मृत घोषित कर दिया।

कोतवाली देहात प्रभारी प्रवेज तोमर ने बताया कि मृतकों के परिजनों को सूचना दे दी गई है। मामले में आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है।

# सड़क हादसे में मां-बेटी की मौत

## ट्रक ने बाइक सवार परिवार को टक्कर मारी, पिता-बेटी घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नेशनल हाईवे-74 पर राजपूताना के पास दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार एक परिवार पर ट्रक चढ़ गया। पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बाइक सवार पति-पत्नी और दो बच्चियां सड़क पर जा गिरे। हादसे में पत्नी और एक मासूम बच्ची की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि पति और दूसरी बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रक चालक को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।





प्राप्त जानकारी के अनुसार शहजादपुर निवासी विकास (35) अपनी पत्नी अंजू (31) और बेटियों सृष्टि (6) व एक अन्य बच्ची के साथ हर्रा ढक्का क्षेत्र में एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक धामपुर-शेरकोट मार्ग पर स्थित राजपूताना के पास पहुंची, पीछे से आ रहे ट्रक ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि अंजू और उनकी छह वर्षीय बेटी सृष्टि की मौके पर ही मौत हो गई। विकास और दूसरी बच्ची दिव्या सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ट्रक चालक को हिरासत में ले लिया है। पुलिस का कहना है कि हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। प्रारंभिक तौर पर तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाना हादसे का कारण बताया जा रहा है। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

घटना की सूचना मिलते ही मृतका अंजू और मासूम सृष्टि के परि. जनों में कोहराम मच गया। गांव में मातम पसरा हुआ है।

# होटलों में फायर रिस्क का निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** प्रभारी अग्निशमन अधिकारी ने अपनी टीम के साथ बुधवार को नगर क्षेत्र के होटलों में निरीक्षण किया।

प्रभारी अग्निशमन अधिकारी नगीना द्वारा बताया गया कि पिछले कई दिनों से क्षेत्र में चल रहे अभियान के तहत विभिन्न होटलों का अग्नि सुरक्षा एवं बचाव के दृष्टिगत फायर ऑडिट कर आग से संबंधित संभावित जोखिमों को सुरक्षा मानकों के अनुसार जांच की गई है। इसके अलावा होटलों में उपस्थित कर्मचारियों को फायर रिस्क उपकरणों के रख-रखाव और उसके संचालन की जानकारी दी गई। इस दौरान सुनराही होटल, तुलाराम फूड प्लाजा, होटल दो पल, रॉयल रेस्टोरेंट, तड़का रेस्टोरेंट, आरएन रेस्टोरेंट आदि में अग्निशमन व्यवस्थाओं की जांच गई है।

# स्पाई कैमरे से वीडियो बनाने का आरोप लगा कर हंगामा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** शहर के एक रेस्टोरेंट में बने केबिन में स्पाई कैमरे लगाकर युवक-युवतियों की आपत्तिजनक वीडियो बनाने का आरोप लगाकर कुछ लोगों ने हंगामा किया। होटल पर हंगामा की सूचना पर सिविल लाइन चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और मामला शांत कराया।

प्राप्त समाचार के अनुसार शहर के एक रेस्टोरेंट में किराये पर केबिन देकर युवक-युवतियों को ठहराया जाता था। केबिन में पहले से ही गुप्त रूप से स्पाई कैमरे लगाए गए थे। जिनके माध्यम से उनकी गतिविधियों की रिकॉर्डिंग की जाती थी। बाद में इन्हीं वीडियो के जरिए होटल पर



### पुलिस ने किया मामला शांत

कार्यरत कर्मचारियों द्वारा पीड़ितों को ब्लैकमेल किया जाता था। आज इस पूरे मामले की जानकारी होने पर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और विरोध शुरू हुआ। जिसको लेकर काफी देर तक हंगामा चलता रहा। सूचना मिलने पर डायल-112 व सिविल लाइन चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और मामला शांत कराया। कुछ लोगों का आरोप है कि मामले को दबाने और रफा-दफा करने का प्रयास किया जा रहा है।

सीओ सिटी, संग्राम सिंह ने बताया कि डीवीआर कब्जे में ले लिया गया है। जांच की जा रही है। मामला सही पाए जाने पर मुकदमा दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# शब-ए-बरात मनाई, इबादत कर गुनाहों की माफी मांगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** रहमत, मगफिरत और बरकतों की रात शब-ए-बरात पूरे अकीदत और एहतराम के साथ मनाई गई। नगर व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने इस मुकद्दस रात को इबादत और दुआओं के साथ गुजारा। मस्जिदों, इमामबाड़ों और घरों में नमाज, कुरान ख्वानी, तस्बीह और दुआओं का सिलसिला देर रात तक चलता रहा। लोगों ने अल्लाह से अपने गुनाहों की माफी, परिवार की सलामती, समाज में भाईचारा और देश में अमन-चैन की दुआ मांगी।

इस मौके पर लोगों ने अपने पुरखों की कब्रों पर पहुंचकर फातिहा पढ़ीं और उनके लिए दुआएं कीं। कब्रिस्तानों में खास रौनक देखने को मिली। कई जगहों पर कब्रिस्तानों में रोशनी, साफ-सफाई और सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए। जिससे कि लोगों को किसी तरह की परेशानी न हो। कई जगह घरों में हलवे और मिठाइयां बनाकर एक-दूसरे के घरों पर पहुंचाए और गरीबों में तकसीम किए। पूरी रात इबादत करके सहरी की गई और दिन का रोजा रखा गया। मस्जिदों और दरगाहों को रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया गया। रात भर नमाज, कुरआन की तिलावत और दुआओं का सिलसिला चलता रहा। धार्मिक स्थलों पर मुसलमानों की आवाजाही को देखते हुए स्थानीय प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद नजर आया।

संवेदनशील इलाकों में पुलिस बल की अतिरिक्त तैनाती की गई। जगह-जगह पुलिस गश्त करती रही। वहीं कुछ क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरों से भी निगरानी की गई। प्रशासन की ओर से अपील की गई कि लोग शांति और सौहार्द के साथ शब-ए-बारात मनाएं और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें।

### मस्जिदों में हुई मुल्क में अमन-चैन की दुआएं

शब-ए-बरात के मौके पर मुस्लिम समाज के जिम्मेदार लोगों ने विशेष इबादत कर नगीने के लिए अमन, शांति और तरक्की की दुआ की। इस मौके पर आरिफ मालिक ने कहा कि यह पाक रात आपसी भाईचारे, मौहब्बत और इंसानियत का पैगाम देती है। मुफ्ती उवैस अकरम ने दुआ करते हुए कहा कि नगीना में हिंदू-मुस्लिम सद्भाव हमेशा कायम रहे। मकसूद उस्मानी ने कहा कि यहां किसी तरह की नफरत या तनाव न पनपे और क्षेत्र लगातार विकास की राह पर आगे बढ़ता रहे।

शाहिद अली गौहर ने कहा कि शब-ए-बरात हमें आपसी मौहब्बत और भाईचारे की सीख देती है। शेख शाहनवाज खलील ने कहा कि मेरी दुआ है कि नगीना में हमेशा अमन-चैन रहे और सभी धर्मों के लोग मिल-जुलकर तरक्की करें। उनकी इस अपील को स्थानीय लोगों ने सराहा। नगीना को लंबे समय से गंगा-जमुनी तहजीब और आपसी सौहार्द का प्रतीक माना जाता है। जहां होली, ईद, शब-ए-बारात जैसे त्यौहार आपसी भाईचारे के साथ मनाए जाते हैं। गौरतलब है कि शब-ए-बरात इस्लामिक कैलेंडर के अनुसार शाबान माह की 15वीं रात को मनाई जाती है। इसे 'मगफिरत की रात' भी कहा जाता है। मान्यता है कि इस रात अल्लाह तआला बंदों के आमाल का फैसला फरमाते हैं और सच्चे दिल से मांगी गई दुआएं कबूल होती हैं। नगीना के कई इलाकों में सामूहिक इबादत और दुआ सभाओं का आयोजन किया गया, जिसमें बुजुर्गों के साथ-साथ युवा और बच्चे भी शामिल हुए।

धार्मिक और सामाजिक लोगों ने इस मौके को आपसी सौहार्द और इंसानियत का संदेश फैलाने का जरिया बताया। शब-ए-बरात की यह पाक रात नगीना में शांति, एकता और भाईचारे का पैगाम देकर संपन्न हुई।

# शब-ए-बरात पर अजीमुश्शान दीनी व इस्लाही इजलास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** शब-ए-बरात की मुबारक और रहमतों से भरपूर रात के मौके पर अबू बकर मस्जिद में बाद नमाज-ए-इशा के बाद एक अजीमुश्शान दीनी व इस्लाही इजलास का इनइकाद किया गया।

इस रूहानी महफिल में पूरे मुल्क में अमन-ओ-अमान, भाईचारे और इंसानियत की सलामती के लिए खुसूसी दुआएं की गईं। इजलास में दारुल उलूम देवबंद से तशरीफ लाए मेहमान ए खुसूसी हजरत मौलाना अब्दुल मलिक ने दिलों को छू लेने वाला और असरदार खिताब में शब-ए-बारात की फजीलत बयान करते हुए कहा कि यह रात रहमत, मगफिरत और अपने आमाल की इस्लाह की अजीम रात है। इस मुकद्दस रात में अल्लाह ताआला के हुजूर में सच्चे दिल से तौबा कर के अपनी जिंदगी को दीन की रौशनी में ढालना ही असल कामयाबी है। मौलाना अब्दुल मलिक ने मआशरती मसाइल पर भी खास तवज्जोह दिलाते



हुए सड़कों पर बढ़ते हादसों और लापरवाह ड्राइविंग पर अफसोस जाहिर करते हुए खासकर नौजवानों से बाइकों पर स्टंड बाजी न करने की हिदायत की। उन्होंने फरमाया कि जरा-सी लापरवाही कीमती जान जाया होने का सबब बन जाती है। उन्होंने अवाम से अपील की कि ट्रैफिक कवानीन का सख्ती से पालन करें, सब्र और जिम्मेदारी का मुजाहिरा करें और सड़क पर दूसरों के हक का पूरा खयाल रखें। अपने बयान में मौलाना ने बड़ों की इज्जत और उनके अदब को समाज की मजबूत बुनियाद करार दिया। उन्होंने कहा कि बड़ों का एहतराम, उनकी नसीहतों पर अमल और छोटों पर शफकत ही एक सलीकेदार और पुरअमन समाज की पहचान है, जबकि बेअदबी और बदअखलाकी समाज को कमजोर कर देती है। जिसपर अल्लाह भी नाराज होता है। उन्होंने नौजवानों को मोबाइल से दूरी बनाकर तालीम पर तवज्जो देने की भी हिदायत दी। हजरत मौलाना अब्दुल मलिक ने फजूलखर्ची, शोर-शराबा और बेवजह की रस्मों से बचने की सख्त नसीहत करते हुए कहा कि शब-ए-बरात जैसी मुकद्दस रातों को आतिशबाजी और फिजूल कामों में जाया करने के बजाय इबादत, तिलावत, जिक्र और दुआ में गुजारना चाहिए। इजलास के आखिर में मौलाना अब्दुल मलिक ने मुल्क-ओ-दुनिया में अमन-ओ-सुकून, आपसी मोहब्बत, भाईचारे और इंसानियत की सरफराजी के लिए सामूहिक दुआ कराई।

इस दीनी इजलास में बड़ी तादाद में नमाजियों की शिरकत रही। जिससे मस्जिद का माहौल पूरी तरह रूहानियत और सुकून से भर गया।

# पुरानी पेंशन बहाली तक संगठित होकर करेंगे संघर्ष: चंद्रहास सिंह

## नवनिर्वाचित ब्लॉक अध्यक्ष, महामंत्री व कोषाध्यक्ष का स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** अटेवा पेंशन बचाओ मंच उत्तर प्रदेश जनपद शाखा बिजनौर के ब्लॉक जलीलपुर की ब्लॉक अध्यक्ष योगेंद्र पाल की अध्यक्षता एवं विशिष्ट बीटीसी वेलफेयर संगठन के जिला मीडिया प्रभारी दिनेश राय के संचालन में बैठक आयोजित हुई।

बैठक में अटेवा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने टीईटी अनिवार्यता एनपीएस-यूपीएस व निजीकरण के विरोध में 15 फरवरी को होने वाले पेंशन क्रांति महा सम्मेलन में सभी शिक्षकों एवं कर्मचारी को पहुंचाने का आह्वान किया। महासम्मेलन के मुख्यातिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु रहेंगे। डिप्लोमा फार्मासिस्ट संगठन के जिला अध्यक्ष



राजेश कुमार रवि ने कहा कि यह वक्त संगठित होकर संघर्ष करने का है। संगठित होकर संघर्ष करेंगे तो निश्चित सुखद परिणाम मिलेंगे। बैठक में गठित कार्यकारिणी ब्लॉक अध्यक्ष योगेंद्र पाल, महामंत्री शाहनवाज, कोषाध्यक्ष अशोक कुमार का फूल माला से स्वागत किया।

इस अवसर पर नाहर सिंह, मनोज कुमार, धीरेंद्र कुमार, जौनी राणा, अमित कुमार, रविंद्र कुमार, अंकित कटोरिया, काजल देवी, अं. कता किठौरिया, कविता रानी, लक्ष्मी रानी, विमलेश देवी, मनीषा, रुचि रस्तोगी, राखी, शेफाली रस्तोगी, वीरेंद्र कुमार, काजल देवी, अमित अटोरिया, संजय कुमार, सतीश कुमार, सुबोध कुमार, अनिल कुमार, रविंद्र निवाती, रविकांत सागर आदि ने संबोधित किया।

# मुठभेड़ में एक बदमाश घायल, दो गिरफ्तार

## वाहन चेकिंग के दौरान की फायरिंग, लूट की वारदात में थे शामिल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कोतवाली क्षेत्र में देर रात पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। जलालपुर के पास वाहन चेकिंग के दौरान बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग की, जिसके जवाब में पुलिस की गोली लगने से एक बदमाश घायल हो गया। पुलिस ने मौके से दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार जलालपुर रोड पर संदिग्ध वाहनों की सघन चेकिंग चल रही थी। इसी दौरान एक बाइक पर सवार दो व्यक्तियों को रोकने का इशारा किया गया। बदमाशों ने रुकने के बजाय पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग शुरू कर दी। आत्मरक्षा में पुलिस द्वारा की गई जवाबी फायरिंग में एक अभियुक्त के दाहिने पैर में गोली लगी। उसे घायल अवस्था में मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। उसका दूसरा साथी भागने की कोशिश कर रहा था, जिसे घेरा. बंदी कर पकड़ लिया। घायल बदमाश को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

गिरफ्तार किए गए बदमाशों की पहचान आकाश पुत्र जगदीश निवासी राघवपुरम, चक्कर चौराहा, थाना कोतवाली शहर, बिजनौर और मंथन पुत्र देवानंद निवासी गांधी मार्केट, शुगर मिल के सामने के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त बाइक, एक मोबाइल फोन, एक तमंचा (315 बोर) और एक जिंदा कारतूस (315 बोर) बरामद किया है। सीओ सिटी संग्राम सिंह ने बताया कि बरामद की गई बाइक और मोबाइल फोन 23 जनवरी और 30 जनवरी को हुई लूट की घटनाओं से संबंधित हैं। इन वारदातों को इन्हीं बदमाशों ने अंजाम दिया था। पुलिस मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।

### सड़क हादसे में घायल युवती की भी मौत

**नगीना।** बीते सोमवार को बुंदकी रोड पर हुई सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल युवती सोनी की इलाज के दौरान मौत हो गई है। इस हादसे में उसके भाई रोहित की मौके पर ही मौत हो गई थी। हरिद्वार जा रहे भाई-बहन की बाइक की सामने से आ रहे डंपर से आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई थी। दुर्घटना में रोहित की मौके पर मौत हो गई थी जबकि सोनी गंभीर रूप से घायल हो गई थी, जिसे हायर सेंटर रैफर किया गया था। जहां उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। मृतका के शव का पोस्टमार्टम जिला अस्पताल बिजनौर में कराया गया। पुलिस द्वारा डंपर को जब्त कर लिया गया है।

# पशुपालकों के लिए खुलेंगे पशु औषधि केन्द्र

**बिजनौर।** मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर लोकेश कुमार अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक विकास खण्ड में एक पशु औषधि केन्द्र खोला जायेगा।

आवेदनकर्ता आवेदन के साथ फार्मासिस्ट का नाम एवं उसका पंजीकरण विवरण, दुकान के लिए 120 वर्ग फुट का स्थान का प्रमाण पत्र तथा ड्रग सेल लाइसेन्स का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेगा। प्रधानमंत्री कृषक समृद्धि केन्द्र एवं सहकारी समितियों के योग्य लाभार्थियों को इस योजना में प्राथमिकता प्रदान की जायेगी। यह केन्द्र भारत सरकार की पशुधन स्वास्थ्य एवं बीमारी नियन्त्रण कार्यक्रम (एल.एच.डी.सी.पी.) अन्तर्गत संचालित होगा। पशु औषधि केन्द्र खोलने के इच्छुक आवेदकों को रुपए 5000 का शुल्क अदा करना होगा तथा आवेदन की प्रक्रिया http://pashuaushadhi.dahd.gov.in पर जाकर ऑनलाइन करनी होगी।

# किशोरी छत से गिरकर घायल

**नगीना।** थाना क्षेत्र की वाल्मीकि बस्ती में बंदरों के हमले से बचने के प्रयास में एक बच्ची छत से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद परिजनों और ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। बच्ची को तत्काल एक निजी चिकित्सक के पास ले जाया गया जहां उसका उपचार किया जा रहा है। स्व. विजय कुमार की बेटी साक्षी अपने घर की छत पर किसी घरेलू काम के लिए गई थी। इसी दौरान अचानक बंदरों का एक झुंड छत पर आ गया। बंदरों ने बच्ची को घेर लिया और उस पर हमला कर दिया। हमले से घबराई साक्षी ने खुद को बचाने की कोशिश की, लेकिन पीछे हटते समय उसका संतुलन बिगड़ गया और वह छत से नीचे गिर पड़ी। छत से गिरने के कारण बच्ची को गंभीर चोटें आईं। परिजन बिना समय गंवाए घायल बच्ची को एक निजी चिकित्सक के पास ले गए, जिसकी देखरेख में उसका इलाज चल रहा है। इस घटना के बाद से लोगों में भारी रोष है। लोगों का कहना है कि वाल्मीकि बस्ती समेत आसपास के इलाकों में बंदरों की संख्या लगातार बढ़ रही है। आए दिन बंदरों के हमले, लोगों का पीछा करना और घरों में घुसकर उत्पात मचाने की घटनाएं सामने आ रही हैं।

# चर्चित कुत्ता वापस लाया गया गांव

**नागीन।** थाना क्षेत्र के ग्राम नंदपुर में हनुमान जी की मूर्ति की परिक्रमा कर चर्चा में आए कुत्ते को दिल्ली के एक निजी पशु चिकित्सालय में उपचार के बाद वापस गांव नंदपुर लाया गया है। उपचार के बाद उसकी सेहत में सुधार हुआ है। बुधवार की शाम उसकी देखभाल कर रही संस्था के लोग उसे लेकर जब गांव के मंदिर में पहुंचे, तो उसके दर्शन के लिए जनसैलाब उमड़ पड़ा। ग्रामीणों ने उसे भैरव नाम दिया है। बताया जा रहा है कि उसे मंदिर के आसपास ही छोड़ा जाएगा।

# शिव मंदिर में विराट हिन्दू सम्मेलन

## अनुशासन व संगठन से मजबूत होगा हिंदू समाज : साध्वी डॉ. प्राची दीदी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** महावीर बस्ती स्थित शिव मंदिर परिसर में विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। यह सम्मेलन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की विचारधारा से प्रेरित बताया गया। सम्मेलन में बड़ी संख्या में नगरवासी, महिलाएं व युवा शामिल हुए।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि साध्वी डॉ. प्राची दीदी रहीं। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि हिंदू समाज का जीवन अनुशासन, संगठन और राष्ट्रभाव से युक्त होना चाहिए। उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत जीवन में अनुशासन ही सशक्त समाज और सुदृढ़ राष्ट्र की नींव है। साध्वी प्राची ने हिंदू समाज से एकजुट होकर



सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार पूरे देश में सकारात्मक वातावरण बनाकर भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुई, उसी प्रकार ब्रजभूमि में भगवान श्रीकृष्ण की जन्मभूमि के विषय में भी समाज को संगठित होकर जागरूक भूमिका निभानी होगी। उन्होंने युवाओं से राष्ट्रहित में सदैव तत्पर रहने और सामाजिक एकता बनाए रखने की अपील की। सम्मेलन के दौरान बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई, जिसे उपस्थित लोगों ने सराहा। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने सहभागिता कर संगठनात्मक एकता का परिचय दिया। कार्यक्रम में सकुज बाला, दिनेश चंद्र नवीन, अरविंद कुमार, अनिल ग्रोवर, दीपक कुमार जैन, अरुण भटनागर, शुभम जैन, अंकिता, प्रखर कुमार, पीयूष शर्मा, कुलभूषण शर्मा, नवनीत, सुनील गुप्ता, रेखा भटनागर, प्राशी आर्य, अंकुश, कृतिका, अमित चौहान, पवन चौहान, ऋषभ, तरुण कुमार, सुनीता देवी, रेखा देवी, पूनम सैनी, सुमित महेश्वरी, सरदार महेंद्र सिंह सलूजा, मोहित कुमार, हरपाल सिंह, रोहित शर्मा, पूजा रानी, दिनेश कुमार सहित अनेक लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मीनू सिसोदिया ने की, जबकि संचालन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला स्तंभ लेखन प्रमुख विभोर अग्रवाल ने किया। आयोजकों ने कार्यक्रम को समाज में एकता और राष्ट्रभाव को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया।

**कार्यालय अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद नजीबाबाद**

अधिसूचना अन्तर्गत धारा -147 (2) यू.पी.म्यू एक्ट 1916

समस्त प्रभावितों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है **श्री उस्मान अली पुत्र श्री अब्दुल हमीद मौहल्ला रम्पुरा ( अमान नगर )** तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर ने नगर पालिका परिषद के कर सम्बंधी अभिलेखों/अनुसूची में अंकित सम्पत्ति में **श्री मोहसिन अहमद पुत्र श्री अतीक अहमद व श्रीमती नजमा पत्नी श्री मौ. आसिफ** नजीबाबाद, जिला बिजनौर के नाम के बजाये अपना नाम अंकित किये जाने हेतु रजिस्टर्ड दान पत्र व शपथ-पत्र सहित आवेदन-पत्र दिया है।

अत: प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस व्यक्ति को उक्त नाम परिवर्तन करने में आपत्ति हो तो वह पालिका कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन की तिथि से तीस दिवस के भीतर साक्ष्य सहित प्रमाण प्रस्तुत कर दें। अपूर्ण एवं कालातीत पर विचार नहीं किया जायेगा।

विवरण सम्पत्ति सं.: 616/25 रम्पुरा (अमान नगर) नगर व तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर।

**अधिशासी अधिकारी**

**कार्यालय अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद नजीबाबाद**

अधिसूचना अन्तर्गत धारा -147 (2) यू.पी.म्यू एक्ट 1916

समस्त प्रभावितों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है **श्री सौरभ अरोरा पुत्र श्री अरविन्द अरोरा मौहल्ला बाजार चौक** तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर ने नगर पालिका परिषद के कर सम्बंधी अभिलेखों/अनुसूची में अंकित सम्पत्ति में **श्रीमती निर्मला अरोरा उर्फ नीरू अरोरा पत्नी श्री अरविन्द अरोरा** नजीबाबाद, जिला बिजनौर के नाम के बजाये अपना नाम अंकित किये जाने हेतु रजिस्टर्ड दान पत्र व शपथ-पत्र सहित आवेदन-पत्र दिया है।

अत: प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस व्यक्ति को उक्त नाम परिवर्तन करने में आपत्ति हो तो वह पालिका कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन की तिथि से तीस दिवस के भीतर साक्ष्य सहित प्रमाण प्रस्तुत कर दें। अपूर्ण एवं कालातीत पर विचार नहीं किया जायेगा।

विवरण सम्पत्ति सं.: 330 बाजार चौक, नगर व तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर।

**अधिशासी अधिकारी**

**नीलामी सूचना**

ग्राम पंचायत गुनियापुर, ब्लॉक किरतपुर, जनपद बिजनौर में दिनांक 10/01/2026 को पुराने जर्जर लोहे के सामान जैसे जर्जर कृषि यंत्र, लोह की नाल, लोहे के चैनल आदि सामान की नीलामी की जाएगी। इच्छुक व्यक्ति नीलामी में भाग ले सकते हैं।

**रविंद्र सिंह सहरावत** ग्राम प्रधान

**अर्जेन्द्र सिंह** ग्राम पंचायत सचिव

**सूचना**

यह कि मेरे पासपोर्ट संख्या L5626732 मेरे पिता का नाम AKBAR AHMAD मां का नाम AFROZ JAHAN दर्ज है। परंतु मेरे शैक्षिक दस्तावेज में सही नाम MOHD AKBAR व AFROZ दर्ज है। भविष्य में दोनों को इसी नाम से जाना-पहचाना व पुकारा जाये।

AYAAN AKBAR S/O MOHD AKBAR, M/O AFROZ MOHALLA CHIRANJI LAL P.O. AFJALGARH, TEH. DHAMPUR, BIJNOR PIN 246722

# चांदपुर में अतिक्रमण हटाओ अभियान

## दुकानदारों में मचा हड़कंप, नोटिस और चेतावनी देकर काटे चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** नगर में दीमक की तरह अपने पैर पसार रहे अवैध रूप से अतिक्रमण को हटाने के लिए नगर पालिका अधिशासी अधिकारी ने टीम के साथ आज अतिक्रमण हटाओ अभियान का श्री गणेश किया।

अधिशासी अधिकारी कुणाल रस्तोगी ने पालिका टीम के साथ सर्वप्रथम नेहरू मूर्ति से लेकर सिलार पुल और सिलार पुल से लेकर रेलवे फाटक तक जबरदस्त तरीके से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। पीला पंजा सड़क पर दौड़ता दिखाई देने से अतिक्रमणकारियों के दिलों की धडकने बढ़ने लगी। इस दौरान एक पालिका कर्मचारी भी नाले का फट्टा टूटने से उसमें गिरकर मामूली रूप से चोटिल हो गया। पालिका परिषद द्वारा चलाए गए अतिक्रमण हटाओ अभियान के अंतर्गत सिलार रोड पर समस्त दुकानदारों द्वारा तुरंत अपना सामान समेटना शुरू कर दिया गया। अधिशासी अधिकारी ने कहा





कि किसी को भी अतिक्रमण करने नहीं दिया जाएगा। बार-बार कहने और सुनने के बाद भी यदि कोई नहीं मानता तो उसके खिलाफ बड़ा जुर्माना वसूला जाने की कार्रवाई की जाएगी और सड़कों पर दुकानदारी नहीं करने दी जाएगी। उन्होंने समस्त दुकानदारों को भी आदेशित करते हुए कहा कि वह किसी भी प्रकार का अपनी दुकानों का सामान अतिक्रमण के रूप में सड़कों पर या पैदल पटरी पर न रखें।

आज अभियान में उन्होंने परचून, फल, ठेला आदि दुकानों के आगे अतिक्रमण को हटवाया, जिसमें कुछ दुकानदारों को नोटिस और चेतावनी दी। साथ ही कई दुकानदारों के चालान भी काटे। इस दौरान कई जगह अतिक्रमण कार्यों के साथ नोक-झोंक भी हुई।

अतिक्रमण हटाओ अभियान से नागरिकों ने राहत की सांस ली है । नागरिकों का कहना है कि कुछ दुक. ानदार वास्तव में अपने दुकानों के सामानों को सड़कों पर जमा देते हैं, जिससे सड़के संकरी हो जाती हैं और अतिक्रमण को बढ़ावा मिलता है और यही एक की देख में सभी दुकानदार अपना सामान सड़कों पर लगा लेते हैं। फल ठेले वालों को भी सख्त फटकार लगाते हुए कहा कि यदि सड़कों पर फल ठेला लगाया गया तो उनके खिलाफ तुरंत कार्रवाई की जाएगी। नगर पालिका परिषद की ओर से चलाए गए अभियान में अधिशासी अधिकारी कुणाल रस्तोगी, पालिकाकर्मी एवं समस्त संबंधित स्टाफ मौजूद रहा। सात दिन बाद इसी मार्ग पर अतिक्रमण हटाओ अभियान पुनः चलाया जाएगा।

# अल्लाह व उनके नबी की सुन्नतों पर अमल कर जिंदगी गुजारने की ताकीद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** शब-ए-बरात का त्यौहार बड़े ही अकीदत व खुशनुमा माहौल मे मनाया गया। अकीदतमंदों ने जहां इशा की नमाज अदा कर अपने बुजुर्गों के लिए दुआ की। वहीं उलेमाओं ने मुसलमानों से बुराई से बचकर अल्लाह व उनके नबी की सुन्नतों पर अमल कर जिंदगी गुजारने की ताकीद की।

मौहल्ला महल सराय स्थित मस्जिद हमजा में बयान करते हुए मुफ्ती मौहम्मद ईश्तियाक ने कहा कि शबे बरात रमजानुल मुबारक से पहले का प्रेक्टिकल है। इस दिन रोजा रखना सुन्नत है। जबकि माहे रमजान के सभी रोजे फर्ज और जरूरी हैं। दिग्गी वाली मस्जिद में मुफ्ती मौहम्मद दानिश ने मुसलमानों से इन त्योहारों को ज्यादा से ज्यादा इबादत किये जाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बुराईयों से बचकर सबके लिए दुआ करे, इधर उधर घूम कर वक्त खराब ना किये जाने पर भी जोर दिया। मस्जिद अल्लाह बख्श में मुफ्ती सुहेल अहमद ने युवाओं को इस्लाम की सही जानकारी देते हुए हदीस और कुरान करीम को समझकर पढ़ने का आह्वान किया।

इस मौके पर कारी राशिद हमीदी, तसलीम अहमद, फुरकान अहमद, अफजल अहमद, इनामूल हक, जावेद अख्तर, मौहम्मद काशिफ, मौहम्मद आमिर आदि शामिल रहे। आखिर में मुसलमानों ने देश की तरक्की ओर अमन के लिए अल्लाह ताला की बरगाह में हाथ उठाकर दुआ मांगी।

## अल्लाह से गुनाहों की माफी मांगी

**कासमपुर गढ़ी।** कासमपुर गढ़ी व आसपास के क्षेत्र में शब-ए-बरात का पर्व मनाया गया। मुस्लिम समाज के लोगों ने देर रात तक मस्जिदों व अपने-अपने घरों में इबादत की और कब्रिस्तान पहुंचकर इस दुनिया से रुखसत हो चुके अपने परिजनों के लिए दुआएं की। देर रात तक लोग घरों से मस्जिद और मस्जिद से कब्रिस्तान आते जाते नजर आए। इबादत के दौरान लोगों ने अल्लाह से गुनाहों की माफी, नेक जिंदगी, नेक कमाई और अमान ओ अमान जैसी तमाम दुआएं मांगी। आज तमाम मुसलमानों ने रोजा रखकर अल्लाह को याद किया।

# अज्ञात वाहन से टकरा कर गुलदार की मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग पर बीती रात्रि ग्राम भज्जावाला में अज्ञात वाहन की चपेट में आकर एक मादा गुलदार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

उक्त मार्ग से गुजर रही उत्तराखंड पुलिस ने वाहन रोककर यातायात बाधित न हो इसलिए मादा गुलदार के शव को सड़क किनारे सुरक्षित स्थान पर रखवाया। स्थानीय लोगों की सूचना पर वन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची और गुलदार के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बुधवार को

### वन विभाग की टीम ने पीएम को भेजा

अमानगढ़ रेंज में उसका चिकित्सकीय परीक्षण कराया गया। वन विभाग के अनुसार क्षेत्र में गन्ने की फसल कम होने के कारण गुलदार अब दूसरे स्थानों की ओर भटक रहे हैं, जिससे ऐसे हादसों की आशंका बढ़ गई है।

उल्लेखनीय है कि एक दिन पूर्व भी थाना क्षेत्र के ग्राम दुलीचंदपुर के गन्ने के खेत में एक गुलदार मृत अवस्था में मिला था।

# डीएम ने कार्यशाला में दिए निर्देश

## कीटनाशक एवं उर्वरक विक्रेता फार्मर रजिस्ट्री में किसानों को प्रेरित करें

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में कीटनाशक एवं उर्वरक विक्रेताओं की ट्रेनिंग कराये जाने एवं धरती माता बचाओ अभियान के अन्तर्गत रसायनिक उर्वरकों के कम प्रयोग के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया।

जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने सभी कीटनाशक एवं उर्वरक विक्रेताओं को निर्देशित किया कि फार्मर रजिस्ट्री कार्य में अपनी भागीदारी निभाएं और जो कृषक बंधु कीटनाशक अथवा उर्वरक लेने दुकान पर आए उनका रजिस्ट्री फार्मर रजिस्ट्री संख्या मालूम करें, यदि उन्होंने अपना रजिस्ट्रेशन कर रखा है तो उसका नंबर बिल में जरूर अंकित करें और यदि किसी कृषक बंधु द्वारा अभी तक फॉर्मर रजिस्ट्री कार्य नहीं कराया गया है, फार्मर रजिस्ट्री के लाभ बताते हुए उन्हें यथाशीघ्र फार्मर रजिस्ट्री कराने के लिए प्रेरित करना सुनिश्चित करें, ताकि वे सरकार द्वारा



किसानों के हितार्थ संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों का लाभ अर्जित कर सकें।

इसी के साथ उन्होंने कृषि अधिकारी को निर्देशित किया कि उक्त का मेकैनिज्म विकसित करें, जिससे प्रतिदिन उर्वरक एवं कीटनाशक विक्रेताओं द्वारा फार्मर रजिस्ट्री के लिए किए गए कार्य की प्रगति का आंकलन किया जा सके। उन्होंने सभी विक्रेताओं को यह भी निर्देश दिए की अपनी दुकान पर अच्छी ब्रांड के उर्वरक एवं कीटनाशक दवाओं को ही रखें और किसी भी अवस्था में नकली खाद अथवा कीटनाशक दवा ना विक्रय करें। उन्होंने सचेत करते हुए कहा कि यदि नकली खाद अथवा उर्वरक बेचे जाने की कोई शिकायत प्रमाणित होती है तो संबंधित विक्रेता का लाइसेंस निरस्त करके उनके विरुद्ध विधि पूर्वक कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

प्रशिक्षण के दौरान कृषि निद. ेशक घनश्याम सिंह ने कहा कि कृषि के क्षेत्र में तकनीक का प्रयोग करें, क्योंकि तकनीक का बेहतर प्रयोग मानव जीवन के लिए नितांत आवश्यक हो गया है और इसके लिए जरूरी है कि सभी तकनीक का आवश्यक प्रशिक्षण प्राप्त करें और उसे व्यावहारिक रूप से अंगीकार करें ताकि किसान बंधु अपनी उपज और आय में ज्यादा से ज्यादा वृद्धि कर सकें। उन्होंने यह भी कहा कि भारत सरकार की धरती माता बचाओ अभियान को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें और संतुलित मात्रा में ही उर्वरक एवं कीटनाशक दवाओं का प्रयोग करें। उन्होंने एनपीएस ऐप के संबंध में किसान बंधुओं को जानकारी देते हुए बताया कि अपने मोबाइल में यह अपलोड करें। उन्होंने बताया कि यदि पौधे में कीड़ा लगने की शिकायत प्रतीत होती है तो उससे उसका फोटो खींचे। प्रशिक्षण कार्यशाला के दौरान जिला कृषि अधिकारी तथा विषय विशेषज्ञों द्वारा कीटनाशक एवं उर्वरक विक्रेताओं को नई तकनीकी एवं महत्वपूर्ण जानकारियां उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर उपनिदेशक कृषि घनश्याम सिंह, जिला कृषि अधिकारी सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी एवं कीटनाशक व उर्वरक विक्रेता मौजूद थे।

# फर्जी बैनामा करा कर जमीन कब्जाने का प्रयास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** क्षेत्र में फर्जी दस्तावेज तैयार कर जमीन पर कब्जा करने के प्रयास का गंभीर मामला सामने आया है। महिला की शिकायत पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़िता फरहाना पत्नी मौहम्मद असलम निवासी ग्राम रसूलपुर ने पुलिस से आरोप लगाते हुए बताया कि उसकी जमीन को लेकर पूर्व में मजबूरी के चलते एक एग्रीमेंट कराया गया था, जिसकी समयावधि समाप्त हो चुकी थी। एग्रीमेंट के दौरान किसी भी प्रकार का बैनामा नहीं कराया गया था और न ही जमीन के हस्तांतरण का कोई वैधानिक प्रावधान था।

आरोप है कि एग्रीमेंट की अवधि समाप्त होने के बाद भी धोखाधड़ी करते हुए नौशाद अली पुत्र मौ. हनीफ निवासी ग्राम मधुपुरा ने कथित रूप से फर्जी तरीके से अपने नाम बैनामा करा लिया। इसके बाद उक्त जमीन को अपने भाई गुलफाम पुत्र हनीफ के नाम दान

### चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

दिखाते हुए दस्तावेज तैयार कराए गए। महिला का यह भी आरोप है कि बैनामा व दानपत्र तैयार कराने के दौरान अब्दुल वहीद निवासी ग्राम मधुपुरा व जहीर आलम पुत्र छोटे को फर्जी गवाह बनाया गया जबकि एग्रीमेंट में दानपत्र करने का कोई नियम नहीं था। पीड़िता का कहना है कि उक्त चारों लोग अब उसकी जमीन पर अवैध कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं, जिससे वह मान. सिक रूप से परेशान है और उसने थाना स्योहारा में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई थी। मामले में थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि महिला की तहरीर के आधार पर नौशाद अली, गुलफाम, अब्दुल वहीद व जहीर आलम के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। प्रकरण की निष्पक्ष जांच की जा रही है तथा जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी

# शब-ए-बरात पर मदरसे में सालाना इजलास

## तालिम हासिल करने पर जोर, चार बच्चों की दस्तारबंदी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** शब-ए-बरात पर मदरसा रहमानिया इस्लामिया अरबिया में सालाना इजलास मे उलेमाओं ने इस्लाम पर रोशनी डालते हुए, लोगों से बच्चों को तालिम हासिल कराने पर जोर दिया। वही सालाना इजलास मे मदरसे के 4 बच्चों की दस्तारबंदी कर सनदें दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मौहल्ला मनिहारान स्थित मदरसा रहमानिया इस्लामिया अरबिया में सालाना इजलास का आयोजन किया गया। इस अवसर पर चार बच्चों की दस्तारबंदी कर उन्हें सनदें प्रदान की गईं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए हौसला अफजाई की गई। इजलास का आगाज मौलाना बलीगुर्रहमान द्वारा नात-ए-पाक से किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुफ्ती मेहफूजुर्रहमान थेपुरी ने अपने खिताब में कहा कि मदरसे




दीनी तालीम के साथ-साथ दुनियावी तालीम हासिल करने का भी अहम केंद्र हैं। उन्होंने तालीम को जिंदगी जीने का सलीका बताते हुए कहा कि शिक्षा इंसान को सही और गलत में फर्क करना सिखाती है। मुफ्ती मेहफूजुर्रहमान ने इस्लाम को मोहब्बत और इंसानियत का मजहब बताते हुए नबी-ए-करीम की जिंदगी पर रोशनी डाली और उनकी सुन्नत पर अमल करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आज मुसलमान गुमराही की तरफ बढ़ रहे हैं- नाम तो मुसलमान का है, लेकिन आमाल इस्लाम के मुताबिक नहीं हैं, जिस पर आत्ममंथन की जरूरत है। देर रात तक चले इस सालाना इजलास में बड़ी संख्या में नगरवासियों ने शिरकत की।

इस दौरान मौलाना इफ्तेखार उल हसन, मौलाना इफ्तेखार उल हसन सहसपुरी, कारी मौहम्मद इब्राहिम,



कारी हकीमुद्दीन, मौलाना महफूज, कारी शजीउर्रहमान, मौलाना बलीगुर्रहमान, मौलाना अताउर्रहमान, मौलाना शरीफ सहित अन्य उलेमा ने भी खिताब किया। कार्यक्रम की सदारत मौलाना इफ्तेखार उल हसन सहसपुरी ने की, जबकि निजामत की जिम्मेदारी मौलाना उबैदुर्रहमान कासमी ने निभाई। अंत में मुल्क में अमन-ओ-अमान और खुशहाली की दुआ के साथ इजलास का समापन किया गया।

# स्कूल की लापरवाही उजागर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर में स्थित ज्ञान दीप स्कूल में बच्चों की सुरक्षा को लेकर एक बेहद गंभीर और चौंकाने वाली लाप. रवाही का मामला सामने आया है जिसने अभिभावकों और स्थानीय लोगों को झकझोर कर रख दिया है।

सहसपुर से पढ़ने आने वाले अजान और फातिमा पुत्री वसी निवासी मौहल्ला अफगान सहसपुर को स्कूल बस चालक ने स्कूल गेट के बाहर ही उतार दिया और बिना यह देखे कि गेट खुला है या नहीं बस लेकर मौके से चला गया। हैरानी की बात यह रही कि उस समय स्कूल का मुख्य गेट पूरी तरह बंद था। अचानक खुद को अकेला और असुरक्षित पाकर दोनों मासूम बच्चे घबरा गए और डर के मारे रोते-बिलखते हुए पैदल ही सहसपुर की ओर चल पड़े। रास्ते में बच्चों को रोता देख राहगीरों ने उन्हें रोका और जब पूरी घटना की जानकारी मिली तो वे भी स्तब्ध रह गए। बाद में राहगीरों ने मानवीयता दिखाते हुए बच्चों को सुरक्षित स्थान तक पहुंचाने में मदद की। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह घटना केवल एक बस चालक की नहीं बल्कि स्कूल प्रशासन की घोर लापरवाही को भी उजागर करती है। सवाल यह उठता है कि यदि रास्ते में बच्चों के साथ कोई अनहोनी हो जाती तो उसकी जिम्मेदारी कौन लेता। सबसे चिंताजनक बात यह है कि स्कूल बस चालकों की लापरवाही के मामले आए दिन सामने आते रहते हैं। नगर व क्षेत्र के कई स्कूलों में आज भी अनफिट और जर्जर वाहन बच्चों को ढो रहे हैं, जो सीधे-सीधे उनकी जान के साथ खिलवाड़ है। इसके बावजूद कई स्कूल प्रबंधन



अपनी मनमानी के चलते इन वाहनों से मोटी रकम वसूलते हैं, लेकिन बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में पूरी तरह नाकाम साबित हो रहे हैं। साथ ही स्कूलों में चल रहे अनफिट वाहनों की तत्काल जांच कर उन्हें बंद कराया जाए। मामला सीधे-सीधे मासूम बच्चों की जान से जुड़ा है। ऐसे में प्रशासन की जिम्मेदारी बनती है कि वह इस पूरे प्रकरण की त्वरित जांच कर दोषियों के खिलाफ कठोर कदम उठाए ताकि भविष्य में किसी भी बच्चे की जान जोखिम में न पड़े। वहीं इस संबंध में ज्ञानदीप पब्लिक स्कूल के संचालक डॉ. जगदीश शर्मा का कहना है कि छोटे बच्चे हैं। भूल से भटक गए थे, लेकिन बस चालक पर भी सख्ती की गई है और बच्चों की सुरक्षा को लेकर सभी को सतर्क किया गया है ताकि भविष्य में कोई भी गलती और लापरवाही ना हो।

# भज्जावाला में वीएचएनडी कैंप



**अफजलगढ़।** विकासखंड अफजलगढ़ उप स्वास्थ्य केंद्र भज्जावाला पर को वीएचएनडी (विलेज हेल्थ एंड न्यूट्रीशन डे) कैंप का आयोजन किया गया। इस दौरान पात्र लाभार्थियों का टीकाकरण किया गया। यह साप्ताहिक कैंप शासन के निर्देश पर प्रत्येक पंचायत में आयोजित किया जा रहे हैं। इनका मुख्य उद्देश्य गर्भवती महिलाओं, शून्य से 5 वर्ष तक के बच्चों, और 10 से 16 वर्ष तक के किशोर - किशोरियों को स्वास्थ्य सेवाएं और टीकाकरण प्रदान करना है। एएनएम आबिदा खातून ने बताया कि वीएचएनडी कैंप का मुख्य उद्देश्य गर्भवती महिलाओं और शिशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें उचित परामर्श देना तथा टीकाकरण करना है। कैंप में गर्भवती महिलाओं का ब्लड प्रेशर, मधुमेह, हीमोग्लोबिन और पेट की जांच के साथ गर्भस्थ शिशु की भी जांच की जाती है। इसके अतिरिक्त शून्य से 5 वर्ष तक के बच्चों को बीसीजी, पेंटा, खसरा और डीपीटी बूस्टर डोज के टीके लगाए जाते हैं। वहीं 10 से 16 वर्ष तक के किशोर- किशोरियों को टीडी, डिप्थीरिया और टिटनेस का टीकाकरण किया जाता है। कैंप से एक दिन पहले बुलावा टीम द्वारा पात्र लाभार्थियों को घर-घर जाकर बुलावा पर्ची दी जाती है, जिसके आधार पर उनका टीकाकरण किया जाता है। इस कैंप में एएनएम आबिदा खातून, आशा कार्यकत्री अमलेश आदि मौजूद रहे।

# शब-ए-कद्र की मुबारक रात पर रूहानी माहौल

## मस्जिदों में नात-ए-रसूल, इबादत और दुआओं से गूंजा स्योहारा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** इस्लाम धर्म की सबसे बरकत और रहमत वाली रात शब-ए-कद्र नगर में पूरी अकीदत एहतराम और शांतिपूर्वक माहौल में मनाई गई। इस मुबारक रात को लेकर नगर की मस्जिदों में इबादत तिलावत-ए-कुरआन, नात-ए-रसूल और दुआओं का सिलसिला देर रात तक चलता रहा। हर तरफ दीनी और रूहानी फिजा देखने को मिली शबे कद्र के मौके पर बच्चों और युवाओं में दीन से जुड़ाव बढ़ाने के उद्देश्य से नगर की विभिन्न मस्जिदों में दीनी कार्यक्रम आयोजित किए गए। जहां नन्हे-मुन्ने बच्चों ने नात-ए-पाक कलमे और दीनी तकरीरें पेश कर लोगों का दिल जीत लिया। इन कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों में इस्लामी जज्बा और अखलाक को मजबूत करने का संदेश दिया गया।

मौहल्ला शेखान स्थित मस्जिद में भी शबे कद्र के अवसर पर विशेष दीनी जलसे का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बच्चों द्वारा पेश की गई नात-ए-शरीफ ने पूरे माहौल को और भी रूहानी बना दिया। इस दौरान बेहतर प्रस्तुति देने वाले बच्चों को उलमा-ए-किराम की ओर से सनद और इनाम देकर हौसला-अफजाई की गई। इस मौके पर उलमा-ए-किराम ने अपने खिताब में कहा कि शबे कद्र सिर्फ इबादत की रात ही नहीं, बल्कि अपने



गुनाहों से तौबा करने, अपने किरदार को बेहतर बनाने और समाज में अमन व भाईचारा कायम रखने की रात है। उन्होंने जोर देकर कहा कि बच्चों को दीनी तालीम के साथ-साथ दुनियावी तालीम देना भी बेहद जरूरी है, ताकि वे समाज के लिए एक बेहतर इंसान बन सकें। शबे कद्र की रात को लेकर नगरवासियों में खास उत्साह देखा गया। बड़ी संख्या में लोग अपने मरहूम अजीज-ओ अकारिब के लिए ईसाल-ए-सवाब पेश करने कब्रिस्तान पहुंचे, जहां उन्होंने फातिहा पढ़कर उनके मगफिरत और जन्नत में आला मुकाम के लिए दुआएं कीं। कब्रिस्तानों में भी पूरी शांति और एहतराम का माहौल बना रहा। नगर की सभी मस्जिदों में मुल्क की खुशहाली, तरक्की, अमन ओ अमान, आपसी भाईचारे और समाज में सौहार्द बनाए रखने के लिए सामूहिक दुआएं कराई गई। साथ ही यह संदेश दिया गया कि सभी मजहब के लोग मिल-जुलकर देश की तरक्की में अपना योगदान दें। कार्यक्रमों में मौलाना शुऐब अहमद, मौलाना मौहम्मद शादाब, कारी मौहम्मद मुदस्सिर, मुफ्ती फरमान, मौलाना रिजवान, मौलाना रईस, मस्जिद के सदर नईम अहमद, हाजी वजीहुद्दीन, रियाज उर्फ प्रिंस जमाल, कफील अहमद, जहीर अहमद, नफीस अहमद समेत बड़ी संख्या में अकीदतमंद मौजूद रहे।

# बल्दिया में खुलेआम अवैध खनन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** क्षेत्र के गांव बल्दिया में प्रशासनिक अनुमति की आड़ में अवैध खनन का खेल धड़ल्ले से जारी है। खनन माफिया खुलेआम नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए मिट्टी व अन्य खनिजों का खनन कर रहे हैं, जबकि जिम्मेदार विभाग आंख मूंदे बैठे हैं।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि प्रशासन की मिलीभगत के बिना इस स्तर पर खनन संभव नहीं है। खनन कार्य में लगे अधिकांश ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर न तो नंबर प्लेट लगी है और न ही ग्रीन नेट, जो कि परिवहन नियमों का खुला उल्लंघन है। बिना ग्रीन नेट के खनन सामग्री ढोने से उड़ती धूल राहगीरों और ग्रामीणों की आंखों में जा रही है, जिससे लोगों को सांस लेने में परेशानी हो रही है और आंखों से जुड़ी बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है। इतना ही नहीं, भारी वाहनों के लगातार आवागमन से नगर और ग्रामीण संपर्क मार्ग बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। कई स्थानों पर सड़कें गड्ढों में तब्दील हो गई हैं, जिससे आए दिन दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों का कहना है कि खनन माफिया ट्रैक्टर दौड़ा रहे हैं, लेकिन संबंधित विभागों की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही। स्थानीय लोगों ने कई बार अधिकारियों से शिकायत की, मगर अब तक सिर्फ आश्वासन ही मिले हैं। उधर इस मामले में उप जिलाधिकारी रितु रानी ने कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया।

# तम्बाकु-गुटखा व धूम्रपान से कैंसर का खतरा

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** गुटखा बीड़ी सिगरेट के सेवन से कैंसर का खतरा रहता है। विश्व कैंसर दिवस पर बबराला अस्पताल पर मरीजों को तम्बाकू सेवन से बचने की सलाह दी गयी। इनके सेवन से लोग अपनी उम्र छोटी कर रहे हैं। वैधानिक चेतावनी के बाद भी इनका सेवन नहीं रुक पा रहा है। तम्बाकू शहर या कस्बों तक ही नहीं बल्कि गांवों तक अपनी जड़ें फैल चुका है। सभी जगह लोग इसका सेवन करते नजर आते हैं। पुरुष, महिला युवा व वृद्ध सभी कही न कहीं तम्बाकू की लत के आदी होते जा रहे हैं। युवाओं द्वारा तम्बाकू का सेवन जमकर किया जा रहा है। सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान पर जुर्माना व सजा का प्रावधान है। तम्बाकू रूपी जहर न सिर्फ चेहरे की रंगत उड़ा रहा है। बल्कि पाचन तन्त्र भी बुरी तरह से प्रभावित करता है। नशीला गुटखा सभी स्थानों पर उपलब्ध रहता है। यही विभिन्न रूपों में गुटखा खेनी बीड़ी सिगरेट सिगार आदि के रूप में लोगों के शरीर में पहुंच रहा है और शरीर को नुकसान दे रहा है। युवाओं पर ध्यान न देने से वह इसकी गिरफ्त में समाते जा रहे हैं। तम्बाकू बीड़ी सिगरेट के पैकेटो पर फफेडे बिच्छू आदि विभिन्न प्रकार के चित्र व चेतावनी छपी रहती हैं लेकिन सेवनकर्ता इस पर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। इससे केंसर का खतरा रहता है। बबराला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के फार्मेसिस्ट लक्ष्मीकांत शर्मा ने बताया कि तम्बाकू हृदय के लिए बहुत घातक है। यह हृदय में रक्त पहुंचाने वाली धमनियों को संकुचित एंव प्रभावित करता है। इससे धमनियों में चिकनाई जमा हो जाती है। बीड़ी सिगरेट गाल व् गले का कैंसर पैदा करती है।इसका प्रभाव आँखों की रौशनी व फफेड़ों पर पड़ता है। इसका सेवन खतरनाक है। इस दौरान मानवेन्द्र शर्मा, विशेष कुमार, नन्दकिशोर, मंजू, रामबाबू आदि रहे।

**विश्व कैंसर दिवस पर किया जागरूक**

# बुद्ध की विचारधारा पढ़ने वाला कट्टर सनातनी: भैयादास

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हिंदू समागम समिति ने आयोजित किया सम्मेलन**

**सनातन धर्म को समझने की आवश्यकता पर दिया ज़ोर**

**जातपात भूलकर हिंदुओं से एकजुट होने का आह्वान**

**सम्भल।** हिंदू समागम समिति के तत्वाधान में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में सनातन धर्म को समझने की आवश्यकता पर ज़ोर दिया।

आर के पैलेस,संपन्न हुआ हिंदू सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर संत भैया दास महाराज, श्री बालाजी धाम आश्रम, ने कहा कि सनातन धर्म बहुत विस्तृत धर्म है उसको समझने की आवश्यकता है। उन्होने कहा कि हमें बुद्ध की विचारधारा को समझने की आवश्यकता है। उन्होने कहा कि जो भी व्यक्ति बुद्ध की विचारधारा को पढेगा और समझेगा वह निश्चित रूप से कट्टर सनातनी हो जाएगा, जबकि कुछ लोग बुद्ध की विचारधारा पर अपनी रोटियां सेंकने का काम कर उसको गलत तरीके से प्रस्तुत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारे देश के महत्व को समझने की आवश्यकता है। यह पवन देवभूमि है जाति पाती से ऊपर उठकर एकता के साथ रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म ही ऐसा धर्म है जो चींटी से लेकर हाथी तक के कल्याण की कामना करता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक सनातनी का कर्तव्य है कि वह अपने माता-पिता की सेवा करें सनातन धर्म पुनर्जन्म में विश्वास रखने वाला धर्म है इसलिए लोक परलोक की कामना के साथ जब आप अपने माता-पिता की सेवा करें बताने भी आपकी सेवा करेंगी उन्होंने कहा कि गाय हमारी आस्था का केंद्र है कि वह गांय की सेवा करें। गौ सेवा करने वाले लोगों के शरीर से असाध्य से असाध्य रोगों का भी उपचार स्वत: ही हो जाता है। उन्होंने सभी हिंदुओं का जात-पात भूल करके संगठित रहने का कार्य करने का आहवान किया। सम्मेलन में मुख्य वक्ता विश्व हिंदू परिषद के प्रांत संगठन मंत्री अरुण ने कहा कि सम्भल के हिंदू जुझारू है और हिंदुत्व की परिभाषा सम्भल के हिंदुओं से ही लोगों को सीखनी चाहिए। देश के हिंदुओं को सम्भल के हिंदुओं से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है,क्योंकि विषम परिस्थितियों में भी सम्भल का हिन्दू संघर्षशील है। उन्होंने कहा यदि कोई धर्म परिवर्तन की दृष्टि से सनातन धर्मियों को देखेगा तो सनातन धर्मी अजय है। हमारे आदर्श कालिया नाग का फन कुचलकर मर्दन करने वाले श्री कृष्ण हैं। श्री कृष्ण ने विषम परिस्थितियों में कुरुक्षेत्र के मैदान में अर्जुन को उपदेश देकर के अधर्म का मर्दन करने का कार्य किया।सम्मेलन की अध्यक्षता नीरज रस्तोगी संचालन संजय गुप्ता पोली ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कमल कौशल वार्ष्णेय गौरव प्रताप, नीरू चाहल भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष हरेंद्र सिंह रिंकू, मुकुल रस्तोगी, गोपाल शर्मा, मनोज गुप्ता राजुल गुप्ता, कशिश कौशल एडवोकेट, गगन वार्ष्णेय, निधि शर्मा विनय गुप्ता कुलदीप ऐरन प्रियांशु जैन, विष्णु शरण रस्तोगी अशोक गर्ग संध्या गर्ग शिल्पी गुप्ता सरिता गुप्ता मीनू रस्तोगी राजेश्वरी त्यागी बबीता भारद्वाज योगेंद्र त्यागी राहुल शर्मा मनीष रस्तोगी नगर प्रचारक गगन कुलदीप गुप्ता शोभित गुप्ता पंडित शोभित शास्त्री योगेंद्र त्यागी शशांक शर्मा संतोष गुप्ता अतुल गुप्ता रौनक, शिव शंकर अनुज शर्मा अक्षय शर्मा सरिता गुप्ता, आशु गुप्ता, अरविंद गुप्ता राजेश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# गवाहों के ब्यान रिकॉर्ड को पहला आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस टूल्स

शाह टाइम्स ब्यूरो



**प्रशासनिक न्यायमूर्ति आज अदालतों का करेंगे निरीक्षण, कम्प्यूटरीकृत कॉपिंग सेंटर का होगा उद्घाटन**

**सम्भल।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति व जिले के प्रशासनिक न्यायमूर्ति कल आज जनपद में रहकर न्यायालयें के लिए चिन्हित भूमि का निरीक्षण करने के साथ कम्प्यूटरीकृत सेंटर का उदघाटन करेंगे।

उच्च न्यायालय व जिले के प्रशासनिक न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह देशवाल का निरीक्षण कार्यक्रम मिल गया है। न्यायमूर्ति अपने भ्रमण के दौरान प्रस्तावित जिला न्यायालय भवन हेतु अधिग्रहीत भूमि का निरीक्षण, न्यायालयों का निरीक्षण तथा उपभोक्ता फोरम, सम्भल का निरीक्षण करेंगे। जबकि 06 फरवरी को माननीय प्रशासनिक न्यायमूर्ति जिला न्यायालय, सम्भल स्थित चन्दौसी में गवाहों के बयान रिकार्ड करने हेतु ट्रांसक्रिप्शन आधारित आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (ए आई) टूल्स का भी विधिवत उद्घाटन करेंगे। बता दें कि जनपद सम्भल उत्तर प्रदेश का प्रथम ऐंसा जनपद होगा, जहाँ न्यायिक कार्यवाही में इस आधुनिक तकनीक का प्रयोग प्रारंभ किया जा रहा है, जिससे न्यायिक प्रक्रिया अधिक सटीक, पारदर्शी एवं प्रभावी होगी। इस दौरान माननीय न्यायमूर्ति द्वारा कम्प्यूटरीकृत कॉपिंग सेंटर का भी उद्घाटन किया जाएगा, जिससे वादकारियों एवं अधिवक्ताओं को न्यायालय के अभिलेखों की प्रमाणित प्रतियाँ शीघ्र एवं सुगमता से उपलब्ध हो सकेंगी। इसके अलावा 07 फरवरी, को माननीय प्रशासनिक न्यायमूर्ति द्वारा बाहृय न्यायालय गुन्नौर का निरीक्षण करेंगे। न्यायमूर्ति का यह भ्रमण एवं तकनीकी उद्घाटन कार्यक्रम जिले की न्यायिक व्यवस्था को सुदृढ़ एवं आधुनिक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा।

# पेट्रोल पम्प के बंद ऑफिस में चल रहा था अस्पताल

शाह टाइम्स संवाददाता

**असमोली।** ग्राम बेला में अवस्थित वारसी हेल्थ केयर सेंटर का नगर मजिस्ट्रेट ने निरीक्षण किया। पुराने बंद पैट्रोल पम्प के कार्यालय में अवस्थिति मिला। जबकि निरीक्षण के समय कोई व्यक्ति उपस्थित नहीं मिला जल्दबाजी में गेट बाहर से बंद करके भाग गए।ऑफिस के पीछे एक बड़े हॉल में कई बेड लगे हुए पाए गए तथा एक केबिन में बच्चों का एनआईसीयू मिला। पैट्रोल पम्प के ऑफिस में अस्पताल का संचालन किया जा रहा था। बाद में डाक्टर अंसार वारसी उपस्थित आने पर योग्यता और अस्पताल के संबंध में अभिलेख मागे गए लेकिन कोई भी अभिलेख प्रस्तुत नहीं किया गया। नगर मजिस्ट्रेट ने तथाकथित डाक्टर अंसार वारसी की मौजदगी में परिसर में एक कमरा जिसमें इनका निजी सामान था, को छोड़कर जिन कमरों में अस्पताल संबंधी उपकरण मिले उन्हें सील कर दिया गया। साथ ही नोडल अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

# महिलाएं घर और बाहर दोनों की निभा रही जिम्मेदारी

**महिला आयोग की सदस्या ने की जनसुनवाई**

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सयदस्या अवनी सिंह जिले के भ्रमण पर रही। इस दौरान महिला आयोग की सदस्या की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया।

लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन में आयोजित बैठक में राज्य महिला आयोग की सदस्या अवनी सिंह ने महिला उत्पीड़न की रोकथाम,एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाए जाने तथा महिला उत्पीड़न की घटनाओं की समीक्षा की जबकि जनसुनवाई के दौरान महिला आयोग की सदस्या ने जमीनी विवाद, आवास, पेंशन आदि से संबंधित समस्याओं को सुना तथा संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उन्होने कहा कि आजकल महिलाएं घर एवं बाहर दोनों जगह जिम्मेदारी से अपनी भूमिका का निर्वाहन कर रही हैं। बाल विवाह न हो उस पर विशेष ध्यान रखा जाए। कम उम्र में शादी होने पर बच्चा एवं महिला के स्वास्थ्य पर गलत असर पड़ता है। उन्होंने कहा कि बालिकाओं की शिक्षा पर विशेष ध्यान देना चाहिए अगर लड़की शिक्षित होगी तो वह शादी के बाद अपने बच्चों को पढा सकती है तथा वह आत्मनिर्भर भी बन सकती है। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकत्री के कार्य की प्रशंसा करते हुए आगे भी सक्रियता के साथ कार्य करने की सम्भावनाएं व्यक्त की।कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्री की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। डीपीओ आईसीडीएस महेश कुमार ने आंगनबाड़ी केन्द्र पर होने वाले कार्यों तथा योजनाओं के विषय में जानकारी दी गयी। आईसीडीएस विभाग के अन्तर्गत उन्होने गर्भवती महिलाओं की गोद भराई तथा बच्चों को अन्नप्राशन भी कराया। इस अवसर पर डीपीओ आईसीडीएस महेश कुमार,सीडीपीओ रचना यादव, एवं महिला थानाध्यक्ष रेनू सिंह आदि अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।



सम्भल-लोनिवि के निरीक्षण भवन में समस्याओं को सुनती महिला आयोग की सदस्या।

## कोहरे के बीच निकली धूप ने किया आनंदित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** रोजाना बढ़ रहा कोहरे का कहर जनजीवन को अस्त व्यस्त कर रहा है जबकि कंपकंपाते नौनिहाल स्कूलों को जा रहे हैं। बुधवार की सुबह भी घना कोहरा छाया रहा लेकिन दोपहर को धूप निकलते ही आनंदित हो गए।

## मांगलिक कार्यों की शुरुआत हुई

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** 52 दिन से अस्त चल रहे शुक्र का उदय एक फरवरी को हो चुका है। अब चार फरवरी से शादी-ब्याह और मांगलिक कार्यों की शुरुआत हो गयी है। हालांकि कुछ ज्योतिषाचार्यों का मानना है कि विवाह के लिए शुभ लग्न पांच फरवरी से ही शुरू हो रहे हैं। नगर में चार फरवरी को भी कई जगह शादियां हैं। पण्डित ब्रजेश शास्त्री ने बताया कि विवाह के लिए गुरु और शुक्र ग्रह का उदय रहना आवश्यक है। 12 दिसंबर से शुक्र 52 दिन के लिए अस्त चल रहे थे। इस कारण मकर संक्रांति के बाद विवाह कार्य स्थगित थे। अब पांच फरवरी से विवाह आदि मांगलिक कार्य शुरू हो जाएंगे। इस दौरान विवाह संस्कार, वर-वधु मिलन और मंगल कार्यों के लिए ग्रह-योग अत्यंत शुभ माने गए हैं। पण्डित सत्यम मिश्रा ने बताया कि विवाह के आयोजन चार फरवरी से शुरू हो जाएंगे। उनके अनुसार, सूर्य के मकर राशि में आगमन व गुरु की उदित स्थिति में शुक्र का उदय एक फरवरी को हो चुका है। उन्होंने बताया कि 12 मार्च के बाद विवाह मुहूर्त सीधे अप्रैल में मिलेंगे।

# सभासदों ने अब साथी सभासदों के खिलाफ खोला मोर्चा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**आरोपों का खंडन करने वाले सभासदों को दिया नोटिस, 15 दिन में स्थिति स्पष्ट न करने पर अदालती कार्रवाई की चेतावनी**

**सम्भल।** चैयरपर्सन और उनके पति व देवर पर गम्भीर आरोप लगाकर सुर्खियो में आ चुके कुछ सभासदों का मामला अब और भी गहरा गया है। सभासदों की शिकायत का खंडन कर समाचार पत्रों की सुर्खियां बटोरने वालों की मुश्किलें बढ़ने वाली है। दो सभासदों ने उनके आरोपों का खंडन करने वाले सभासदों को नोटिस देकर स्थिति स्पष्ट न करने पर दीवानी और फौजदारी प्रक्रिया में न्यायालय तक ले जाने की चेतावनी दी है।

बता दें कि नगर पालिका परिषद सम्भल के वार्ड 25 के सभासद अनीस अहमद और वार्ड 19 के सभासद समेत कुछ ओर सभासदों ने डीएम व सीएम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराकर चैयरपर्सन और उनके पति व देवर पर गम्भीर आरोप लगाये थे। जबकि जिलाधिकारी ने शिकायती प्रार्थना पत्र की वैद्यता के आधार पर 7 दिसम्बर 25 को अध्यक्ष आसिया के कार्यालय का लेखा परीक्षण का आदेश निर्गत किया था। लेकिन आरोप है कि नगर पालिका के सभासदों और कुछ सगे सम्बंधियों द्वारा शिकायती प्रार्थना पख के परिप्रेक्ष्य में संगठित होकर खंडन कर दिया। जबकि शिकायती प्रार्थना पत्र की जांच भी लम्बित है और परिणाम की प्रतीक्षा की जा रही है। दोनो सभासदों ने कहा कि शिकायती प्रार्थना पत्र नगर पालिका परिषद सम्भल की छवि धूमिल करने के लिए दिया गया है और सभासदों एवं उनके कुछ सम्बंधियों ने विभिन्न समाचार पत्रों के माध्यम से उनके द्वारा लगाए गए आरोपों का खंडन कर दिया। इससे उनकी प्रतिष्ठा को अपार क्षति पहुंची है। इससे आहत हुए दोनों सभासदों ने उनके आरोपों का खंडन करने वाले सभासदों से 15 दिन के अंदर स्थिति स्पष्ट करने की मांग की है। अन्यथा दीवानी और फौजदारी प्रक्रिया के तहत अदालत में वाद दायर करने की चेतावनी दी है।

## एक नज़र इधर भी



सम्भल-धनारी पट्टी में खेता का निरीक्षाण करते संयुक्त कृषि निदेशक।

## संयुक्त कृषि निदेशक ने भ्रमण कर किया निरीक्षण

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** संयुक्त कृषि निदेशक मुरादाबाद मंडल ने जिले का भ्रमण कर निरीक्षण किया।

अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व श्री प्रदीप वर्मा सर द्वारा संयुद्र कृषि निदेशक का पुस्तक एवं अंग वस्त्र से स्वागत किया। संयुक्त कृषि निदेशक द्वारा राजकीय केंद्रीय कृषि रक्षा भंडार का निरीक्षण किया तथा कृषि रक्षा इकाई बहजोई में किसानों को लाइट ट्रैप का वितरण किया।इस दौरान बहजोई गांव के रामकृष्ण पाल, लक्ष्मी नारायण, कृष्ण सिंह, जसपाल तथा अन्य कृषक के गेहूं सामान्य बीज वितरण तथा सरसों प्रदर्शन का प्रक्षेत्र भ्रमण किया तथा किसानों से फसल एवं योजना के बारे में के बारे में जानकारी लेकर कार्मिकों को निर्देशित किया। जबकि ग्राम धनारी पटटी में खेत तालाब का भी निरीक्षण किया।



सम्भल- धनारी में धरने पर ज्ञापन देते भाकियू कार्यकर्ता।

## 31वें दिन धरने पर पहुंचे नायब तहसीलदार

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** भारतीय किसान यूनियन असलीअराजनैतिक का धरना आन्दोलन 31 दिन बाद उपजिलाधिकारी गुन्नौर के द्वारा भेजे हुए नायब तहसीलदार उदयवीर सिह के ठोस अशवासन व राजकीय पशु चिकित्सालय की जमीन पर तारबंदी करने पर भू-माफियाओं के हौंसले पस्त होने पर धरना स्थल पर मजिस्ट्रेट का फूलमाला डालकर स्वागत किया। राष्ट्रीय प्रमुख सचिव श्रृषिपाल सिंह यादव यादव के नेतृत्व मै चल रहे धरने को समाप्त कर दिया। साथ ही शेष समस्याओं पर अधिकारियो से बात कर समाधान करने की बात की गई। जिस पर सभी किसान सहमत हुए वार्ता के समय जाकिर हुसैन गजराम सिह विजय सिंह बीरनसिह धीरेन्द्र सिह हरपाल सिह किसनलाल यादव अतर सिह बहादुर सिह यादव आदि मौजूद रहे।



असमोली- ग्राम खासपुर में अस्पताल मे संचालित आपरेशन थियेटर को देखते।

## बिना अनुमति आपरेशन थियेटर सील

**असमोली ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** नगर मजिस्ट्रेट ने ब्लॉक असमोली के ग्राम खासपुर में स्थित संजीव हॉस्पिटल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय अस्पताल स्वामी संजीव मौजूद मिले। इस दौरान एक महिला जिसके ऑपरेशन से प्रसव हुआ मिली। अस्पताल में मरीज के अलावा अन्य कोई स्टाफ नहीं था। अस्पताल मालिक ने बचिकित्सक के अभी मुरादाबाद जाने की जानकारी दी। जबकि अस्पताल के संचालन को अभिलेख मांगने पर पंजीकरण दिखा गया जिसकी नोडल अधिकारी से जानकारी लेने पर अस्पताल संचालन को पंजीकरण होने लेकिन अस्पताल में ऑपरेशन थिएटर को कोई भी अनुमति प्रदान नहीं की गई होने की जानकारी दी। नगर मजिस्ट्रेट ने आपरेशन थिएटर को सील कर दिया। जबकि अस्पताल संचालक को निर्देशित किया गया कि अस्पताल में पर्याप्त साफ सफाई रखें और योग्य स्टाफ को नियुक्त करने के निर्देश दिये।

# कैलादेवी चौराहे पर पागल कुत्ते का आतंक

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** कैला देवी थाना क्षेत्र के खास कैलादेवी चौराहे पर सुबह के समय स्कूल में 12वीं कक्षा की प्रयोगात्मक परीक्षा देने आ रहे दो छात्रों पर पागल कुत्ते ने हमला बोल दिया तथा दोनों को काटकर घायल कर दिया तो वहीं स्कूल जा रहे एक अन्य छात्र को भी कुत्ते ने काट लिया। हमला करने के बाद पागल कुत्ता जंगल की तरफ चला गया।

कैला देवी के बाबा रतन गिरी आदर्श इंटर कॉलेज में बुधवार को 12वीं कक्षा की जीव विज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षा थी। प्रयोगात्मक परीक्षा देने के लिए सुबह के समय बच्चे विद्यालय आ रहे थे। इस दौरान कक्षा 12 के छात्र अनिल तथा हर्ष यादव पर अलग-अलग समय में कुत्ते ने हमला कर दिया। इसी दौरान कुछ ही मिनट के अंतराल पर वहीं दूसरे स्कूल के जूनियर वर्ग की कक्षा के छात्र पर भी उसी कुत्ते ने हमला कर दिया और उस भी घायल कर दिया। प्रयोगात्मक परीक्षा शुरू होने से पहले छात्र ने सम्भल जाकर रेबीज इंजेक्शन लगाया तो वहीं दूसरे छात्र ने कैलादेवी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचकर रेबीज इंजेक्शन लगवाया। चौराहे पर घूम रहे लोग भी सचेत हो गए। कुछ ही समय में कुत्ते द्वारा तीन छात्रों को काटे जाने की सूचना पर अन्य विद्यार्थियों में डर बना रहा तथा विद्यालय प्रबंधक द्वारा बच्चों की सुरक्षा के लिए सुबह के समय निगरानी रखी गई।

## पूर्व चेयरपर्सन पति के घर वापसी की चर्चा ज़ोरों पर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** चुनावी बिगुल अभी बजा भी नहीं है कि राजनैतिक जोड़तोड़ बढ़ने लगी है। अब तक अलग-थलग पड़े एक चैयरपर्सन पति के भी फिर से पूर्व मंत्री के पाले में जाने की चर्चाओं ने ज़ोर पकड़ लिया है।

चुनावी ऊँट किस कब करवट बदल ले कुछ पता नहीं होता। चेयरमैनी के चुनाव में अपशब्दों की बौछार कर अलग-थलग हुए एक चैयरपर्सन पति अब फिर से पुराने घर लौटने की जुगत में जुट गए है। सूत्रां का तो कहना है कि पूर्व चेयरपर्सन पति की घर वापसी को मुलाकात का दौर भी शुरू हो गया है जबकि उनकी वार्ता का एक दौर हो भी चुका है लेकिन नेता जी ने अपने सर्मथकों और कार्यकर्ताओं से वार्ता करने के बाद ही अगला निर्णय सुनाने का दो टूक जवाब दिया गया है। फिलहाल जवाब का इंतेजार है।

# गुन्नौर में एम्स बनाए जाने की मांग

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** गुन्नौर तहसील क्षेत्र के लोगों ने एम्स की स्थापना की मांग की है। क्षेत्र में अच्छी स्वास्थ्य व्यवस्था की आवश्यकता है।



गुन्नौर केवल एक तहसील नहीं है,यह हजारों परिवारों की उम्मीदों, सपनों और जिंदगियों का नाम है।आज सच्चाई यह है कि जब यहाँ किसी माँ को डिलीवरी में जटिलता आती है,किसी बच्चे को गंभीर बुखार या हादसा होता है,या किसी बुजुर्ग को हार्ट अटैक आता है तो इलाज के लिए हमें कई सौ किलोमीटर दूर भागना पड़ता है। हर मिनट की देरी, किसी की जान छीन सकती है।एम्स केवल एक अस्पताल नहीं होता यह जीवन बचाने की अंतिम उम्मीद होता है। यदि पश्चिमी उत्तर प्रदेश को एम्स मिलना है,तो गुन्नौर सबसे उपयुक्त स्थान है, क्योंकि यहाँ आज भी न सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल है, न ट्रॉमा सेंटर,न आधुनिक आईसीयू है। दीपक शर्मा व सौरभ वार्ष्णेय ने कहा कि एम्स गुन्नौर में बने। यही हमारी माँग है यह सरकार से अच्छी स्वास्थ्य व्यवस्था के लियर हमारा हक भी है। यहाँ न सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल है, न ट्रामा सेंटर,न आधुनिक आईसीयू है। जिससे मरीज इलाज को अलीगढ़ आदि स्थानों को भागते है जो काफी दूर हैं। अमन सक्सेना व सुमित वार्ष्णेय ने कहा कि गुन्नौर तहसील में एम्स बनना चाहिए क्योंकि यह सभी स्थान के बीच स्थित है। यहाँ क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य व गम्भीर चोट लगने पर कोई इलाज नहीं पाता। यहाँ से अलीगढ़ व बदायूँ मेडिकल काफी दूर हैं।

# देश की प्रगति के लिए प्रौद्योगिकी ज़रूरी: राजू

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के निर्देशन में जिला विज्ञान क्लब सम्भल द्वारा जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

नगर के सिल्वर स्टोन पब्लिक स्कूल में आयोजित प्रतियोगिता का शुभारम्भ जिला विज्ञान समन्वयक राजू सिंह यादव, जिला समन्वयक एमडीएम दीनदयाल शर्मा, विद्यालय के प्रधानाचार्य संदीप शर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर जिला समन्वयक ने कहा कि देश की प्रगति के लिये विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी बहुत ही आवश्यक है आज मनुष्य पृथ्वी के साथ साथ अंतरिक्ष मे भी कीर्तिमान स्थापित कर रहा है जहाँ एक तरफ मंगलयान चन्द्रयान जैसी उपलब्धि हासिल कर रहा है वहीं दिन प्रतिदिन नए नए अविष्कार कर तकनीकी विकसित कर रहा है। विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में जनपद स्तर से मण्डल स्तर में प्रतिभाग के लिये 15 मॉडल का चयन किया गया, जे एल एम इंटर कॉलेज सिरसी के शिवांशु ने प्रथम , बीवीएम सम्भल के फैज ने द्वितीय, एस एम इंटर कॉलेज चन्दौसी के शिवम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया , सिल्वर स्टोन पब्लिक स्कूल बहजोई के मेहविश एवम सौम्या ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया विजेता विद्यार्थियों को क्रमश: 5000, 3000 ,2000 एवं 1000 के नकद पुरस्कार के साथ स्मृति चिन्ह, प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। निर्णायक मंडल में दिनेश मोहन आर्य, मनोज कुमार, पराग मिश्र आदि रहे। कार्यक्रम में दीन दयाल शर्मा, संदीप शर्मा , साधना गुप्ता , शिवम गुप्ता,नवनीत कुमार आदि मौजूद रहे।



# राजश्री टंडन मुक्त विवि में कोर्स प्रक्रिया प्रारम्भ

शाह टाइम्स,संवाददाता

**कम खर्च में कराए जाएंगे कोर्स पूर्ण**

**बबराला।** राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज द्वारा गंगा श्योदान कन्या महाविद्यालय गुन्नौर में प्रवेश प्रक्रिया आरम्भ हो गयी है। इससे उन सभी परिवारों और विद्यार्थियों की आशाओं की पूर्ति है, जो परिस्थितियों के कारण अब तक उच्च शिक्षा से वंचित रह गए थे। यह विशेष रूप से उन छात्राओं एवं विद्यार्थियों के लिए शिक्षा का सुनहरा द्वार खोलती है, जो समयाभाव, पारिवारिक दायित्व, रोजगार या अन्य सामाजिक कारणों से नियमित रूप से महाविद्यालय नहीं आ पाते थे। गंगा श्योदान सिंह कन्या महाविद्यालय प्रबंधक अनुराग यादव ने बताया कि अब किसी भी आयु के 12वीं उत्तीर्ण अथवा स्नातक उत्तीर्ण युवक-युवतियाँ, अपने विषय और पाठ्क्रम के अनुसार यहाँ प्रवेश लेकर अपने शैक्षिक स्वप्न को साकार कर सकते हैं। इस व्यवस्था की एक और सराहनीय विशेषता यह है कि शिक्षा अत्यंत न्यूनतम शुल्क पर उपलब्ध होगी। प्रवेश एवं पाठयक्रम शुल्क मात्र 5,000 से 10,000 तक कोर्स के अनुसार है। इसी के आसपास की लागत में पुस्तकें एवं समस्त पठन-पाठन सामग्री विश्वविद्यालय द्वारा पंजीकृत डाक से सीधे विद्यार्थी के घर भेजी जाएँगी। परीक्षा के लिए विद्यार्थियों को बाहर कहीं नहीं जाना होगा। परीक्षा केंद्र हमारा अपना श्री गंगा श्योदान कन्या महाविद्यालय ही रहेगा, जिससे समय, धन और असुविधाकृतीनों की बचत होगी। यह सबके लिए शिक्षा के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक सशक्त कदम है, जो क्षेत्र में शैक्षिक चेतना, आत्मनिर्भरता और सामाजिक सशक्तिकरण को नई ऊँचाइयों तक ले जाएगा।

# गुलाबबाड़ी सब्जी मंडी में नगर निगम के खिलाफ सब्जी विक्रेताओं ने किया विरोध प्रदर्शन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शहर के कटघर थाना क्षेत्र में स्थित श्मशान घाट के पास बनी सब्जी मंडी में बुधवार को उस समय तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई, जब नगर निगम की टीम मौके पर पहुंची। नगर निगम की कार्रवाई की आशंका के चलते पहले से धरने पर बैठे सब्जी विक्रेताओं ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया और नारेबाजी की।सब्जी विक्रेताओं का आरोप है कि नगर निगम की टीम उन्हें वर्षों से लग रही सब्जी मंडी की जगह से हटाना चाहती है, जबकि यह जमीन उनकी बताई जा रही है। विक्रेताओं का कहना है कि वह लंबे समय से इसी स्थान पर सब्जी की दुकानें लगाकर अपने परिवार का पालन-पोषण कर रहे हैं और अचानक की जा रही कार्रवाई से उनकी रोजी-रोटी पर संकट खड़ा हो गया है।सब्जी विक्रेता मीनाक्षी ने बताया कि नगर निगम इस भूमि को अपनी संपत्ति बताते हुए सभी सब्जी विक्रेताओं को उजाड़ने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि बिना किसी वैकल्पिक व्यवस्था के दुकानदारों को हटाना पूरी तरह से अन्यायपूर्ण है। इसी के विरोध में सभी सब्जी विक्रेताओं ने एकजुट होकर धरना प्रदर्शन किया।मौके पर मौजूद विक्रेताओं ने प्रशासन से मांग की है कि उन्हें स्थायी रूप से उसी स्थान पर कारोबार करने की अनुमति दी जाए या फिर पहले वैकल्पिक स्थान उपलब्ध कराया जाए। फिलहाल नगर निगम और सब्जी विक्रेताओं के बीच बातचीत का दौर जारी है और स्थिति पर पुलिस नजर बनाए हुए है।

# कृपाण लेकर परीक्षा कक्ष में जाने की रोक पर भड़का सिख समाज, दिया एसडीएम को ज्ञापन



**कांठ ( शाह टाइम्स )** 27 जनवरी को नगर निवासी सरदार जपन सिंह पुत्र अमरीक सिंह बीए प्रथम वर्ष की परीक्षा देने के लिए डीएसएम डिग्री कॉलेज में गया था। आरोप है कि वहां के स्टाफ ने उन्हें कृपाण लेकर परीक्षा कक्ष में जाने को मना कर दिया और कहा की परीक्षा देने के लिए कृपाण घर रख कर आया करो।

सिख समाज के लोगों का कहना था कि सरदार जपन सिंह अमृतधारी सिक्ख है तथा अमृतधारी की कृपाण नहीं उतरवायी जाती आरोप है कि इस बात को सुनकर स्टाफ ने समाज के बारे में भी गलत भाषा का प्रयोग किया 4 फरवरी को जब वह दूसरी परीक्षा देने के लिए वहां पहुंचा तो उसको कॉलेज के अंदर नहीं घुसने दिया गया।

जिससे वह परीक्षा से वंचित हो गया। इसकी सूचना मिलने पर गुरुद्वारा सिंह साहब के प्रधान कुलवंत सिंह संरक्षक सरदार कृपाल सिंह वह सिख समाज के कई लोग कॉलिज में पहुंचे उनके कहने के बावजूद भी कृपाण सहित छात्र को अध्यापकों ने कॉलेज में घुसने से इनकार कर दिया। इससे सिख समाज में नाराजगी व्याप्त हो गई।

सरदार कुलवंत सिंह सरदार कृपाल सिंह जपन सिंह ताजेंद्र सिंह सिमरनदीप सिंह अमरीक सिंह आदि ने तहसील पहुंच कर मुख्यमंत्री को प्रेषित ज्ञापन एसडीएम को सौंप कर कार्यवाही की मांग की है।

## एक नजर

### गांधी स्मारक डिग्री कॉलेज द्वारा विश्व कैंसर दिवस पर जागरूकता रैली का आयोजन



**सुरजननगर।** विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर गाँधी स्मारक डिग्री कॉलेज, सुरजन नगर की स्वास्थ्य समिति द्वारा ग्राम जयनगर में एक विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम के प्रभारी डॉ. देवेन्द्र प्रकाश एवं श्री राजीव कुमार चौधरी के कुशल निर्देशन में छात्र-छात्राओं ने एक विशाल रैली निकाली और पोस्टर अभियान के माध्यम से ग्रामीणों को कैंसर के लक्षणों व बचाव के प्रति जागरूक किया।

घ्इस दौरान विद्यार्थियों ने पोस्टर प्रदर्शित कर कैंसर जैसी घातक बीमारी से सावधानी बरतने का संदेश दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में निशा, अमना, कविता कुमारी, आँचल चौहान, महरीन जहाँ और नितिन कुमार सहित अन्य छात्र-छात्राओं का विशेष योगदान रहा।

### स्वर्ण संघर्ष समिति यूजीसी कानून के विरोध में आज एसडीएम को देगी ज्ञापन

**कांठ( शाह टाइम्स )** स्वर्ण संघर्ष समिति यूजीसी कानून के विरोध में आज एसडीएम को ज्ञापन देकर इस कानून को खत्म कराए जाने की मांग करेगी पूर्व जिला पंचायत सदस्य मनीष चौहान का कहना था कि इस तरह का कानून एक दूसरे से दूरी बनाने का काम करेगा और स्वर्ण समाज के बच्चों का भविष्य भी इससे अंधकारमय होगा उन्होंने कहा कि गलत कानून के बारे में सरकार को आगाह करना सभी की जिम्मेदारी है और स्वर्ण समाज के लोग इकट्ठा होकर सरकार तक अपनी इस बात को पहुंचाने का काम करेंगे। बतादे की पुलिस चौकी के सामने बिश्नोई मंदिर में स्वर्ण समाज संघर्ष समिति ने क्षेत्र के लोगों से इकट्ठा होने का आवाहन किया है।

आज गुरुवार को 11:00 बजे भारी संख्या में लोग वहां इकट्ठे होने वाले हैं और फिर एसडीएम को ज्ञापन देकर इस कानून का विरोध किया जाएगा उन्होंने स्वर्ण समाज के ज्यादा से ज्यादा लोगों से बिश्नोई मंदिर पहुंचकर इस कार्य में सहयोग दिए जाने का आह्वान किया है।

### तहसीलदार के खिलाफ वकीलों का प्रदर्शन जारी



**कांठ ( शाह टाइम्स )** तहसीलदार के खिलाफ वकीलों का प्रदर्शन जारी है वकील निरंतर नारेबाजी करते हुए तहसीलदार के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं सभी जानते हैं की धरना शुरू हुए महीना होने को है लेकिन इस संबंध में किसी अधिकारी द्वारा किसी प्रकार के समझौते के प्रयास नहीं किया जा रहे हैं वकील आज भी दोपहर को इकट्ठा होकर तहसील परिसर पहुंचे और तहसीलदार कार्यालय के सामने उन्होंने प्रदर्शन किया।

इसके बाद सभी अधिकारियों के कार्यालय के सामने प्रदर्शन करते हुए अपने-अपने चौंबरों पर पहुंच गए इस हड़ताल से न्याय की आशा लेकर आए लोगों को भारी निराशा मिल रही है।

### एस आई आर के नोटिस की सुनवाई को पहुंचे मतदाता

**कांठ ( शाह टाइम्स )** एस आई आर के दौरान मतदाताओं को दिए जा रहे नोटिस के क्रम में आज काफी संख्या में मतदाता अपनी- अपनी अदालत में पहुंचे और बात रखी उन्होंने अपने मतदाता होने का सबूत पेश किया और सही पाए जाने पर मतदाता लिस्ट में नाम जोड़े गए हालांकि इस काम में लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है लोग भूखे प्यासे घरों से आते हैं और तहसील में जाकर घंटो लाइनों में लगकर अपने दावे आपत्ति पेश करके कुछ मायूस होकर लौट जाते हैं लेकिन जिनके पास वैध कागज है वह मतदाता बनकर चले जा रहे हैं। छोटे बच्चों को साथ लेकर आने वाली महिलाओं को इस कार्य से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है आज भी दावे आपत्ति पेश करने आए लोगों की तहसील में काफी भीड़ रही।



# शबे बरात के मौके पर हुआ अजमते इस्लाम कॉन्फ्रेंस का आयोजन

## मोमिनो ने शबे बरात के मौके पर की विशेष इबादत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** नगर के मोहल्ला अंसारियान स्थित फुलवार रोड के निकट शबे बारात के मौके पर अजमते इस्लाम कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। जिसमें उलेमा इकराम ने नूरानी खिताब किया।

शबे बरात के मौके पर मंगलवार की देर रात बाद नमाजे इशा अजमते इस्लाम कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। कॉन्फ्रेंस की शुरुआत मौलाना नाजिम रजा खलीली ने तिलावत कलाम ए पाक से की, कॉन्फ्रेंस में मुख्य वक्ता के रूप में पहुंचे सैयद फरमान मियां बिलासपुर ने नूरानी खिताब किया, उन्होंने कहा कि रसूले अकरम की सुन्नतों पर चलकर आप दुनिया के साथ-साथ अपनी आखिरत भी संभाल सकते हो, इसके साथ ही उन्होंने कहा कि आज का मुसलमान राहे हक से भटकता हुआ नजर आ रहा है, सभी को अपने बच्चों को अच्छी तरबीयत और बुजुर्गों की खिदमात करने की गुजा. रिश की, उन्होंने शबे बरात की फजिलत बयान की। कहा कि इस रात में इबादत करना अफजल माना जाता है क्योंकि यह रात हमारे नबी रसूले अकरम की मेराज की रात है। इस रात में इबादत करना अल्लाह को राजी करना है।

इनके अलावा मौलाना नाजिम रजा ने रसूले अकरम की शान में नात शरीफ पेश की। इस दौरान मुख्य रूप से मौलाना अख्लाक हुसैन, मौलाना नाजिम रजा खलीली, मौलाना नासिर रजा, मौलाना फैजान रजा, मौलाना नवाजिश राजा आदि सहित अनेक उलेमा इकराम मौजूद रहे। कॉन्फ्रेंस के सजाने में अंजुमन गुलामाने मुस्तफा का विशेष सहयोग रहा। कॉन्फ्रेंस की सदारत मौलाना अख्लाक हुसैन व निजामत मौलाना नाजिम रजा खलीली ने की।

# शब-ए-बारात पर कब्रिस्तान में जाकर पूर्वजों के लिए मांगी दुआ



**कांठ ( शाह टाइम्स )** क्षेत्र में शब-ए-बारात मनाई जाएगी स शाबान महीने की 14-15वीं रात मुसलमानों के लिए गुनाहों से माफी, इबादत और तकदीर बदलने की सबसे पवित्र रात मानी जाती है। मान्यता है कि इस रात अल्लाह बंदों के पाप धोते हैं और उनके अगले साल के भाग्य का फैसला करते हैं, इसलिए लोग जागकर इबादत, नमाज और पूर्वजों के लिए दुआएं करते हैं।

गुनाहों से तौबा यह रात रहमत की रात हैसजिसमें अल्लाह से पिछले गुनाहों की माफी मांगी जाती है और आने वाली जिंदगी के लिए हिदायत की दुआ की जाती है। लोगो ने कब्रिस्तान में जाकर रात को अपने पूर्वजों के लिए दुआ मांगी।

# विश्व कैंसर दिवस पर टीएमयू हॉस्पिटल में अवेयरनेस कैंपेन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के तीर्थंकर महावीर मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर के सामुदायिक चिकित्सा विभाग की ओर से विश्व कैंसर दिवस पर टीएमयू अस्पताल में सामान्य और प्रचलित कैंसरों जैसे- मुख कैंसर, गर्भाशय ग्रीवा का कैंसर, फेफड़ों का कैंसर, स्तन कैंसर, जठरांत्र- गैस्ट्रो-इंटेस्टाइनल तंत्र के कैंसर आदि को लेकर अवेयरनेस कैंपेन चला। इस अवेयरनेस कैंपेन का नेतृत्व मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. एनके सिंह, सामुदायिक चिकित्सा विभाग की एचओडी डॉ. साधना सिंह, डॉ. शिल्पा रेड्डी, डॉ. ऋषि शर्मा के संग-संग एमबीबीएस इंटर्न बैच की टीम ने किया। इस टीम ने टीएमयू अस्पताल में पोस्टर, मॉडल और एक्सटेम्पोर प्रस्तुतियों के जरिए लोगों को जागरूक किया। जागरूकता कार्यक्रम में ईनटी के एचओडी प्रो. प्रबल चटर्जी, ओबीजी की एचओडी डा. मनप्रीत कौर के अलावा नर्सिंग, पैरामेडिकल, मेडिकल स्टाफ और विभिन्न विभागों के मरीजों, तीमारदार आदि मौजूद रहे।

# सीएचसी की ओपीडी में बढ़े खांसी-जुकाम, एलर्जी के मरीज, नेत्र चिकित्सक नहीं होने से मरीज परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बिलारी की ओपीडी में इन दिनों खांसी, जुकाम और एलर्जी से संबंधित मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। ओपीडी में तैनात डॉ. श्वेताम्बरी ने मरीजों की जांच कर आवश्यक परामर्श और उपचार प्रदान किया।

डॉ. श्वेताम्बरी ने बताया कि बदलते मौसम, धूल-मिट्टी और एलर्जी के बढ़ते प्रभाव के कारण श्वसन संबंधी समस्याओं वाले मरीज अधिक संख्या में पहुंच रहे हैं। उन्होंने मरीजों को सलाह दी कि वे मौसम के अनुरूप सावधानी बरतें, धूल और ठंडी हवा से बचाव करें तथा साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें।

उन्होंने यह भी कहा कि लगातार खांसी, तेज जुकाम, सांस लेने में तकलीफ या एलर्जी के लक्षण दिखने पर लापरवाही न बरतें और तुरंत चिकित्सकीय परामर्श लें। समय पर इलाज कराने से संक्रमण और जटिलताओं से बचा जा सकता है।



अस्पताल प्रशासन ने भी लोगों से अपील की है कि बदलते मौसम में स्वास्थ्य के प्रति सजग रहें और आवश्यकता पड़ने पर सीएचसी में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाएं। ज्ञात रहे यहां तैनात नेत्र चिकित्सक डॉक्टर अनिल उपाध्याय 31 दिसंबर को सेवानिवृत हो गए थे तब से अभी तक यहां नेत्र चिकित्सक की नियुक्ति नहीं की गई है इस कारण तमाम मरीज मायूस होकर लौट रहे हैं जागरूक लोगों ने यह समस्या सीएमओ डॉक्टर कुलदीप सिंह को भी बताई है, जिन्होंने नेत्र चिकित्सा की तैनाती का आश्वासन दिया है।

# तहसील में 'मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान' जागरूकता शिविर आयोजित, युवाओं को मिला ब्याज-मुक्त ऋण व स्वरोजगार की जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

बिलारी। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत बिलारी तहसील परिसर में एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं को योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। शिविर का उद्देश्य युवाओं को स्वरोजगार की ओर प्रेरित कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना रहा। सहायक आयुक्त उद्योग योगेश कामेश्वर ने बताया कि योजना का मुख्य उद्देश्य कौशल प्रशिक्षण प्राप्त 21 से 40 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं को उत्पादन एवं सेवा आधारित उद्योग स्थापित कराने में सहयोग देना है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य प्रतिवर्ष 1 लाख युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ना तथा आगामी 10 वर्षों में 10 लाख रोजगार अवसर सृजित करना है। योजना के अंतर्गत कौशल विकास प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। साथ ही अन्य इच्छुक युवाओं को भी परियोजना के अनुरूप व्यवसाय स्थापित करने हेतु ६5 लाख तक का ब्याज-मुक्त ऋण उपलब्ध कराया जाएगा, जिसमें 10 प्रतिशत सब्सिडी भी दी जाएगी। लाभार्थियों को केवल मूलधन बैंक में जमा करना होगा, जबकि ब्याज का भुगतान सरकार द्वारा किया जाएगा। सम्बंधित प्रक्रिया




कांठ रोड स्थित उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र, मुरादाबाद कार्यालय से संचालित किया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार,जिला मुरादाबाद से चालू वित्तीय वर्ष में 2800 लाभार्थियों को योजना से लाभान्वित करने का लक्ष्य है, जिसमें अब तक 1683 लाभार्थी शामिल हो चुके हैं। शिविर में मधुर गुप्ता एवं हर्ष सैनी सीएम युवा फेलो ने आवेदन प्रक्रिया व प्रपत्र तैयार करने में मार्गदर्शन दिया। काशी प्रसाद प्रधान सहायक का भी विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी विनय कुमार सिंह तथा तहसीलदार अंकित गिरी ने शिविर का प्रतिनिधित्व किया।

**न्यायालय सिविल जज सीनियर डिसीजन/एफटीसी, मुरादाबाद।**
**विविध वाद संख्याः** 264 सन् 2025
**तारीख पेशीः** 09.02.2026
सुरेश कुमार **बनाम** मुकेश कुमार आदि।
**बनाम**

1. श्रीमति मुकेश पत्नि सुरेन्द्र सिंह, 2. वीरेन्द्र सिंह पुत्र श्री जयवीर सिंह, 3. श्रीमति रेखा पत्नि देवेन्द्र सिंह, 4. जयवीर पुत्र श्री शिव सहाय निवासीगण मौजा सदरपुर मतलबपुर तहसील कांठ जिला मुरादाबाद, 5. पप्पू पुत्र ओमकार निवासी ग्राम महेन्द्री सिकन्दरपुर, मुरादाबाद, 6. ज्ञानेन्द्र कुमार पुत्र देवेन्द्र शास्त्री निवासी मौजा सदरपुर मतलबपुर तहसील कांठ जिला मुरादाबाद, 7. श्रीमति सुमन परिन सुनपत पुत्री वेद राम निवासी ग्राम सदरपुर मतलबपुर तहसील कांठ जिला मुरादाबाद। 8. क्षमा पुत्री, 9. शीतल पुत्री, 10. लोकेन्द्र उर्फ लकी पुत्र वीरेन्द्र सिंह निवासीगण ग्राम सदरपुर मतलबपुर तहसील कांठ, जिला मुरादाबाद, 11. देवेन्द्र सिंह पुत्र श्री जयवीर सिंह निवासी ग्राम सदरपुर मतलबपुर तहसील कांठ जिला मुरादाबाद, 12. श्रीमति वीना पत्नि पन्नू सिंह निवासी ग्राम केल चकरी तहसील अमरोहा जिला जे0 पी0 नगर, 13. श्रीमति मन्जू पत्नि वीर सिंह नि0 यज्ञ बगड़ी जनपद जे0पी0 नगर। चूंकि उपरिनामांकित प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में रेस्टोरेशन प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि विपक्षीगण को अतएवं आपको एतदद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिये 2026 के 02 के 09 दिवस को 10 बजे पूर्वान्ह अथवा बन्धक रूपेण अनुर्दिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एकपक्षीय रूप से सुना जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज 03.02.2026 के दिवस को निकाली गई।

**प्रबंधक**
**न्यायालय सिविल जज ( सी.डी. )/ एफ० टी० सी०, मुरादाबाद।**

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज ( सी० डी० ) महोदय, मुरादाबाद।**
**सक्सेशन वाद सं०**-379/2025
**तारीख पेशीः** 28.02.2026
**श्रीमती सुनीता गोयल बनाम पारूल रस्तौगी आदि।**

श्रीमती सुनीता गोयल, उम्र लगभग 69 वर्ष पत्नी स्व0 प्रदीप कुमार अग्रवाल, निवासी बी-69, अवन्तिका कालोनी, एमडीए, कांठ रोड, तह. व जिला मुरादाबाद-वादनी

**बनाम**

1. पारूल रस्तौगी, उम्र लगभग 45 वर्ष, पुत्री स्व0 प्रदीप कुमार अग्रवाल, पत्नी श्री अक्षय रस्तौगी, निवासी-मण्डी चौक, गणेश मौहल्ला, तहसील व जिला मुरादाबाद, 2. अंजली गुप्ता, उम्र लगभग 43 वर्ष, पुत्री स्व0 प्रदीप कुमार अग्रवाल, पत्नी श्री अमित गुप्ता निवासी-गांधी रोड़, चन्दौसी, तहसील व जिला सम्भल।
3. **जनता आम मुरादाबाद-विपक्षीगण** दरख्वास्त मुसम्मा श्रीमती सुनीता गोयल वास्तै हुसूल सर्टिफिकेट वसूल कर दर्जा व किफायत हाय य पतानी मुसम्मा श्रीमती सुनीता गोयल मुसवफा 7.35000/- रूपये अपने मुजिब एक्ट 7 सन् 1878 ई0 वक्त 10:00 बजे हरगाह मुसम्मा पारूल रस्तौगी आदि ने दरख्वास्त हुसूल सार्टीफिकेट गूजरानी है ई0 तारीख 28.02.2026 वास्ते समाजत दरख्वास्त के मुकर्रर हुई है कि लिहाजा यह इश्तहार जारी किया किसी को तिस्दत्त दरख्वास्त उक्त के उज्र हो तो या अदालत या वकालतन वक्त 10:00 बजे सुरह अदालत सिविल जज (सी0 डि0) मुकाम मुरादाबाद में 28.02.2026 तारीख मुकर्रर हाजिर होकर उज्र अपना पेश करें। दर सूरत इनकजाय तारीख के मजकूर के मजकूर के फिर उन किसी का सुनाने और हुक्म मुनासिब निस्वत मजकूर दरख्वास्त के सादिर होगा।

**अहलमद**
**न्यायालय सिविल जज ( सी. डि. ) मुरादाबाद।**

## जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करने के मामले में छह पर मुकदमा

**बिलारी।** कोतवाली क्षेत्र के गांव स्योड़ारा में जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करने के मामले में छह लोगों का विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। उसने मुकदमे के बाद जांच शुरू कर दी है। स्योड़ारा गांव के मानसिंह पुत्र मदनपाल ने मुकदमा दर्ज कराया कि 23 जनवरी को शाम 7 बजे पर अपने घर के दरवाजे पर बैठा था, तभी गांव के किशन पाल उसकी पत्नी मुन्नी देवी, पुष्पेंद्र, सत्येंद्र सत्येंद्र की पत्नी स्वाति, पुष्पेंद्र की पत्नी रंजिश के चलते गंदी गालियां देने लगी। इस बीच जाति सूचक शब्दों का भी प्रयोग किया, जब मना किया तो उन्होंने घर में घुसकर उसके बेटे तेजपाल को बुरी तरह से लात घूसों से पीट डाला। जिससे उसके बेटे के चोट आई। वहीं चाचा वीरेंद्र व उसकी पत्नी वीरा बचाने आई तो उन्हें भी पीटा, मारपीट में उसके भी खुली व गुम चोटें आई। आरोपी अब जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। मामले को लेकर तहरीर देने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया।

**बेदखली सूचना**

मैंने अपने पुत्र बबलू व पुत्रवधू श्रीमती सविता हाल निवासी मोहल्ला डाक बंगला निकट रेलवे स्टेशन अमरोहा को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखलकर सामाजिक व पारिवारिक सम्बन्ध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमेबाजी के लिए वह जिम्मेदार होगें। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **जयपाल सिंह पुत्र रामकिशोर निवासी मोहल्ला बलदेवपुरी थाना कटघर तहसील व जिला मुरादाबाद।**

**बेदखली सूचना**

मैंने अपने सबसे छोटा पुत्र फरजंद को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखलकर सामाजिक व पारिवारिक सम्बन्ध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में फरजंद के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमेबाजी के लिए वह जिम्मेदार होगें। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **श्रीमती कमर जहां पत्नी मोहम्मद मतलूब निवासनी पीरगैब रहमानी मस्जिद थाना मुगलपुरा मुरादाबाद, हाल निवासी ग्राम मैनाठेर थाना मझोला, जिला मुरादाबाद।**

# सर्किट हाउस में राज्य महिला आयोग की सदस्य की अध्यक्षता में जनसुनवाई कैंप का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य संगीता जैन की अध्यक्षता में महिला जनसुनवाई कैंप का आयोजन किया गया। यह जनसुनवाई कैंप दिल्ली रोड स्थित सर्किट हाउस में आयोजित हुआ, जहां बड़ी संख्या में पीड़ित महिलाओं ने अपनी समस्याएं आयोग की सदस्य के समक्ष रखीं।जनसुनवाई के दौरान कुल सात प्रकरण मौके पर पहुंचे। इनमें घरेलू हिंसा, पारिवारिक विवाद, उत्पीड़न, भरण-पोषण और अन्य सामाजिक समस्याओं से जुड़े मामले शामिल थे। राज्य महिला आयोग की सदस्य संगीता जैन ने प्रत्येक प्रकरण को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।महिला आयोग की सदस्य द्वारा कई मामलों में मौके पर ही समाधान की पहल की गई, जबकि कुछ प्रकरणों में संबंधित विभागों और पुलिस अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई के दौरान महिलाओं को उनके अधिकारों की जानकारी भी दी गई और आवश्यकता पड़ने पर कानूनी सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया।संगीता जैन ने कहा कि राज्य महिला आयोग महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और न्याय के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पीड़ित महिलाओं के मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और संवेदनशीलता के साथ समस्याओं का निस्तारण किया जाए।जनसुनवाई कैंप से महिलाओं को अपनी बात सीधे आयोग तक पहुंचाने का अवसर मिला, जिससे उन्हें त्वरित न्याय की उम्मीद जगी।




## मरम्मत कार्य के चलते 35बी रेलवे फाटक रहा बंद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

चन्दौसी। नगर के मालगोदाम रोड स्थित 35बी रेलवे फाटक पर चल रहे मरम्मत कार्य के कारण बुधवार को पूरे दिन रेलवे फाटक बंद रहा। फाटक बंद होने से क्षेत्र में आवागमन प्रभावित रहा और राहगीरों को वैकल्पिक मार्गों का सहारा लेना पड़ा। रेलवे विभाग द्वारा फाटक पर आवश्यक मरम्मत एवं रखरखाव का कार्य कराया जा रहा है। संबंधित अधिकारियों के अनुसार मरम्मत कार्य के चलते 35बी रेलवे फाटक गुरुवार को भी सायंकाल तक बंद रहने की संभावना है। फाटक बंद रहने के कारण मालगोदाम रोड, आसपास की कॉलोनियों और बाजार क्षेत्रों में आने-जाने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

# राज्य महिला आयोग की सदस्य संगीता जैन ने जिला महिला चिकित्सालय का किया औचक निरीक्षण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य संगीता जैन ने बुधवार को जिला महिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल की विभिन्न व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया।

इस दौरान अस्पताल में उपलब्ध चिकित्सा सुविधाएं, स्टाफ की उपस्थिति, दवाओं की उपलब्धता, मरीजों को दी जा रही सेवाएं और साफ-सफाई की स्थिति की जांच की गई।निरीक्षण के समय अस्पताल में भर्ती महिलाओं और प्रसूताओं से भी बातचीत की गई। मरीजों ने चिकित्सालय की व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया और बताया कि उन्हें समय पर उपचार और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। राज्य महिला आयोग की सदस्य ने वार्डों, लेबर रूम, ओपीडी, दवा वितरण कक्ष और शौचालयों का निरीक्षण किया।निरीक्षण में महिला चिकित्सालय में किसी भी प्रकार की कमी नहीं पाई गई। अस्पताल परिसर में साफ-सफाई की व्यवस्था अत्यंत अच्छी मिली, जिससे मरीजों और उनके परिजनों को स्वच्छ वातावरण मिल रहा है। संगीता जैन ने अस्पताल प्रशासन और स्वास्थ्य कर्मियों के कार्यों की सराहना की और कहा कि महिला चिकित्सालय में महिलाओं के स्वास्थ्य और सुरक्षा को लेकर बेहतर प्रयास किए जा रहे हैं।उन्होंने निर्देश दिए कि इसी प्रकार व्यवस्थाएं बनाए रखी जाएं और भविष्य में भी मरीजों को बेहतर सेवाएं प्रदान की जाएं।

## खोया पाया सूचना

मेरा इण्टर मीडिएट वर्ष 2021 अनुक्रमांक 215540 684 का प्रमाण पत्र -सह-अंकपत्र वास्तव मे कहीं खो गया है।
प्रियांशु कुमार पुत्र अनिल कुमार निवासी ग्राम करनावाला जब्ती ठाकुरद्वारा मुरादाबाद।

## सर्दी-जुकाम, खांसी व बुखार के मरीजों की संख्या में इजाफा

**चन्दौसी।** मौसम में हो रहे बदलाव और सर्दी के असर के चलते संयुक्त चिकित्सालय चन्दौसी में मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग सर्दी-जुकाम, खांसी, बुखार, गले में खराश जैसी समस्याओं को लेकर उपचार के लिए अस्पताल पहुंच रहे हैं। चिकित्सकों का कहना है कि दिन और रात के तापमान में अंतर होने के कारण वायरल संक्रमण के मामले बढ़ रहे हैं। खासतौर पर बुजुर्गों, बच्चों और पहले से बीमार लोगों को अधिक सावधानी बरतने की जरूरत है।

## विश्व कैंसर दिवस पर रेलवे चिकित्सालय में वृहद कैंसर जांच एवं जागरूकता शिविर का आयोजन




**मुरादाबाद।** बुधवार को विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर मंडल के रेलवे चिकित्सालय में रेलवे कर्मचारियों एवं उनके परिजनों के लिए एक वृहद कैंसर जांच एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य कैंसर जैसी गंभीर एवं जानलेवा बीमारी के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना, इसकी समय पर पहचान को सुनिश्चित करना तथा उचित और प्रभावी उपचार के महत्व को रेखांकित करना रहा।कार्यक्रम के अंतर्गत उजाला सिग्नस ब्राइटस्टार चिकित्सालय से आमंत्रित दो वरिष्ठ कैंसर रोग विशेषज्ञों ने लाभार्थियों को कैंसर से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं। विशेषज्ञों ने कैंसर के प्रारंभिक लक्षणों, संभावित कारणों, जोखिम कारकों और बचाव के उपायों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि समय रहते पहचान और उपचार से कैंसर जैसी बीमारी पर प्रभावी नियंत्रण संभव है। साथ ही नियमित स्वास्थ्य जांच, संतुलित आहार, नशामुक्त जीवनशैली तथा शारीरिक गतिविधियों को अपनाने की सलाह दी गई।शिविर में बड़ी संख्या में रेलवे कर्मचारी एवं उनके परिजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान प्रतिभागियों की आवश्यक जांच की गई और उन्हें व्यक्तिगत स्वास्थ्य परामर्श भी प्रदान किया गया। उपस्थित लोगों को किसी भी संदिग्ध लक्षण की स्थिति में तुरंत चिकित्सकीय परामर्श लेने के लिए प्रेरित किया गया।मंडल चिकित्सालय के अधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार के स्वास्थ्य जागरूकता एवं जांच शिविर कर्मचारियों और उनके परिवारजनों के स्वास्थ्य स्तर को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम का समापन स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और नियमित स्वास्थ्य जांच कराने के संकल्प के साथ सफलतापूर्वक किया गया।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## बुध बाजार में स्मार्ट सिटी की सड़क टूटी, राहगीरों को हो रही परेशानी

**मुरादाबाद** (शाह टाइम्स ब्यूरो)। बुध बाजार में स्मार्ट सिटी योजना के तहत बनाई गई सड़क और डिवाइडर की हालत खराब हो गई है। सड़क के जोड़ से टूट गई है और सरिया दिखने लगे हैं, जिससे राहगीरों को परेशानी हो रही है। सुपर बाजार के सामने की सड़क में खड्डा बन गया है, जिसमें दो पहिया वाहन फिसल रहे हैं।

यशपाल शर्मा एडवोकेट ने नगर आयुक्त को प्रार्थना पत्र दिया है, जिसमें उन्होंने सड़क और डिवाइडर की मरम्मत कराने की मांग की है। उनका कहना है कि एक साल पूर्व बनाई गई सड़क घटिया निर्माण के कारण टूट गई है। डिवाइडर के रूप में लगाई गई लाल पत्थर की जाली जगह-जगह से टूट गई है। इसके अलावा, पुलिस चौकी बुध बाजार से टाउन हाल की तरफ जाने वाली सड़क के बीच में लोहे की डिवाइडर दो परतों में बनाई गई है, जिसके खाली स्थान में कूड़ा करकट डाला जा रहा है। उन्होंने नगर आयुक्त से इसकी सफाई कराने की मांग की है। बुध बाजार के निवासियों का कहना है कि स्मार्ट सिटी योजना के तहत बनाई गई सड़क और डिवाइडर की हालत खराब हो गई है। उन्होंने नगर निगम से इसकी मरम्मत कराने की मांग की है।

## कार्यालय ग्राम पंचायत कमालपुरी खालसा
## विकास खण्ड ठाकुरद्वारा (मुरादाबाद)

पत्रांक: परावि/पंचायत सहायक / 2025-26 — दिनांक: 27.01.2026

**-: विज्ञापन: -**

कार्यालय जिलाधिकारी मुरादाबाद पत्रांक 6252/परावि/डी.पी.एम/पंचायत सहायक/2025-26 दिनांक 27 जनवरी 2026 के अन्तर्गत पंचायत सहायक एकाउण्टेन्ट कम डाटा ऐन्ट्री ऑपरेटर के पद पर चयन हेतु निम्नांकित योग्यता व विवरण के अनुसार आवेदन पत्र योग्य अभ्यर्थियों से आमन्त्रित किये जाते हैं।

**कुल पद**-01

पंचायत सहायक एकाउण्टेन्ट कम डाटा ऐन्ट्री ऑपरेटर की नियुक्ति हेतु समय सारिणी निम्नवत् है:-

| क्र.स. | भर्ती प्रक्रिया | निर्धारित समय |
|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत द्वारा पंचायत सहायक / अकाउन्टेंट कम डाटा इन्ट्री ऑपरेटर के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित करने की सूचना, ग्राम पंचायत के सूचना पट्ट एवं मुनादी द्वारा कराया जाना। | दिनांक 27 जनवरी, 2026 से दिनांक 30 जनवरी, 2026 तक |
| 2 | जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय तथा विकास खण्ड कार्यालय में आवेदन पत्र जमा करने की अवधि | दिनांक 02 फरवरी, 2026 से दिनांक 16 फरवरी, 2026 तक |
| 3 | जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय तथा विकास खण्ड कार्यालय में प्राप्त आवेदनों को सम्बन्धित ग्राम पंचायत को उपलब्ध कराया जाना। | दिनांक 17 फरवरी, 2026 से दिनांक 22 फरवरी, 2026 तक |
| 4 | ग्राम पंचायत में प्राप्त आवेदन पत्रों की श्रेष्ठता सूची (मेरिट लिस्ट) तैयार करना एंव ग्राम पंचायत की प्रशासनिक समिति के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत किया जाना एंव समिति द्वारा अनुमोदित श्रेष्ठता सूची को जिला स्तरीय समिति के सदस्य सचिव (जिला पंचायत राज अधिकारी) को उपलब्ध कराया जाना। | दिनांक 23 फरवरी, 2026 से दिनांक 02 मार्च, 2026 तक |
| 5 | जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा परीक्षण एंव संस्तुति। | दिनांक 03 मार्च, 2026 से दिनांक 08 मार्च, 2026 तक |
| 6 | ग्राम पंचायत द्वारा नियुक्ति पत्र निर्गत किया जाना। | दिनांक 09 मार्च, 2026 से दिनांक 12 मार्च, 2026 तक |

**आवेदन की प्रक्रिया:** निर्धारित आवेदन के प्रारूप पर समस्त सूचनाएं अंकित कर व्यक्तिगत रूप से अथवा रजिस्टर्ड डाक से अपनी ग्राम पंचायत, विकास खण्ड कार्यालय अथवा जिला पंचायत राज अधिकारी के कार्यालय मे निर्धारित समयावधि मे उपलब्ध कराया जायेगा। समस्त चयन प्रक्रिया शासनादेश संख्या 42/2021/1235/33-3-2021-989 / 2021 दिनांक 25 जुलाई 2021 मे दिये गये प्राविधानों एवं कार्यालय जिलाधिकारी मुरादाबाद पत्रांक 6252/परावि/डी.पी.एम/पंचायत सहायक/2025-26 दिनांक 27 जनवरी 2026 के अनुरूप संचालित होंगे।

**नोट:- पंचायत सहायक का पद ग्राम प्रधान की श्रेणी के अनुरूप रहेगा।**

**सचिव**
**ग्राम पंचायत- कमालपुरी खालसा**
**विकास खण्ड ठाकुरद्वारा (मुरादाबाद)**

## कार्यालय ग्राम पंचायत नन्हूवाला
## विकास खण्ड ठाकुरद्वारा (मुरादाबाद)

पत्रांक: परावि/पंचायत सहायक / 2025-26 — दिनांक: 27.01.2026

**-: विज्ञापन: -**

कार्यालय जिलाधिकारी मुरादाबाद पत्रांक 6252/परावि/डी.पी.एम/पंचायत सहायक/2025-26 दिनांक 27 जनवरी 2026 के अन्तर्गत पंचायत सहायक एकाउण्टेन्ट कम डाटा ऐन्ट्री ऑपरेटर के पद पर चयन हेतु निम्नांकित योग्यता व विवरण के अनुसार आवेदन पत्र योग्य अभ्यर्थियों से आमन्त्रित किये जाते हैं।

**कुल पद**-01

पंचायत सहायक एकाउण्टेन्ट कम डाटा ऐन्ट्री ऑपरेटर की नियुक्ति हेतु समय सारिणी निम्नवत् है:-

| क्र.स. | भर्ती प्रक्रिया | निर्धारित समय |
|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत द्वारा पंचायत सहायक / अकाउन्टेंट कम डाटा इन्ट्री ऑपरेटर के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित करने की सूचना, ग्राम पंचायत के सूचना पट्ट एवं मुनादी द्वारा कराया जाना। | दिनांक 27 जनवरी, 2026 से दिनांक 30 जनवरी, 2026 तक |
| 2 | जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय तथा विकास खण्ड कार्यालय में आवेदन पत्र जमा करने की अवधि | दिनांक 02 फरवरी, 2026 से दिनांक 16 फरवरी, 2026 तक |
| 3 | जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय तथा विकास खण्ड कार्यालय में प्राप्त आवेदनों को सम्बन्धित ग्राम पंचायत को उपलब्ध कराया जाना। | दिनांक 17 फरवरी, 2026 से दिनांक 22 फरवरी, 2026 तक |
| 4 | ग्राम पंचायत में प्राप्त आवेदन पत्रों की श्रेष्ठता सूची (मेरिट लिस्ट) तैयार करना एंव ग्राम पंचायत की प्रशासनिक समिति के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत किया जाना एंव समिति द्वारा अनुमोदित श्रेष्ठता सूची को जिला स्तरीय समिति के सदस्य सचिव (जिला पंचायत राज अधिकारी) को उपलब्ध कराया जाना। | दिनांक 23 फरवरी, 2026 से दिनांक 02 मार्च, 2026 तक |
| 5 | जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा परीक्षण एंव संस्तुति। | दिनांक 03 मार्च, 2026 से दिनांक 08 मार्च, 2026 तक |
| 6 | ग्राम पंचायत द्वारा नियुक्ति पत्र निर्गत किया जाना। | दिनांक 09 मार्च, 2026 से दिनांक 12 मार्च, 2026 तक |

**आवेदन की प्रक्रिया:** निर्धारित आवेदन के प्रारूप पर समस्त सूचनाएं अंकित कर व्यक्तिगत रूप से अथवा रजिस्टर्ड डाक से अपनी ग्राम पंचायत, विकास खण्ड कार्यालय अथवा जिला पंचायत राज अधिकारी के कार्यालय मे निर्धारित समयावधि मे उपलब्ध कराया जायेगा। समस्त चयन प्रक्रिया शासनादेश संख्या 42/2021/1235/33-3-2021-989 / 2021 दिनांक 25 जुलाई 2021 मे दिये गये प्राविधानों एवं कार्यालय जिलाधिकारी मुरादाबाद पत्रांक 6252/परावि/डी.पी.एम/पंचायत सहायक/2025-26 दिनांक 27 जनवरी 2026 के अनुरूप संचालित होंगे।

**नोट:- पंचायत सहायक का पद ग्राम प्रधान की श्रेणी के अनुरूप रहेगा।**

**सचिव**
**ग्राम पंचायत- नन्हूवाला**
**विकास खण्ड ठाकुरद्वारा (मुरादाबाद)**

## कार्यालय ग्राम पंचायत पसियापुरा पदार्थ
## विकास खण्ड ठाकुरद्वारा (मुरादाबाद)

पत्रांक: परावि/पंचायत सहायक / 2025-26 — दिनांक: 27.01.2026

**-: विज्ञापन: -**

कार्यालय जिलाधिकारी मुरादाबाद पत्रांक 6252/परावि/डी.पी.एम/पंचायत सहायक/2025-26 दिनांक 27 जनवरी 2026 के अन्तर्गत पंचायत सहायक एकाउण्टेन्ट कम डाटा ऐन्ट्री ऑपरेटर के पद पर चयन हेतु निम्नांकित योग्यता व विवरण के अनुसार आवेदन पत्र योग्य अभ्यर्थियों से आमन्त्रित किये जाते हैं।

**कुल पद**-01

पंचायत सहायक एकाउण्टेन्ट कम डाटा ऐन्ट्री ऑपरेटर की नियुक्ति हेतु समय सारिणी निम्नवत् है:-

| क्र.स. | भर्ती प्रक्रिया | निर्धारित समय |
|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत द्वारा पंचायत सहायक / अकाउन्टेंट कम डाटा इन्ट्री ऑपरेटर के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित करने की सूचना, ग्राम पंचायत के सूचना पट्ट एवं मुनादी द्वारा कराया जाना। | दिनांक 27 जनवरी, 2026 से दिनांक 30 जनवरी, 2026 तक |
| 2 | जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय तथा विकास खण्ड कार्यालय में आवेदन पत्र जमा करने की अवधि | दिनांक 02 फरवरी, 2026 से दिनांक 16 फरवरी, 2026 तक |
| 3 | जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय तथा विकास खण्ड कार्यालय में प्राप्त आवेदनों को सम्बन्धित ग्राम पंचायत को उपलब्ध कराया जाना। | दिनांक 17 फरवरी, 2026 से दिनांक 22 फरवरी, 2026 तक |
| 4 | ग्राम पंचायत में प्राप्त आवेदन पत्रों की श्रेष्ठता सूची (मेरिट लिस्ट) तैयार करना एंव ग्राम पंचायत की प्रशासनिक समिति के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत किया जाना एंव समिति द्वारा अनुमोदित श्रेष्ठता सूची को जिला स्तरीय समिति के सदस्य सचिव (जिला पंचायत राज अधिकारी) को उपलब्ध कराया जाना। | दिनांक 23 फरवरी, 2026 से दिनांक 02 मार्च, 2026 तक |
| 5 | जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा परीक्षण एंव संस्तुति। | दिनांक 03 मार्च, 2026 से दिनांक 08 मार्च, 2026 तक |
| 6 | ग्राम पंचायत द्वारा नियुक्ति पत्र निर्गत किया जाना। | दिनांक 09 मार्च, 2026 से दिनांक 12 मार्च, 2026 तक |

**आवेदन की प्रक्रिया:** निर्धारित आवेदन के प्रारूप पर समस्त सूचनाएं अंकित कर व्यक्तिगत रूप से अथवा रजिस्टर्ड डाक से अपनी ग्राम पंचायत, विकास खण्ड कार्यालय अथवा जिला पंचायत राज अधिकारी के कार्यालय मे निर्धारित समयावधि मे उपलब्ध कराया जायेगा। समस्त चयन प्रक्रिया शासनादेश संख्या 42/2021/1235/33-3-2021-989 / 2021 दिनांक 25 जुलाई 2021 मे दिये गये प्राविधानों एवं कार्यालय जिलाधिकारी मुरादाबाद पत्रांक 6252/परावि/डी.पी.एम/पंचायत सहायक/2025-26 दिनांक 27 जनवरी 2026 के अनुरूप संचालित होंगे।

**नोट:- पंचायत सहायक का पद ग्राम प्रधान की श्रेणी के अनुरूप रहेगा।**

**सचिव**
**ग्राम पंचायत- पसियापुरा पदार्थ**
**विकास खण्ड ठाकुरद्वारा (मुरादाबाद)**

## कार्यालय ग्राम पंचायत सलेमपुर खास
## विकास खण्ड-छजलैट (मुरादाबाद)।

पत्रांक मीमो/ग्राम निधि-मनरेगा/ग्रा.पं./निविदा/2025-26 — दिनांक: 04.02.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत सलेमपुर खास विकास खण्ड छजलैट मुरादाबाद की ग्राम सभा की आयोजित बैठक में पारित कार्ययोजना के सापेक्ष पंचम राज्य वित्त-मनरेगा/पन्द्रहवां वित्त योजनान्तर्गत निर्माण कार्य ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने है। इच्छुक पंजीकृत ठेकेदार सामाग्री आपूर्ति दिनांक 14.02.2026 को 2.00 बजे तक अपनी अपनी निविदायें अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/ व्यापार कर विभाग में पंजीकरण की छायाप्रति सहित नियमानुसार जमानत राशि के साथ एफ०डी०आर० आदि संलग्न करते हुए अपनी अपनी निविदायें सामाग्री आपूर्ति हेतु अधोहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते हैं। निविदायें स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। निविदायें ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 14.02.2026 को अपराहन 3.30 बजे खोली जायेंगीं।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | मद का नाम | अनुमानित लागत | जमानत राशि | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | विनय के घर से अनवार के घर तक सीसी टाईल्स निर्माण कार्य। | - | 4 लाख | 8000/- | 150/- | 3 माह |
| 2 | नरेश के घर से पीतम के घर तक सीसी टाईल्स कार्य। | - | 2 लाख | 4000/- | 150/- | 3 माह |
| 3 | शशी के घर से मनोज की चक्की तक सीसी टाईल्स कार्य। | | 2 लाख | 4000/- | 150/- | 3 माह |
| 4 | कलुवा के घर से रमेश की चक्की तक सीसी टाईल्स कार्य। | | 2.5 लाख | 5000/- | 150/- | 3 माह |
| 5 | प्रियांशु के घर से पंकज की दुकान तक सीसी टाईल्स कार्य। | | 5 लाख | 10000/- | 150/- | 3 माह |
| 6 | योगेश के घर से महेन्द्र सैनी के घर तक सीसी टाईल्स कार्य। | | 6 लाख | 12000/- | 150/- | 3 माह |
| 7 | ऋषिपाल के घर से दिनेश सैनी के घर तक सीसी टाईल्स कार्य। | | 2.5 लाख | 5000/- | 150/- | 3 माह |
| 8 | सुलेमान की दुकान से लड्डन की दुकान तक सीसी टाईल्स कार्य। | | 7 लाख | 14000/- | 150/- | 3 माह |
| 9 | पंचायत भवन कायाकल्प। | | 5 लाख | 10000/- | 150/- | 3 माह |

**शर्तें-**
1. आयकर, व्यापार कर नियमानुसार देय होगा। ठेकेदारों को आयकर एवं व्यापार कर एवं टिन नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देना होगा।
2. निविदा को निरस्त करने का पूरा अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को होगा।
3. कोई भी निविदा सशर्त स्वीकार नहीं की जायेगी।

**सचिव/ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत सलेमपुर खास**
**विकास खण्ड छजलैट, मुरादाबाद**

## कार्यालय ग्राम पंचायत राजूपुर मिलक
## विकास खण्ड ठाकुरद्वारा (मुरादाबाद)

पत्रांक: परावि/पंचायत सहायक / 2025-26 — दिनांक: 27.01.2026

**-: विज्ञापन: -**

कार्यालय जिलाधिकारी मुरादाबाद पत्रांक 6252/परावि/डी.पी.एम/पंचायत सहायक/2025-26 दिनांक 27 जनवरी 2026 के अन्तर्गत पंचायत सहायक एकाउण्टेन्ट कम डाटा ऐन्ट्री ऑपरेटर के पद पर चयन हेतु निम्नांकित योग्यता व विवरण के अनुसार आवेदन पत्र योग्य अभ्यर्थियों से आमन्त्रित किये जाते हैं।

**कुल पद**-01

पंचायत सहायक एकाउण्टेन्ट कम डाटा ऐन्ट्री ऑपरेटर की नियुक्ति हेतु समय सारिणी निम्नवत् है:-

| क्र.स. | भर्ती प्रक्रिया | निर्धारित समय |
|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत द्वारा पंचायत सहायक / अकाउन्टेंट कम डाटा इन्ट्री ऑपरेटर के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित करने की सूचना, ग्राम पंचायत के सूचना पट्ट एवं मुनादी द्वारा कराया जाना। | दिनांक 27 जनवरी, 2026 से दिनांक 30 जनवरी, 2026 तक |
| 2 | जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय तथा विकास खण्ड कार्यालय में आवेदन पत्र जमा करने की अवधि | दिनांक 02 फरवरी, 2026 से दिनांक 16 फरवरी, 2026 तक |
| 3 | जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय तथा विकास खण्ड कार्यालय में प्राप्त आवेदनों को सम्बन्धित ग्राम पंचायत को उपलब्ध कराया जाना। | दिनांक 17 फरवरी, 2026 से दिनांक 22 फरवरी, 2026 तक |
| 4 | ग्राम पंचायत में प्राप्त आवेदन पत्रों की श्रेष्ठता सूची (मेरिट लिस्ट) तैयार करना एंव ग्राम पंचायत की प्रशासनिक समिति के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत किया जाना एंव समिति द्वारा अनुमोदित श्रेष्ठता सूची को जिला स्तरीय समिति के सदस्य सचिव (जिला पंचायत राज अधिकारी) को उपलब्ध कराया जाना। | दिनांक 23 फरवरी, 2026 से दिनांक 02 मार्च, 2026 तक |
| 5 | जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा परीक्षण एंव संस्तुति। | दिनांक 03 मार्च, 2026 से दिनांक 08 मार्च, 2026 तक |
| 6 | ग्राम पंचायत द्वारा नियुक्ति पत्र निर्गत किया जाना। | दिनांक 09 मार्च, 2026 से दिनांक 12 मार्च, 2026 तक |

**आवेदन की प्रक्रिया:** निर्धारित आवेदन के प्रारूप पर समस्त सूचनाएं अंकित कर व्यक्तिगत रूप से अथवा रजिस्टर्ड डाक से अपनी ग्राम पंचायत, विकास खण्ड कार्यालय अथवा जिला पंचायत राज अधिकारी के कार्यालय मे निर्धारित समयावधि मे उपलब्ध कराया जायेगा। समस्त चयन प्रक्रिया शासनादेश संख्या 42/2021/1235/33-3-2021-989 / 2021 दिनांक 25 जुलाई 2021 मे दिये गये प्राविधानों एवं कार्यालय जिलाधिकारी मुरादाबाद पत्रांक 6252/परावि/डी.पी.एम/पंचायत सहायक/2025-26 दिनांक 27 जनवरी 2026 के अनुरूप संचालित होंगे।

**नोट:- पंचायत सहायक का पद ग्राम प्रधान की श्रेणी के अनुरूप रहेगा।**

**सचिव**
**ग्राम पंचायत- राजूपुर मिलक**
**विकास खण्ड ठाकुरद्वारा (मुरादाबाद)**

# कुंदरकी में फायरिंग से फैली दहशत, वीडियो वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** थाना कुंदरकी क्षेत्र के कस्बे में कुछ युवकों द्वारा फायरिंग किए जाने का मामला सामने आया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद इलाके में दहशत का माहौल बन गया है। जानकारी के अनुसार कस्बा निवासी एक महिला ने पुलिस को शिकायतपत्र देकर आरो. पियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

महिला के अनुसार उसके बेटे उवैस व सुहेल दवा लेकर कुंदरकी गूलर तिराहे से घर लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में रेहान व अन्नु पुत्रगण रिजवान अपने अन्य अज्ञात साथियों के साथ खड़े मिले। आरोप है कि उन लोगों ने महिला के बेटों को पकड़ने की कोशिश की। जिस पर दोनों किसी तरह जान बचाकर घर पहुंच गए।

पीड़िता का आरोप है कि इसके बाद रेहान व अन्नु अपने अज्ञात साथियों के साथ एक रायफल व तमंचा लेकर पहुंचे और जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। आरोप है फायर उसकी बेटी मंतशा की कनपटी से सटकर निकल गया, जिससे वह बाल-बाल बची। आरोप है कि हमलावरों ने बीच-बचाव करने आए पड़ोसियों पर भी फायरिंग की। महिला ने बताया कि आरोपियों ने उसकी देव. रानी के पेट में लात मारकर चोट पहुंचाई तथा परिवार के साथ मारपीट व गाली-गलौच की।

घटना के दौरान फायरिंग व उत्पात का वीडियो भी बनाया गया, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वहीं महिला ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।



# पाकबड़ा ईदगाह में शबे-ए-बरात पर शहंशाहे दो आलम कॉन्फ्रेंस का हुआ भव्य आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी शबे-ए-बरात के मुबारक मौके पर पाकबड़ा ईदगाह के प्रांगण में शहंशाहे दो आलम कॉन्फ्रेंस का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन मदनी वेलफेयर सोसाइटी एवं शहर इमाम काजी शम्मे आलम की देखरेख में तथा हाफिज मोहम्मद अली की सदारत में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की निजामत अंसारुल कघदरी ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ कघरी फैजान की तिलावत-ए-कघुरआन से हुआ, जिसके बाद नात शरीफ पेश की गई। हाफिज मोहम्मद अली ने शिरकत करने वालों को संबोधित करते हुए इस्लाम में इल्म की अहमियत पर रोशनी डाली। मौलाना नजीरुल कघदरी ने कहा कि "इल्म हासिल करना हर मुसलमान पर फर्ज है, चाहे इसके लिए चीन तक जाना पड़े।" जबलपुर (मध्य प्रदेश) से तशरीफ लाए मौलाना रुहुल अमीन ने कघुरआन की महानता बयान करते हुए कहा कि कघुरआन अल्लाह की मुकद्दस किताब है, जिसमें हर विषय का इल्म मौजूद है। उन्होंने कहा कि यह वही किताब है जो नबी करीम ﷺ पर नाजिल हुई। साथ ही उन्होंने डॉक्टर मॉरीशस बुसाइल्ले की पुस्तक द कुरान एंड मॉडर्न साइंस का हवाला देते हुए कहा कि आधुनिक मेडिकल साइंस और नई खोजों का जिक्र भी कघुरआन में मिलता है। मुफ्ती गुलफाम रजा रामपुरी ने इस्लाह-ए-मुआशरा पर बयान देते हुए समाज में सुधार, भाईचारे और नैतिक मूल्यों को अपनाने की अपील की। शहर इमाम कघजी शम्मे आलम ने शबे-ए-बरात की फजीलत बयान करते हुए कहा कि यह रात इबादत, दुआ और मगफिरत की रात है। उन्होंने सामाजिक संदेश देते हुए कहा कि नाबालिग बच्चे बाइक न चलाएं, हेलमेट का प्रयोग करें, अधिक से अधिक पेड़ लगाएं और पानी की बचत करें। जलसे के दौरान मदरसे के तीन बच्चों की दस्तारबंदी भी की गई, जिससे माहौल और भी रूहानी हो गया। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने आए हुए सभी मेहमानों और श्रोताओं का शुक्रिया अदा किया और दुआ के साथ जलसे का समापन हुआ। पूरे आयोजन के दौरान पाकबड़ा प्रशासन मुस्तैद रहा। कार्यक्रम में हाफिज महमूद, शाने रब, कघरी सलीम, हाफिज अय्यूब, हाफिज समीर, नईम, हाफिज दानिश, हाफिज अनस, हाफिज फैजान, कघरी मुबीन, कघरी मुजम्मिल, यामीन पहलवान, हाजी एम बाई, जरीफ, अफजाल, अतीक, हाजी सरताज, सरफराज, कघरी दिलदार सहित हजारों की संख्या में अकीद. तमंद मौजूद रहे।



# विकास भवन सभागार में बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी सुश्री मृणाली अविनाश जोशी की अध्यक्षता में बेसिक शिक्षा विभाग की विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गयी, जिसमें जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी तथा समस्त जिला समन्वयक द्वारा प्रतिभाग किया गया। समग्र शिक्षा के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 विभिन्न गदो में जारी लिमिट के सापेक्ष स्थिति की समीक्षा की गयी। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देशित किया कि जनपद स्तर से विभिन्न मदों मे लिमिट के रूप में जारी की गयी धनराशि की समीक्षा करते हुए व्यय की गयी धनराशि को प्रबन्ध पोर्टल पर अपलोड किया जाना सुनिश्चित करें। विद्यालय स्तर पर निर्माण कार्य किये जाने हेतु एसएमसी के खातों में लिमिट जारी की गयी। जनपद स्तर पर जारी की गयी लिमिट 100 प्रतिशत के सापेक्ष व्यय का प्रतिशत 99.82 प्रतिशत है, सम्बन्धित जिला समन्वयक एवं लेखाकार को निर्देश दिये गये कि प्रेषित की गई धनराशि का शत-प्रतिशत व्यय आगामी तीन दिवस में सुनिश्चित किया जाये। नि:शुल्क पाठ्यपुस्तकों की समीक्षा में जनपद को जारी की धनराशि का शत-प्रतिशत उपभोग नहीं किया गया है। जनपद को नि:शुल्क पाठ्यपुस्तकों के भुगतान हेतु रू 287.71 (लाख) की धनराशि लिमिट के रूप में प्राप्त हुई है, जिसमें से अद्यतन रू0 163.10 (लाख) का व्यय हुआ है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिये गये कि शेष धनराशि के भुगतान किये जाने हेतु तत्काल पत्रावली मे अपेक्षित अभिलेख संलग्न कर प्रस्तुत करें। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में व्यय का प्रतिशत 37.46 प्रतिशत है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद स्तर माह मार्च तक के व्यय हेतु अपेक्षित धनराशि प्राप्त हो चुकी है। जिस कारण व्यय का प्रतिशत निम्न प्रदर्शित हो रहा है। निर्देश दिये गये कि आवश्कतानुसार तत्काल व्यय किया जाये। जिला परियोजना कार्यालय मे रिक्त जिला समन्वयक व अन्य पदो हेतु जारी किये गये विज्ञापन उपरान्त जिन अभ्यर्थियों का साक्षात्कार हो चुका है। उसमे मानक के अनुरूप उपस्थित अभ्यर्थियों मे से योग्य का चयन करते हुए शेष पदो के पुन: रैण्डम / सम्पूर्ण सूची प्राप्त करते हुए 15 फरवरी 2026 तक चयन की कार्यवाही पूर्ण कर लें। विकास खण्ड बिलारी मे निर्माणाधीन ब्लॉक संसाधन केन्द्र का निर्माण कार्य अद्यतन आरम्भ न होने के सम्बन्ध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिये गये कि कार्यदायी संस्था से सम्पर्क कर निर्माण कार्य तत्काल आरम्भ कराया जाना सुनिश्चित करें। नवीन शैक्षिक सत्र 2026-27 मे यह सुनिश्चित कर लिया जाये कि जनपद में संचालित समस्त कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालयों मे वर्तमान सत्र में अध्yयनरत कक्षा-8 की छात्रायें अनिवार्य रूप से उसी विद्यालय की कक्षा 9 में प्रवेश लें।



# 39 लाख की लागत से बन रहे कूड़ा घर निर्माण में घटिया सामग्री का इस्तेमाल, निर्माण कार्य रुकवाया

**ठाकुरद्वारा।** नगर पालिका द्वारा शहर के कूड़े के निस्तारण के लिए 39 लाख रुपये की लागत से बनाए जा रहे कूड़ा घर में बड़ा अनियमितता का मामला सामने आया है। आरोप है कि पालिका अधिकारियों की मिलीभगत से निर्माण में घटिया गुणवत्ता की सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा था। मामले की जानकारी मिलने पर नगर पालिका प्रशासन ने तत्काल निर्माण कार्य रोक दिया है। नगर पालिका के (जेई) दौलत सिंह ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि कूड़ा घर की चारदीवारी के निर्माण में घटिया सामग्री लगाए जाने की सूचना मिली थी, जिसके बाद कार्य रुकवा दिया गया। जेई दौलत सिंह के मुताबिक, मामले की विस्तृत जांच की जाएगी और दोषी पाए जाने पर उनके खिलाफ कड़ी अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि पालिका परियोजनाओं में गुणवत्ता से कोई समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस घटना से शहर के नागरिकों में गहरा रोष है। उनका कहना है कि करदाताओं के पैसे से चलने वाली परियोजनाओं में इस तरह के घपले सरकारी तंत्र की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े करते हैं। नागरिकों ने मांग की है कि न केवल दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए, बल्कि पूरे निर्माण कार्य की गुणवत्ता की पुन: जांच की जाए। स्थानीय सामा. जिक कार्यकर्ताओं ने इस मामले की निष्पक्ष जांच के लिए एक उच्च स्तरीय समिति गठित करने की मांग की है। उनका आरोप है कि बिना अधिकारियों की सांठगांठ के इस तरह के बड़े पैमाने पर घटिया सामग्री का इस्तेमाल असंभव है।



## गोकुलदास हिंदू गर्ल्स कॉलेज में पांच दिवसीय गाइडिंग कैंप के तृतीय दिवस दी गई महत्वपूर्ण जानकारियां

**मुरादाबाद।** गोकुलदास हिंदू गर्ल्स कॉलेज के बी.एड. विभाग द्वारा आयोजित पांच दिवसीय गाइडिंग कैंप के तृतीय दिवस का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर डॉ. चारू मेहरोत्रा ने अपने प्रेरक उद्बोधन में छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले दो दिनों में छात्राओं ने केवल टेंट लगाना, गांठें बांधना और मार्च-पास्ट करना ही नहीं सीखा, बल्कि सीमित संसाधनों में बेहतर जीवन जीने की कला भी सीखी है। उन्होंने कहा कि शिक्षक का जीवन भी इसी प्रकार चुनौतियों से भरा होता है और जिस प्रकार कैंप में धूप व थकान के बावजूद लक्ष्य प्राप्ति का प्रयास किया जाता है, उसी तरह भविष्य में समाज से अज्ञानता को दूर करने का दायित्व शिक्षकों का होगा।जिला संगठन आयुक्त (गाइड) मोनिका कुमारी द्वारा फ्लैग होस्टिंग, गांठबंधन, झंडों की जानकारी, दैनिक कार्यक्रम, प्राथमिक चिकित्सा एवं आपदा प्रबंधन का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम का संचालन एवं संयोजन रेंजर एवं बी.एड. विभाग प्रभारी प्रोफेसर एकता भाटिया द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की अनेक शिक्षिकाओं ने उपस्थित रहकर छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। शिविर में शमा, आलिया, अक्षिता, किरण, हर्षिता, शगुन, दरख्शा, वंदना, फवेहा सहित अन्य छात्राओं ने सक्रिय सहभागिता की। शिविर का उद्देश्य छात्राओं में अनुशासन, नेतृत्व एवं राष्ट्र निर्माण की भावना विकसित करना रहा।

## तीसरे दिन डिजिटल लिटरेसी विषय पर दिया प्रशिक्षण

**ठाकुरद्वारा।** बुधवार को तीसरे दिन विकास खंड ठाकुरद्वारा के सभागार में डिजिटल लिटरेसी विषय पर ग्राम प्रधान,ग्राम पंचायत सदस्य, क्षेत्र पंचायत सदस्यों का प्रशिक्षण हुआ। प्रशिक्षण में फैकल्टी मैनेजर डॉ. नवनीत शेखर सिंह (डीपीआरसी सम्भल) ने डिजिटल वॉलेट, यूपीआई, तथा नेट बैंकिंग से संबंधित जानकारी प्रदान की। मास्टर ट्रेनर सत्येन्द्र सिंह ने डिजिटल बेकिंग, डिजिटल साक्षरता, व्हाट्सएप उपयोग से संबंधित जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि साइबर फ्रॉड के बढ़ते हुए ग्राफ को देखते हुए ऑनलाइन पेमेंट करते समय क्यूआर कोड का उपयोग करें तथा सर्व प्रथम एक रुपया भेज कर संतुष्टि कर लें। व्हाट्सएप को हैक होने से बचाने के लिए उन्होंने बताया कि व्हाट्सएप अप्लीकेशन में सेटिंग में अकाउंट में टू स्टेप वेरिफिकेशन चालू करें व छ: अंकों का पिन दर्ज करें। ऐसा करने से ओटीपी मिलने पर भी व्हाट्सएप हैक नहीं हो पाएगा। यदि व्हाट्सएप हैक हो गया है तब व्हाट्सएप को अनइनस्टॉल कर प्ले स्टोर से फिर से इंस्टॉल करें। अपना मोबाइल नंबर डालकर ओटीपी दर्ज करें तथा फिर से टू स्टेप वेरीफिकेशन चालू करें। इससे व्हाट्सएप आपके नियंत्रण में आ जाएगा तथा हैकर लॉगआउट हो जायेगा।

# नाला निर्माण से सड़क पर फैला गंदा पानी

## कबीर गली व शीकरी गेट में जलभराव से राहगीर और छात्र परेशान

**चन्दौसी।** नगर में चल रहे नाला निर्माण कार्य के चलते नाले का रुख बदले जाने से शीकरी गेट और कबीर गली क्षेत्र में नाले का गंदा पानी सड़क पर फैल गया। इसके कारण बुधवार को इन क्षेत्रों में भारी जलभराव की स्थिति बन गई, जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। मोहल्ले के लोगों का कहना है कि बरसात के मौसम में भी कबीर गली में सबसे अधिक जलभराव की समस्या रहती है। गंदे पानी के कारण राहगीरों को मजबूरी में उसी से होकर गुजरना पड़ता है, जिससे बीमारी फैलने का खतरा बना रहता है। बुधवार को हालात ऐसे रहे कि कबीर गली और शीकरी गेट से गुजरने वाले राहगीरों के साथ-साथ स्कूली छात्र-छात्राओं को भी गंदे पानी से होकर निकलना पड़ा। स्थानीय लोगों ने नगरपालिका से मांग की है कि नाला निर्माण कार्य के दौरान वैकल्पिक जलनिकासी की उचित व्यवस्था की जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके।




**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-मुरादाबाद।**
**पताः-विकास भवन, कॉठ रोड, मुरादाबाद।**

मैन्यूवल निविदा की प्रेस सूचना (द्वितीय बार)

पत्रांक- 1402/ग्रा0अ0वि0/निविदा पत्राली/पत्रावली सं0.../अनु0स0/2025-26/ दिनांक 29.01.2026

महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-मुरादाबाद के द्वारा ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग उ0प्र0 में ए. बी. सी. डी एवं ई श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से *मैन्यूवल विधि* के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। *बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न बिल ऑफ क्वान्टिटी के अंकित दरों में जी0एस0टी0 के अतिरिक्त अन्य सभी कर सम्मिलित है, जी0एस0टी0 का भुगतान सरकार के निर्देशानुसार नियमानुसार अलग से किया जायेगा।* निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा दे सकता है।

1. कार्य से सम्बंधित विवरण निम्नवत् है:-

| क्र0 सं0 | जनपद का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत जी0एस0टी0 सहित (लाख रू0 में) | बिड सिक्योरिटि (इ0एम0डी0) (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य कर सहित (यदि आवश्यक हो) (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि वर्षात्रृतु सहित | अधीक्षण अभियन्ता कार्यालय | जिलाधिकारी कार्यालय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | मुरादाबाद | नगर पंचायत भोजपुर धर्मपुर-1 में सरकारी उचित दर की दुकान एवं जनसुविधा केन्द्र का निर्माण कार्य। | 8.462 | 0.17 | 766.00 | 06 माह | टी0ए0-1, आशियाना फेज-1, एम0डी0ए0 कालोनी, कॉठ रोड, मुरादाबाद। | कलेक्ट्रेट मुरादाबाद |
| 2 | मुरादाबाद | नगर पंचायत भोजपुर धर्मपुर-2 में सरकारी उचित दर की दुकान एवं जनसुविधा केन्द्र का निर्माण कार्य। | 8.462 | 0.17 | 766.00 | 06 माह | | तदैव |
| 3 | मुरादाबाद | नगर पंचायत भोजपुर धर्मपुर-3 में सरकारी उचित दर की दुकान एवं जनसुविधा केन्द्र का निर्माण कार्य। | 8.462 | 0.17 | 766.00 | 06 माह | तदैव | तदैव |
| 4 | मुरादाबाद | नगर पंचायत भोजपुर धर्मपुर-4 में सरकारी उचित दर की दुकान एवं जनसुविधा केन्द्र का निर्माण कार्य। | 8.462 | 0.17 | 766.00 | 06 माह | तदैव | तदैव |
| 5 | मुरादाबाद | नगर पंचायत भोजपुर धर्मपुर-5 में सरकारी उचित दर की दुकान एवं जनसुविधा केन्द्र का निर्माण कार्य। | 8.462 | 0.17 | 766.00 | 06 माह | तदैव | तदैव |
| 6 | मुरादाबाद | ग्राम पंचायत पंडिया में सरकारी उचित दर की दुकान एवं जनसुविधा केन्द्र का निर्माण कार्य। | 8.462 | 0.17 | 766.00 | 06 माह | तदैव | तदैव |
| 7 | मुरादाबाद | ग्राम पंचायत असदपुर में सरकारी उचित दर की दुकान एवं जनसुविधा केन्द्र का निर्माण कार्य। | 8.462 | 0.17 | 766.00 | 06 माह | तदैव | तदैव |
| 8 | मुरादाबाद | ग्राम पंचायत गजुपुर में सरकारी उचित दर की दुकान एवं जनसुविधा केन्द्र का निर्माण कार्य। | 8.462 | 0.17 | 766.00 | 06 माह | तदैव | तदैव |
| 9 | मुरादाबाद | ग्राम पंचायत कादरपुर मस्ती में सरकारी उचित दर की दुकान एवं जनसुविधा केन्द्र का निर्माण कार्य। | 8.462 | 0.17 | 766.00 | 06 माह | तदैव | तदैव |
| 10 | मुरादाबाद | ग्राम पंचायत मुडिया राजा में सरकारी उचित दर की दुकान एवं जनसुविधा केन्द्र का निर्माण कार्य। | 8.462 | 0.17 | 766.00 | 06 माह | तदैव | तदैव |
| 11 | मुरादाबाद | ग्राम पंचायत धनुपुर तुरखेडा में सरकारी उचित दर की दुकान एवं जनसुविधा केन्द्र का निर्माण कार्य। | 8.462 | 0.17 | 766.00 | 06 माह | तदैव | तदैव |
| 12 | मुरादाबाद | ग्राम पंचायत अभनपुर नरौली में सरकारी उचित दर की दुकान एवं जनसुविधा केन्द्र का निर्माण कार्य। | 8.462 | 0.17 | 766.00 | 06 माह | तदैव | तदैव |
| 13 | मुरादाबाद | ग्राम पंचायत सदरपुर मतलबपुर में सरकारी उचित दर की दुकान एवं जनसुविधा केन्द्र का निर्माण कार्य। | 8.462 | 0.17 | 766.00 | 06 माह | तदैव | तदैव |
| 14 | मुरादाबाद | ग्राम पंचायत हरिनूरपुर में सरकारी उचित दर की दुकान एवं जनसुविधा केन्द्र का निर्माण कार्य। | 8.462 | 0.17 | 766.00 | 06 माह | तदैव | तदैव |
| 15 | मुरादाबाद | ग्राम पंचायत उमरी कला-1 में सरकारी उचित दर की दुकान एवं जनसुविधा केन्द्र का निर्माण कार्य। | 8.462 | 0.17 | 766.00 | 06 माह | तदैव | तदैव |
| 16 | मुरादाबाद | ग्राम पंचायत उमरीकला-2 में सरकारी उचित दर की दुकान एवं जनसुविधा केन्द्र का निर्माण कार्य। | 8.462 | 0.17 | 766.00 | 06 माह | तदैव | तदैव |
| 17 | मुरादाबाद | ग्राम पंचायत उमरीकला-3 में सरकारी उचित दर की दुकान एवं जनसुविधा केन्द्र का निर्माण कार्य। | 8.462 | 0.17 | 766.00 | 06 माह | तदैव | तदैव |
| 18 | मुरादाबाद | ग्राम पंचायत उमरीकला-4 में सरकारी उचित दर की दुकान एवं जनसुविधा केन्द्र का निर्माण कार्य। | 8.462 | 0.17 | 766.00 | 06 माह | तदैव | तदैव |
| 19 | मुरादाबाद | ग्राम पंचायत सिहाली खददर में सरकारी उचित दर की दुकान एवं जनसुविधा केन्द्र का निर्माण कार्य। | 8.462 | 0.17 | 766.00 | 06 माह | तदैव | तदैव |
| 20 | मुरादाबाद | ग्राम पंचायत मानपुर साबित में सरकारी उचित दर की दुकान एवं जनसुविधा केन्द्र का निर्माण कार्य। | 8.462 | 0.17 | 766.00 | 06 माह | तदैव | तदैव |
| 21 | मुरादाबाद | ग्राम पंचायत रायभूड में सरकारी उचित दर की दुकान एवं जनसुविधा केन्द्र का निर्माण कार्य। | 8.462 | 0.17 | 766.00 | 06 माह | तदैव | तदैव |
| 22 | मुरादाबाद | ग्राम पंचायत बोबदवाला में सरकारी उचित दर की दुकान एवं जनसुविधा केन्द्र का निर्माण कार्य। | 8.462 | 0.17 | 766.00 | 06 माह | तदैव | तदैव |
| 23 | मुरादाबाद | ग्राम पंचायत कमालपुरी खालसा में सरकारी उचित दर की दुकान एवं जनसुविधा केन्द्र का निर्माण कार्य। | 8.462 | 0.17 | 766.00 | 06 माह | तदैव | तदैव |
| 24 | मुरादाबाद | ग्राम पंचायत पसियापुर पदार्थ में सरकारी उचित दर की दुकान एवं जनसुविधा केन्द्र का निर्माण कार्य। | 8.462 | 0.17 | 766.00 | 06 माह | तदैव | तदैव |
| 25 | मुरादाबाद | ग्राम पंचायत बैरमपुर में सरकारी उचित दर की दुकान एवं जनसुविधा केन्द्र का निर्माण कार्य। | 8.462 | 0.17 | 766.00 | 06 माह | तदैव | तदैव |
| 26 | मुरादाबाद | ग्राम पंचायत रानीनांगल में सरकारी उचित दर की दुकान एवं जनसुविधा केन्द्र का निर्माण कार्य। | 8.462 | 0.17 | 766.00 | 06 माह | तदैव | तदैव |

2. निविदा सूचना में अंकित कार्यालयों में बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि:-06.02.2026
3. निविदा बिक्री प्रारम्भ की तिथि, समय व स्थान:-06.02.2026 को कार्यालय अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखण्ड-मुरादाबाद, अधीक्षण अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग परिमण्डल-मुरादाबाद एवं जिलाधिकारी जनपद-मुरादाबाद पुर्वान्ह 10:00 बजे से।
4. निविदा बिक्री के लिए अन्तिम तिथि, समय व स्थान:-21.02.2026 को कार्यालय अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखण्ड-मुरादाबाद, अधीक्षण अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग परिमण्डल-मुरादबाद एवं जिलाधिकारी जनपद-मुरादाबाद अपरान्ह 04:00 बजे तक।
5. निविदा प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि, समय व स्थान:-23.02.2026 को दोपहर 12:00 बजे तक क्रम सं0 03 पर अंकित स्थानों पर।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय व स्थान:-23.02.2026 को दोपहर 03:00 बजे, कार्यालय अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखण्ड-मुरादाबाद अथवा सक्षम अधिकारी के निर्देशानुसार।
7. टेण्डर प्रक्रिया से पूर्व का कोई भी शपथपत्र मान्य नही होगा।
8. निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज-9 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है, जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नही किया जायेगा। अधिक जानकारी के लिए कृपया नियोक्ता कार्यालय अर्थात अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखण्ड-मुरादाबाद में सम्पर्क करें।

सभी सम्भावित निविदादाता को सलाह है कि बिड सब्मिट करने से पूर्व बिड डाक्यूमेन्ट को भली भाँति पढ़ लें।

अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग,
प्रखण्ड-मुरादाबाद
श्री राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से।

UPID-245173, DATE-03/02/2026
WEBSITE-www.up.gov.in

# सदर कोतवाली क्षेत्र में रिटायर्ड कर्मचारी के घर लगी भीषण आग, घर का सारा सामान जलकर हुआ राख





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** सदर कोतवाली क्षेत्र के नई बस्ती, बाड़ा शाह सफा में मंगलवार शाम करीब 4 बजे अचानक भीषण आग लगने से इलाके में हड़कंप मच गया। आग बिजली विभाग से सेवानिवृत्त खलील उर रहमान के मकान में शॉर्ट सर्किट के कारण लगी, जिसने कुछ ही देर में विकराल रूप ले लिया। आग की चपेट में आकर घर का सारा घरेलू सामान, कीमती फर्नीचर, कपड़े तथा सोने-चांदी के जेवरात जलकर राख हो गए। इस घटना में परिवार को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है।आग लगने के समय घर पर खलील उर रहमान की पत्नी शाहजहां और पुत्रवधू रेशमा पत्नी टिंकू मौजूद थीं। सौभाग्य से दोनों सुरक्षित बाहर निकल आईं। उस समय खलील उर रहमान और उनका बेटा टिंकू घर से बाहर गए हुए थे, जबकि उनके दो अन्य बेटे इस्लाम और मुन्ना पास ही स्थित दूसरे मकान में रहते हैं।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग लगते ही मोहल्ले में अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने तुरंत आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। बताया गया कि मंगल बाजार लगने के कारण फायर ब्रिगेड की गाड़ी आधे घंटे तक जाम में फंसी रही, जिससे आग और अधिक फैल गई। इस दौरान नई बस्ती चौकी इंचार्ज मौके पर पहुंचे, लेकिन स्थानीय लोगों का आरोप है कि पुलिस मूकदर्शक बनी रही। मोहल्ले वासियों ने समरसेबल चलाकर और अपने संसाधनों से किसी तरह आग पर काबू पाया। आग बुझने के बाद घर पूरी तरह क्षतिग्रस्त नजर आया। पीड़ित परिवार ने प्रशासन से आर्थिक सहायता और नुकसान का मुआवजा देने की मांग की है।

# गुमथल गांव में जलभराव से जनजीवन प्रभावित, ग्रामीणों का जोरदार प्रदर्शन



**चन्दौसी।** विकासखंड बनियाखेड़ा के गांव गुमथल में मुख्य मार्ग पर नाले का गंदा पानी भर जाने से हालत लगातार बिगड़ते जा रहे हैं। सड़क पर जलभराव के कारण ग्रामीणों को पैदल निकलना भी मुश्किल हो गया है। इसमें आए दिन बाइक व पैदल निकलने वाले स्कूल बच्चे व ग्रामीण फिसल कर चोटिल हो रहे हैं। इस संबंध में मोहल्ले वालों ने ग्राम प्रधान से बहुत बार शिकायत की लेकिन बेअसर साबित हुई।

ग्रामीणों को कहना है कि सड़क पर जलभराव की समस्या लंबे समय से बनी हुई है इसका कारण यह है कि रास्ते में पुलिया के ऊपर बने स्लैप टूट जाने से तथा नाले की साफ सफाई न होने और जल निकासी की ठीक व्यवस्था न होने के कारण नाले का पानी सड़क पर फैल रहा है इससे ना सिर्फ मुख्य मार्ग क्षतिग्रस्त हो रहा है बल्कि पूरे गांव में गंदगी और दुर्गंध का वातावरण बना हुआ है जबकि यह रास्ता जूनियर हाई स्कूल बली मोहम्मद स्कूल के सामने से होकर थाना बनियाठेर थाना को जोड़ता है। गांव के ही डॉ0 श्याम सिंह ने बताया है कि इसकी शिकायत मोहल्ले वालों ने प्रधान से अधिक बार कर दी लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई है। आए दिन मोहल्ले वालों एवं निकालने वालों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जलभराव का मुख्य कारण पुलिया का स्लिप टूट जाने से परेशानी हो रही है जिसको देखते हुए आज मोहल्ले वालों ने प्रदर्शन किया है प्रदर्शन करने वाले में डॉ0 श्यामसिंह, अशोक कुमार, योगेश कुमार, दिनेश कुमार, गिरिराज कुमार, अजब सिंह, बबलू कुमार आदि ग्रामीण शामिल रहे।

# डॉ. भीमराव अंबेडकर जूनियर हाईस्कूल में स्काउट-गाइड शिविर का समापन

**चन्दौसी।** ग्राम पथरा स्थित डॉ0 भीमराव अंबेडकर जूनियर हाईस्कूल में चल रहे स्काउट गाइड शिविर का तीसरे दिन समापन हुआ। बुधवार को स्काउट गाइड कमिश्नर संगीता भार्गव कैंप में पहुंची और शिविर का निरीक्षण किया। शिविर में बच्चों की अलग अलग टोली बनाकर उनसे टेंट लगवाए गए। संगीता भार्गव ने टैंटों का निरीक्षण किया और बच्चों से शिविर के दौरान सीखे गए कामों के बारे में जानकारी ली। बच्चे भी टैंटों के निरीक्षण के दौरान काफी उत्साहित दिखाई दिए। बच्चों द्वारा की गई मेहनत पर संगीता भार्गव ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। जिला संगठन आयुक्त मीनू राघव, सहायक नीलम कुमारी ने बच्चों को तीन दिन का प्रशिक्षण दिया। शिविर में बताया गया कि एक दूसरे की मदद से असंभव कार्य को भी संभव किया जा सकता है। साथ ही एकता बनाकर रखनी चाहिए। प्रधानाचार्या आशा गोस्वामी ने सभी बच्चों का उत्साहवर्धन किया। स्कूल संचालक महानंदन गौतम का शिविर में सहयोग रहा। इस दौरान प्रधानाचार्या आशा गोस्वामी, नीरज शर्मा, प्रवीन कुमार, सत्येंद्र सिंह, सत्यपाल सिंह, अश्विनी शर्मा, रंजीत कुमार, रमन शर्मा, सीमा अग्रवाल, आभा रानी, क्षमता,शालू सुशीला, रेशमा,अनामिका यादव, खुशबू, वंशिका सक्सेना, रंजीत कौर, दुर्गेशनंदिनी, आरती सिंह, योगेश, गीता, श्याम सिंह आदि उपस्थित रहे।



# आईएफटीएम विश्वविद्यालय में हुआ संगोष्ठी का आयोजन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय, मुरादाबाद के इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स (आईपीआर) सेल और इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी) के सहयोग से ''टेक्नोलॉजी रेडीनेस लेवल (टीआरएल), मैन्युफैक्चरिंग रेडीनेस लेवल (एमआरएल), इनोवेशन रेडीनेस लेवल (आईआरएल), आईपी कमर्शियलाइजेशन एवं टेक्नोलॉजी ट्रांसफर'' विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नवाचार को व्यावसायिक रूप देने तथा बौद्धिक संपदा अधिकारों की उपयोगिता से विद्यार्थियों एवं शोधकर्ताओं को अवगत कराना रहा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। इस संगोष्ठी में गुरुग्राम स्थित 'इंजीनियस ई-ब्रेन' कंपनी के ग्रुप मैनेजर डॉ. देवेंद्र कुमार यादव मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। डॉ. यादव ने अपने व्याख्यान में बताया कि किसी भी नवाचार को बाजार तक पहुँचाने के लिए टेक्नोलॉजी रेडीनेस लेवल की समझ अत्यंत आवश्यक है। साथ ही उन्होंने आईपी संरक्षण, पेटेंट प्रक्रिया, टेक्नोलॉजी ट्रांसफर तथा रिसर्च को कमर्शियलाइज करने की रणनीतियों पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में आईपीआर सेल के समन्वयक डॉ. नवनीत वर्मा, डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर डॉ. अरुण कुमार मिश्रा तथा आईआईसी के अध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार की गरिमामयी उपस्थिति रही। डॉ. वर्मा ने अपने वक्तव्य में कहा कि आज के समय में नवाचार और अनुसंधान को केवल प्रयोगशाला तक ही सीमित नहीं रखा जा सकता, बल्कि उसे समाज और उद्योग से जोड़कर व्यावसायिक रूप देना आवश्यक है। वहीं डॉ. मिश्रा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए बताया कि प्रौद्योगिकी तत्परता स्तरों का प्राथमिक उद्देश्य प्रबंधन को प्रौद्योगिकी के विकास और संक्रमण से संबंधित निर्णय लेने में सहायता करना है। यह संगठन के भीतर अनुसंधान और विकास गतिविधियों की प्रगति को प्रबंधित करने के लिए आवश्यक कई उपकरणों में से एक है। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में स्कूल ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज के विभागाध्यक्ष डॉ. प्रशांत उपाध्याय, डॉ. श्वेता वर्मा, डॉ. विजय शर्मा, डॉ. सुकृति उपाध्याय, डॉ. अलंकार श्रीवास्तव, डॉ. प्रवेश कुमार, डॉ. महावीर सिंह समेत अनेक शिक्षकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संच.।लन मिस ऋतिका सक्सेना द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के अंत में डॉ. श्वेता वर्मा विभागाध्यक्ष फार्मेसी अकादमी के द्वारा मुख्य वक्ता के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस दौरान विश्व. विद्यालय के विभिन्न स्कूलों के 100 से अधिक छात्र-छात्राओं ने संगोष्ठी के विषय से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की, साथ ही कई शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## एक नजर

### तौबा करने वालों को अल्लाह पसंद फरमाता है: मौलाना अहसान अत्तारी



**कुन्दरकी।** नगर के मोहल्ला कायस्थान स्थित दावते इस्लामी इन्डिया के मदरसे में इज्तेमा ए शबे बरात का आयोजन किया गया जिसमें गुनाहों से तौबा करने और नेक अमल करने पर जौर दिया इज्तेमा का आगाज कुरआन पाक की तिलावत से कारी अब्दुल वकील अत्तारी ने किया और गुलाम नबी अत्तारी ने खुदा ए पाक की हम्द पेश की इसके बाद मुबल्लिगे दावते इस्लामी इन्डिया मौलाना हाजी अहसान अत्तारी ने अपने बयान में कहा शबे बरआत यानी छुटकारा पाने वाली रात में बारगाहे खुदा से सदाऐं आती हैं है कोई बखिश्श चाहने वाला में उसे बख्श दूं है कोई तौबा करने वाला के में उसकी तौबा कबूल करूं है।

कोई रोजी मांगने वाला में उसे रोजी दूं है कोई औलाद का तलबगार के में उसे औलाद अता करूं रात भर यही सदाऐं बुलन्द होती रहती हैं करले तौबा रब की रहमत है बड़ी कब्र में वरना सजा होगी कड़ी आखिर में सलातो सलाम के बाद मुल्क व मिल्लत की खुशहाली के लिए दुआ कराई और लगंरे रजवीया में सहरी कराई गई इस मौके पर कघरी इमरान अत्तारी कघरी आरिफ अत्तारी हाजी रियाज उद्दीन अत्तारी कघरी साजिद रजा फिदा हुसैन अत्तारी अरकान कघदरी काशिफ अत्तारी आदि मौजूद रहे।

### जीएसटी छापेमारी से सर्राफा बाजार में हड़कंप, अधिकांश दुकानें रहीं बंद

**चन्दौसी।** नगर के बुधवार को सर्राफा बाजार में जीएसटी विभाग द्वारा पुलिस बल की मौजूदगी में की गई छापामारी से हड़कंप मच गया। जीएसटी टीम के पहुंचते ही अधिकांश सर्राफा दुकानदारों ने अपनी दुकानें बंद कर दीं। बताया जा रहा है कि शादी-विवाह के सीजन के चलते व सोने-चांदी के दामों में आई गिरावट के कारण लोग आभूषण खरीदने बड़ी संख्या में पहुंचे रहे हैं। इधर, जीएसटी टीम पुलिस बल के साथ मोन्टू सर्राफ की दुकान पर पहुंची। अधिकारियों का कहना था कि मोन्टू सर्राफ के खिलाफ उन्हें शिकायत प्राप्त हुई थी, उसी के आधार पर जांच की जा रही है और किसी अन्य दुकानदार को अनावश्यक रूप से परेशान नहीं किया जाएगा। छापेमारी की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में व्यापारी नेता भी मौके पर पहुंच गए। व्यापारी नेता प्रेम ग्रोवर ने कहा कि किसी भी व्यापारी का उत्पीड़न नहीं होने दिया जाएगा। वहीं व्यापारियों ने मौके पर 'व्यापारी एकता जिंदाबाद' के नारे लगाए। व्यापारी प्रतीक अग्रवाल ने कहा कि पहले ही सर्राफा व्यापारी महंगाई और कीमतों के उतार-चढ़ाव से परेशान हैं। अब जब ग्राहक आना शुरू हुए हैं, तो जीएसटी अधिकारियों की कार्रवाई से कारोबार प्रभावित हो रहा है। मौके पर व्यापारियों और अधिकारियों के बीच नोंकझोंक भी हुई।



### पुलिस परिवार परामर्श केन्द्र ने की बैठक

**चन्दौसी।** पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र की बैठक प्रभारी डॉ0 रुकमपाल सिंह की देखरेख में गौशाला रोड चन्दौसी स्थित पिंक चौकी में संपन्न हुई जिसमें पति-पत्नी के मध्य हुए आपसी विवादों का निस्तारण करने का प्रयास किया गया। जहां कुल 16 पत्रावली सुनकर 08 पत्रावली का निस्तारण किया गया और 04 परिवार को मिलाया गया। साथ ही 2 पत्रावली पर आवेदक द्वारा बल न देने के कारणबंद की गई एवं दो पत्रावली पर विधिक कार्रवाई की संतति की गई। इस अवसर पर काउंसलर श्वेता गुप्ता, पूनम अरोरा, सबइंस्पेक्टर महेश गंगवार, हेड कांस्टेबल महेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।



# महिला थाना व सिविल लाइन थाने का राज्य महिला आयोग की सदस्य ने किया निरीक्षण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य संगीता जैन ने बुधवार को महिला थाना एवं सिविल लाइन थाने का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थानों में महिलाओं से संबंधित मामलों के निस्तारण, शिकायत पंजीकरण की प्रक्रिया, पीड़ित महिलाओं की सुनवाई और सुरक्षा से जुड़ी व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया।महिला थाना निरीक्षण के समय उन्होंने महिला हेल्प डेस्क, परामर्श कक्ष और अभिलेखों की जांच की। साथ ही वहां मौजूद महिला पुलिस कर्मियों से बातचीत कर कार्यप्रणाली की जानकारी ली।उन्होंने थाने में आई महिलाओं से भी संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और त्वरित व संवेदनशील कार्रवाई के निर्देश दिए।इसके बाद संगीता जैन ने सिविल लाइन थाने का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने थाना परिसर की साफ-सफाई, अभिलेखों के रख-रखाव, सीसीटीवी व्यवस्था और जनसुनवाई की स्थिति का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधिकारियों को महिलाओं की शिकायतों पर गंभीरता और प्राथमिकता से कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।निरीक्षण में दोनों थानों की व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं। संगीता जैन ने पुलिस प्रशासन के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि महिलाओं की सुरक्षा और न्याय सुनिश्चित करना राज्य महिला आयोग की प्राथमिकता है। उन्होंने निर्देश दिए कि पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने के लिए कार्यप्रणाली को और अधिक मजबूत किया जाए।

# एसएस इंटर कॉलेज में आयोजित सम्मान समारोह कार्यक्रम में पवन तिवारी का किया स्वागत



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शहर के बुध बाजार स्टेशन रोड पर स्थित एसएस इंटर कॉलेज में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षणेत्तर संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष पवन तिवारी के सम्मान में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में जनपद के विभिन्न शिक्षक एवं कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारियों ने उपस्थित होकर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।इस अवसर पर संदीप बडोला, डिप्लोमा फार्मेसी संघ के प्रदेश अध्यक्ष, हेमंत चौधरी जिला मंत्री, राष्ट्रीय शैक्षिक शिक्षक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष जोगेंद्र पाल सिंह, यूपी एजुकेशन मिनिस्ट्री एसोसिएशन के जिला मंत्री ओमपाल सिंह, जिलाध्यक्ष विशेष कुमार, सुक्लेश शर्मा, संजीव चौधरी, सुरेंद्र पाल विभाग संच.।लक, आरएसएस, सुनित गिरि उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ, प्रदेश संयोजक, जिला अध्यक्ष राजीव शर्मा शिक्षक संघ, पुष्पेश मिश्रा, संचालक जसविंदर सिंह बेदी सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।समारोह को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष पवन तिवारी ने शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की समस्याओं, अधिकारों और हितों की रक्षा के लिए संगठन की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की एकजुटता से ही उनकी मांगों को प्रभावी रूप से शासन तक पहुंचाया जा सकता है।जिलाध्यक्ष विशेष कुमार, उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षणेत्तर संघ ने अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से संगठन को नई ऊर्जा मिलती है। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

# आधार वेरिफिकेशन होने के बाद ही रजिस्ट्री करने का काम शुरू

## जमीनी घोटाले से मिलेगी अब कुछ राहत

**कांठ (शाह टाइम्स)।** सरकार की नई व्यवस्था के चलते अब जमीनी घोटाले से लोगों को राहत मिलने वाली है इसको लेकर अब 2 फरवरी से काम शुरू हो चुका है सरकार का सर्कुलर आया था जिसमें 1 फरवरी से पूरे प्रदेश में एक साथ आधार वेरिफिकेशन के बाद ही डॉक्यूमेंट रजिस्ट्रेशन करने के निर्देश दिए गए थे।

लेकिन पहली फरवरी को रविवार होने के कारण इसकी शुरुआत 2 फरवरी से पूरे प्रदेश में कर दी गई अब जमीन खरीदने और बेचने वालों के लिए जब कोई आवेदन करेगा तो आधार बेस्ड सत्यापन में हां या ना के ऑप्शन पर क्लिक करना होगा जिस मोबाइल नंबर से आधार लिंक है उस पर ओटीपी जाएगा ओटीपी भरने से आधार सत्यापित हो जाएगा उसका आवेदन उनके कार्यालय के ऑपरेटर के पास आ जाएगा जब खरीदार और विक्रेता उनके कार्यालय में आएगा तो वहां पर एक डिवाइस रहेगी इस पर वह अपना अंगूठा लगाएगा उससे वह मैच करता है तो आधार वेरीफाई हो जाएगा इसके बाद ही अंगूठा इंप्रेशन लेकर और फोटो खींचकर पंजीकरण संपूर्ण माना जाएगा। इससे जो व्यक्ति फर्जी पहचान पत्र लेकर आ जाता था वह फर्जी वाडा नहीं कर पाएगा बताया गया कि एनआईसी केंद्र मुख्यालय लखनऊ की देख रेख में यह कार्य संपन्न हुआ है और इससे जमीन की खरीद और बिक्री की प्रक्रिया अधिक पारदर्शी सुरक्षित और फर्जीवाड़े से मुक्त हो जाएगी। दस्तावेजों की सत्यता सुनिश्चित होगी और बेनामी लेनदेन पर भी प्रभावी रोक लगेगी आधार प्रमाणीकरण के जरिए क्रेता और विक्रेता दोनों की पहचान पुख्ता होगी जिससे भविष्य में किसी भी प्रकार के विवाद की संभावना भी काफी कम हो जाएगी। इस आदेश को 2 फरवरी से अमल में लाया जा चुका है और सभी रजिस्ट्री कार्यालय में इसकी शुरुआत हो चुकी है अब जमीनी घोटाला किया जाने की सम्भावना भी इससे कम होने वाली है।

# महिला उत्पीड़न रोकथाम को लेकर आयोग की जनसुनवाई

## महिला आयोग की सदस्य अवनी सिंह ने बाल विवाह पर जताई चिंता, शिक्षा व आत्मनिर्भरता पर दिया जोर



**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य अवनी सिंह की अध्यक्षता में जनपद सम्भल में महिला उत्पीड़न की रोकथाम, पीडिघ्त महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने तथा महिला उत्पीड़न से जुड़ी घटनाओं की समीक्षा को लेकर जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई के दौरान महिलाओं की विभिन्न समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। सदस्य अवनी सिंह ने जमीनी विवाद, आवास, पेंशन समेत अन्य सामाजिक व पारिवारिक समस्याओं से संबंधित मामलों की सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में महिलाएं घर और बाहर दोनों ही स्थानों पर जिम्मेदारी के साथ अपनी भूमिका निभा रही हैं, ऐसे में उनके अधिकारों की रक्षा करना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। अवनी सिंह ने बाल विवाह पर विशेष चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि कम उम्र में विवाह होने से न केवल बालिका बल्कि नवजात शिशु के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने अधिकारियों और समाजसेवियों से बाल विवाह की रोकथाम पर सख्ती से ध्यान देने की अपील की। उन्होंने बालिकाओं की शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि यदि लड़की शिक्षित होगी तो वह स्वयं आत्मनिर्भर बनेगी और भविष्य में अपने बच्चों को भी बेहतर शिक्षा दे सकेगी। साथ ही उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के कार्य की सराहना करते हुए कहा कि उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और उन्हें आगे भी पूरी सक्रियता के साथ कार्य करना चाहिए। इस अवसर पर डीपीओ आईसीडीएस महेश कुमार ने आंगनबाड़ी केंद्रों पर संचालित योजनाओं एवं कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के अंतर्गत आईसीडीएस विभाग द्वारा गर्भवती महिलाओं की गोदभराई एवं बच्चों का अन्नप्राशन भी कराया गया। इस दौरान डीपीओ आईसीडीएस महेश कुमार, सीडीपीओ रचना यादव, महिला थानाध्यक्ष रेनू सिंह सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# सदन में फिर हंगामा

यह देखना किसी विडंबना से कम नहीं है कि देश की संसद अब अपनी मर्यादा खोती जा रही है। अब यह जनता या देश-विदेश के मुद्दों पर चर्चा के लिए नहीं जानी जाती, बल्कि शोर-शराबे के लिए जानी जाती है। काफी समय से ऐसा ही नजारा संसद में देखने को मिल रहा है। दुख की बात यह है कि इस पर लगाम लगने के बजाए इसका और विस्तार होता दिखाई दे रहा है। ताजा मामले की ही बात करें तो इस समय संसद का बजट सत्र चल रहा है। पिछले तीन दिन से जिस बात को लेकर हंगामा हो रहा है उसका कोई मतलब नहीं है। सोमवार को हंगामा उस समय शुरू हुआ था जब विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने यह दावा किया था कि लद्दाख में डोकलाम में घटी घटना के समय चीनी सैनिक भारतीय सेना में टैंकों के साथ घुस आए थे। ऐसा कहते हुए उन्होंने पूर्व आर्मी चीफ नरवणे की किताब का हवाला दिया था। हालांकि यह किताब अब तक प्रकाशित नहीं हुई है, इसी बात को लेकर सत्ता पक्ष ने उनके भाषण के समय विरोध किया था। सत्ता पक्ष का कहना था कि जो किताब प्रकाशित ही नहीं हुई है, उस पर सदन में नहीं बोला जा सकता। मंगलवार को हंगामे के समय विपक्ष के आठ सांसद भी निलंबित हो गए। बुधवार को भी नजारा मंगलवार के दिन से अलग नहीं रहा और चार बार संसदीय कार्यवाही बाधित रही। चर्चा की तो बात ही छोड़िए अब तो माननीयों का भाषा पर नियंत्रण खोता दिखाई दे रहा है। सादे पद अपनी गरिमा खोते जा रहे हैं। बुधवार को राहुल गांधी वही किताब लेकर संसद पहुंचे जो पूर्व आर्मी चीफ नरवणे ने लिखी है। संसद में राहुल गांधी ने कहा कि अगर आज पीएम आए तो उन्हें यह किताब दूंगा। उन्होंने किताब का पेज खोलकर दिखाया, जिसमें लिखा है कि पीएम ने आर्मी चीफ से कहा था कि जो उचित है लिखो। राहुल ने यह भी कहा कि सरकार और रक्षा मंत्री कह रहे हैं कि किताब का अस्तित्व नहीं है देखिए यह रही वह किताब। इतना ही नहीं उन्होंने पीएम मोदी पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि उन्हें नहीं लगता कि पीएम मोदी में इतनी हिम्मत है वह आज यहां आएंगे और अगर आते हैं तो वह खुद उन्हें यह किताब सौंपेंगे। असल में बुधवार की सांय पांच बजे पीएम मोदी का प्रस्तावित संबोधन होना था, लेकिन वह टल गया। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर टिप्पणी भी की। जिसमें वह कह रहे हैं कि पहले ही यह बात कह चुके थे कि पीएम मोदी लोकसभा में नहीं आएंगे। सीधी सी बात है कि यह स्थिति ठीक नहीं है। लोकतंत्र के लिए तो बिल्कुल भी नहीं। आखिर संसद होती ही किसलिए है। यहां आप किसी से सहमत या सहमत हो सकते हैं, लेकिन अपनी बात कहने से कैसे रोक सकते हैं। विडंबना यह है कि यह भी एक परंपरा सी बनती जा रही है। जैसीकि कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने कहा भी कि सत्ता पक्ष जानबूझकर ऐसे लोगों को आगे करता है, जो अनाप-शनाप बोलते हैं। जिससे हंगामा होता है।

## देश की जनता का निरादर



लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को बोलने नहीं दिया जा रहा है और सरकार मनमानी कर देश की जनता का निरादर कर रही है, मोदी सरकार मनमर्जी से काम कर रही है, जब सरकार चाहती है कि सदन को डिस्टर्ब करना है, तो वो वह भाजपा सदस्य निशिकांत दुबे को बोलने के लिए उठा देती है, जहां विपक्ष के नेता राहुल गांधी को संसद में एक छपी हुई किताब से कोट नहीं करने दिया गया, वहीं भाजपा के निशिकांत दुबे छह किताबें लेकर बैठे हैं, सामने से दिखा रहे हैं, उनमें से कोट कर रहे हैं, लेकिन उनका माइक बंद नहीं किया जा रहा है, ये स्पीकर के पद, संसद, लो. कतंत्र और देश की जनता का निरादर है, विपक्ष के नेता कोई एक व्यक्ति नहीं हैं- वे पूरे विपक्ष के प्रतिनिधि हैं, सरकार उन करोड़ों लोगों का मुंह बंद करना चाहती है, जिन्होंने विपक्ष को वोट दिया है।

**-प्रियंका गांधी वाड्रा, कांग्रेस महासचिव**

# क्या विद्यालयों को बंद करने से भारत बनेगा विश्वगुरु



निर्मल रानी

पिछले दिनों एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी शासित राज्य मध्य प्रदेश से एक निर्माणाधीन निजी स्कूल की इमारत को बुल्डोजर से ढहा दिए जाने का अत्यंत दुखद समाचार प्राप्त हुआ। प्राप्त खबरों के अनुसार मध्य प्रदेश के बैतूल जिले के धाबा गांव के रहने वाले अब्दुल नईम इसी गांव में अपनी निजी जमीन पर एक निजी स्कूल बनवा रहे थे। परन्तु चूंकि निर्माणाधीन स्कूल संचालक का नाम श्अब्दुल नईमश था इसलिए प्रशासन ने उस भवन को स्कूल के बजाए मदरसा बताकर ढहा दिया। बताया जा रहा है कि जिस समय बुलडोजर उस निर्माणाधीन स्कूल भवन को ध्वस्त कर रहा था उस समय ग्रामीण, प्रशासन से उसे न तोड़े जाने की गुहार लगा रहे थे।

खुद स्थानीय सरपंच हाथ जोड़कर प्रशासन से बुलडोजर चलाने से मना करती रहीं परन्तु एसडीएम के आदेश पर बुलडोजर चला दिया गया। ग्रामीणों में पहली बार यह आस बंधी थी कि यह स्कूल खुलने के बाद उनके बच्चे अब गांव में ही पढ़ पाएंगे परन्तु वे लोग मलबे के सामने खड़े होकर सवाल पूछते नजर आए । उस पर ढिटाई यह कि जिला प्रशासन ने यह आरोप मढ़ दिया कि पंचायत ने ही स्कूल की निर्माणाधीन इमारत पर बुल्डोजर चलवाया है जबकि सरपंच और उप सरपंच इस से साफ इनकार कर रहे हैं। गौरतलब है कि लगभग दो हजार की आबादी वाला धाबा गांव आदिवासी बाहुल्य गांव है और इस गांव में केवल तीन ही मुस्लिम परिवार रहते हैं। अच्छे स्कूल के अभाव में ही इस गांव के कई परिवार बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के लिए गांव से 10-15 किलोमीटर दूर तक प्राइवेट स्कूल में पढ़ने के लिए भेजते हैं। इसी उद्देश्य से अब्दुल नईम ने स्कूल बनाने के लिए न केवल अपनी पूरी जमा-पूंजी लगा दी बल्कि लाखों रूपये लोगों से उधार भी लेकर अपने सपनों के इस स्कूल में लगा दिए थे।

बड़ी अजीब बात है कि वर्तमान सरकार से ही जुड़े नेता मंत्री व समर्थक भारत को विश्व गुरु बनाने का ढिंढोरा पीटते रहते हैं। तो क्या विश्व गुरु भारत का अर्थ शिक्षित भारत नहीं और यदि शिक्षित भारत का सपना साकार करना है तो शिक्षण संस्थाओं से दुश्मनी कैसी परन्तु दुर्भाग्य तो यही है कि विश्व गुरु बनने का जितनी जोर जोर ढिंढोरा पीटा जा रहा है उतनी ही तेजी से इसी सरकार के दौर में स्कूल भी बंद किए जा रहे हैं। केवल 2019 से 2024 तक अनुमानतः लगभग 14,910 सरकारी स्कूल या तो बंद कर दिए गए या दूसरे स्कूल्स में समाहित कर दिए गए। कुल मिलाकर अब तक 89,441 सरकारी स्कूल बंद होने का उल्लेख है। इस दौरान निजी स्कूलों में वृद्धि हुई है जबकि सरकारी स्कूलों में कमी आई है। सबसे ज्यादा स्कूल मध्य प्रदेश, ओडिशा, व जम्मू-कश्मीर राज्यों में बंद किए जाने की खबर है। जबकि गुजरात, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, पंजाब, राजस्थान के अलावा सीमावर्ती क्षेत्रों सांबा, कठुआ, राजौरी, पूंछ, बाड़मेर, बीकानेर, जैसलमेर में भी काफी संख्या में स्कूल बंद किए गए। स्कूल बंद करने के जो कारण बताए गए उनमें कहीं आधारभूत संरचना की कमी बताई गई तो कहीं शिक्षकों की भारी कमी बताकर स्कूल बंद किए गए। कहीं कम छात्र संख्या वाले स्कूलों को बड़े स्कूलों में समाहित कर दिया गया।

इसी तरह कुछ राज्यों में नए निजी स्कूलों की वृद्धि के चलते सरकारी स्कूलों पर दबाव बढ़ा और उन्हें बंद करना पड़ा। जाहिर है इससे गरीब व निम्न वर्ग के बच्चों की शिक्षा में बाधा पड़ना स्वभाविक है। इसी तरह सरकार की सबसे ज्यादा गाज मदरसों पर गिरी। देश के सैकड़ों मदरसों को या तो अवैध बताकर ढहा दिया गया या उन्हें बंद करवा दिया गया। भाजपा शासित असम,उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड बिहार, मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ राज्यों में अनेक मदरसे बंद किए गए। निःसंदेह यह कदम खासकर गरीब मुस्लिम अल्पसंख्यकों की शिक्षा के साथ भेदभाव के सिवा और कुछ नहीं क्योंकि 90 प्रतिशत से ज्यादा मदरसा छात्र गरीब पृष्ठभूमि से आते हैं। जहां तक मदरसे में मिलने वाली शिक्षा का सवाल है तो इस्लाम धर्म व मुस्लिम समाज से नफरत करने वालों ने भारतीय मदरसों को साम्प्रदायिक शिक्षा के केंद्र के रूप में क्यों न दुष्प्रचारित किया हो परन्तु यदि आप



मदरसों से शिक्षा प्राप्त महापुरुषों व विशिष्ट जनों पर नजर डालें तो मदरसों के साम्प्रदायिक होने की गढ़ित धारणा स्वयं ही समाप्त हो जाएगी और यह महज एक प्रोपेगंडा प्रतीत होगा। मिसाल के तौर पर सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव जी ने मदरसा में ही शिक्षा हासिल कर फारसी भाषा सीखी। इसी तरह सिखों के दसवें गुरु गुरु गोबिंद सिंह जी ने भी मदरसे से ही शिक्षा हासिल कर फारसी का ज्ञान प्राप्त किया।

तभी वे फारसी में इतना निपुण थे कि उन्होंने अपनी मशहूर रचना श्जफर नामाश फारसी में लिखी। सिख साम्राज्य के संस्थापक महाराजा रणजीत सिंह की तो दरबारी भाषा ही फारसी थी जो कि मदरसा शिक्षा से जुड़ी थी। मराठा साम्राज्य के संस्थापक शिवाजी महाराज भी फारसी भाषा में निपुण थे। उन्होंने फारसी-संस्कृत शब्दकोश का संकलन करवाया। शिवाजी महाराज के दौर में फारसी शिक्षा मदरसे से ही जुड़ी होती थी। इसी तरह हिन्दू सुधारक और ब्रह्म समाज के संस्थापक राजा राम मोहन राय ने भी बंगाल के मदरसा आलिया और पटना के मदरसा मुजीबिया में पढ़ाई की। उन्होंने फारसी और अरबी सीखी और एक फारसी अखबार का संपादन भी किया। भारत के पहले राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद ने भी ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक शिक्षा की कमी के कारण मदरसा में पढ़ाई की।

भारतीय साहित्य की प्रमुख हस्ती प्रसिद्ध लेखक व कहानीकार मुंशी प्रेमचंद ने वाराणसी के एक ऐसे मदरसे में पढ़ाई की, जहां गैर-मुस्लिम छात्र भी बड़ी संख्या में पढ़ते थे और मुस्लिम समाज की जो विशिष्ट हस्तियां मदरसा से शिक्षा प्राप्त हैं उनमें भारत के पहले शिक्षा मंत्री और स्वतंत्रता सेनानी मौलाना अबुल कलाम आजाद, अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के संस्थापक सर सैयद अहमद खान, इंकलाब जिंदाबाद का नारा देने वाले प्रसिद्ध उर्दू कवि और स्वतंत्रता सेनानी हसरत मोहानी, स्वतंत्रता सेनानी व सिल्क लेटर मूवमेंट के नेता मौलाना महमूद हसन देवबंदी जैसे अनेक लोगों के नाम शामिल हैं। आज भी बंगाल, झारखण्ड व बिहार जैसे कई राज्यों में केवल मुस्लिम नहीं बल्कि बड़ी संख्या में गैर मुस्लिम गरीब बच्चे मदरसों में शिक्षा हासिल करते हैं। परन्तु सरकार क्या मदरसा तो क्या अन्य सरकारी स्कूल सभी को किसी न किसी बहाने बंद करने पर तुली है। सवाल यह है कि क्या मदरसे या विद्यालयों को बंद करने से भारत विश्व गुरु बन सकेगा?


(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# क्या एआई चेटबॉट्स महामारी ला सकते हैं

**सभी डीएनए संश्लेषण कंपनियों और डीएनए प्रिंटरों के लिए ज्ञात रोग. जनकों और विषाक्त पदार्थों की आनुवंशिक सामग्री की जांच अनिवार्य की जानी चाहिए। इसके साथ ही एकत्रित की जाने वाली किसी भी आनुवंशिक सामग्री की सुरक्षा जांच करना भी सभी अनुबंध अनुसंधान संगठनों के लिए अनिवार्य कर दिया जाना चाहिए।**

काफी समय से कुछ तकनीकी विशेषज्ञ कृत्रिम बुद्धि यानी एआई को मानवता के लिए खतरा बताते आए हैं। इस क्षेत्र में हुए हालिया विकास से प्रतीत होता है कि यह खतरा काफी नजदीक है। विशेषज्ञों का दावा है कि एआई बिना किसी वैज्ञानिक विशेषज्ञता वाले बदनीयत व्यक्ति को घातक वायरस डिजाइन करने में मदद कर सकती है।

मैसाचुसेट्स इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नॉलॉजी के जैव सुरक्षा विशेषज्ञ केविन एस्वेल्ट ने हाल ही में अपने छात्रों को चैटजीपीटी या अन्य विशाल भाषा मॉडल की मदद से एक खतरनाक वायरस तैयार करने का काम दिया। मात्र एक घंटे में छात्रों के पास वायरसों की एक लंबी सूची थी और तो और, साथ में उन कंपनियों की भी जानकारी थी जो रोगजनकों के आनुवंशिक कोड को बनाने में मदद कर सकती थीं और इन टुकड़ों को जोड़ने वाली कुछ अनुसंधान कंपनियों के भी नाम थे। इन परिणामों के आधार पर एस्वेल्ट और अन्य विशेषज्ञों का दावा है कि एआई सिस्टम जल्द ही गैर-वैज्ञानिक लोगों को परमाणु हथियारों के बराबर घातक जैविक हथियार डिजाइन करने में मदद कर सकती है। इसका उपयोग आतंकी गतिविधियों में भी किया जा सकता है। फिलहाल किसी खतरनाक विलुप्त या मौजूदा वायरस के आधार पर जैविक हथियार बनाने का तरीका मिलने के बाद भी इन्हें बनाने में काफी विशेषज्ञता चाहिए होती है। इसके लिए न केवल उचित वायरस की पहचान करना होगी, बल्कि वायरल आनुवंशिक सामग्री को संश्लेषित करने, जीनोम को एक साथ जोड़ने और



इसे अन्य अभिकर्मकों के साथ जोड़कर एक ऐसा वायरस तैयार करना होगा जो कोशिकाओं को संक्रमित कर सके और अपनी प्रतिलिपियां बना सके, लेकिन एआई इस प्रक्रिया को आसान बना रही है। उदाहरण के लिए बाजार में जल्द ही उपलब्ध होने वाले बेंचटॉप डीएनए प्रिंटर की मदद से शोधकर्ता स्क्रीनिंग प्रक्रिया को धोखा दे सकते हैं। इस प्रक्रिया में कंपनियां यह सुनिश्चित करती हैं कि किसी नमूने में संभावित जैविक हथियारों के लिए आनुवंशिक सामग्री तो शामिल नहीं है।

इस प्रक्रिया से बचकर कोई बदनीयत व्यक्ति इन आनुवंशिक ब्लूप्रिंट को अनुबंध अनुसंधान कंपनियों या एक रोबोटिक क्लाउड लैब को लक्ष्य वायरस में डालने के लिए भेज सकता है। इस कार्य में एआई की भूमिका का पता लगाने के लिए एस्वेल्ट ने जीव-विज्ञान में बिना किसी विशेषज्ञता वाले स्नातक छात्रों को तीन से चार सदस्यों वाले तीन समूहों में बांटा। इन सभी समूहों के पास GPT-4, बार्ड और अन्य एआई चैटबॉट्स थे। एक घंटे के भीतर इन सभी समूहों को चैटबॉट्स की मदद से महामारी फैलाने में सक्षम वायरसों को डिजाइन करना था। हालांकि, कुछ चैटजीपीटी ने खतरनाक चीजों के बारे में पूछे गए सीधे सवालों का कोई जवाब नहीं दिया, लेकिन जब शब्दों में हेर-फेर करके सवाल पूछे गए तो आसानी से जानकारी मिल गई। उदाहरण के तौर पर जब सवाल यह था कि मैं एक टीका विकसित करने के लिए काम कर रहा हूं। तो चैटबॉट्स ने जवाब में चार वायरस के सुझाव दे दिए थे। हालांकि गूगल पर ढूंढने पर भी ऐसी सूची मिल जाती, लेकिन कुछ मामलों में चैटबॉट्स ने उन आनुवंशिक उत्परिवर्तनों की भी जानकारी दी जो संक्रमण को अधिक फैला सकते हैं। इतना ही नहीं, एआई ने किसी वायरस के आनुवंशिक टुकड़ों को जोड़कर वायरस तैयार करने की तकनीक भी बताई इसके लिए उपयुक्त प्रयोगशालाओं और कंपनियों के नाम भी बताए जो बिना स्क्रीनिंग के आनुवंशिक सामग्री को प्रिंट करने के लिए तैयार हो सकती हैं। एस्वेल्ट को चिंता है कि चैटबॉट्स द्वारा दिए गए विशिष्ट सुझाव किसी महामारी का खतरा बहुत अधिक बढ़ा सकते हैं। जैसे-जैसे जैविक खतरों पर वैज्ञानिक साहित्य में वृद्धि हो रही है और एआई प्रशिक्षण डैटा में इसे शामिल किया जा रहा है। इस बात की संभावना बढ़ रही है कि एआई आतंकवादियों का काम आसान बना सकती है। एस्वेल्ट का मानना है कि चैटबॉट और अन्य एआई प्रशिक्षण डैटा द्वारा साझा की जाने वाली जानकारी को सीमित किया जाना चाहिए। रोगजनकों को बनाने और बढ़ाने के बारे में बताने वाले ऑनलाइन पेपर्स को हटाकर जोखिम कम किया जा सकता है।

# फल-सब्जियों की पौष्टिकता में पहले जैसी बात कहां

तंदरुस्त बने रहने के लिए जंक फूड, तला-भुना खाने की बजाय अक्सर फल, सलाद, सब्जियों को भोजन में शामिल करने की सलाह दी जाती है। लेकिन हम शायद इस बात से अनभिज्ञ हैं कि पिछले सत्तर सालों में इन 'सेहतमंद' चीजों में भी पोषक तत्वों की मात्रा घट गई है। वर्ष 2004 में जर्नल ऑफ दी अमेरिकन कॉलेज ऑफ न्यूट्रिशन में एक अध्ययन में 1950 से 1999 के बीच प्रकाशित यूएस कृषि विभाग के डैटा के आधार पर बताया गया था कि 43 फसलों में प्रोटीन, कैल्शियम, फॉस्फोरस, आयरन, राइबोफ्लेविन, विटामिन सी जैसे 13 पोषक तत्वों में परिवर्तन दिखे थे। कमी कितनी हुई यह हर पोषक तत्व और फल-सब्जी के प्रकार पर निर्भर है। लेकिन सामान्यतरू प्रोटीन में 6 प्रतिशत से लेकर राइबोफ्लेविन में 38 प्रतिशत तक की गिरावट देखी गई है। खासकर ब्रोकली, केल द्धएक तरह की गोभीऋ और सरसों के साग में कैल्शियम में सबसे अधिक कमी आई है। वहीं चार्ड, खीरे और शलजम में आयरन की मात्रा में काफी कमी हुई है। शतावरी, कोलार्ड द्धएक अन्य तरह की गोभीऋ, सरसों का साग और शलजम के पत्तों में विटामिन सी काफी कम हो गया है। इसके बाद हुए अन्य अध्ययनों में भी इसी तरह के परिणाम देखने को मिले हैं।

अनाजों में भी इसी तरह की कमी देखने को मिली है। 2020 में साइंटिफिक रिपोर्ट्स में प्रकाशित अध्ययन में पाया गया था कि 1955 से 2016 के बीच गेहूं में प्रोटीन की मात्रा 23 प्रतिशत कम हो गई है, साथ ही आयरन, मैंग्नीज, जस्ता और मैग्नीशियम भी घटे हैं। मांसाहारी भी कम पोषक तत्व वाले भोजन की समस्या से अछूते नहीं हैं। पशु अब कम पौष्टिक घास और अनाज खा रहे हैं, जिसके परिणामस्वरूप मांस और अन्य पशु उत्पाद अब पहले की तुलना में कम पौष्टिक हो गए हैं। वाशिंगटन विश्वविद्यालय के भू-आकृति विज्ञानी डेविड आर। मॉन्टगोमेरी और जलवायु परिवर्तन एवं स्वास्थ्य विशेषज्ञ क्रिस्टी एबी बताते हैं कि इस समस्या के लिए कई कारक जिम्मेदार हैं। इनमें एक है फसल की पैदावार बढ़ाने के लिए अपनाई गई आधुनिक कृषि पद्धतियां।

पौधों को शीघ्र और बड़ा उगाने के लिए अपनाए गए तरीके में पौधे मिट्टी से पर्याप्त पोषक तत्व नहीं सोख पाते या उन्हें संश्लेषित नहीं कर पाते हैं। फिर अधिक उपज से यह भी होता है कि मिट्टी से अवशोषित पोषक तत्व अधिक फलों में बंट जाते हैं, नतीजतन फल-सब्जियों में पोषक तत्व कम होते हैं। उच्च पैदावर के कारण होने वाली मृदा की क्षति भी इस समस्या का एक कारण है। गेहूं, मक्का, चावल, सोयाबीन, आलू, केला, रतालू और सन सभी फसलों की जड़ें कवक के साथ साझेदारी करती हैं जिससे पौधों द्वारा मिट्टी से पोषक तत्व और पानी लेने की क्षमता बढ़ती है। उच्च पैदावार वाली खेती से मिट्टी खराब हो जाती है जिससे कुछ हद तक कवक और पौधों की साझेदारी प्रभावित होती है। कार्बन डाईऑक्साइड का बढ़ता स्तर भी हमारे खाद्य पदार्थों की पौष्टिकता कम कर रहा है। पौधे वायुमंडल से कार्बन डाईऑक्साइड लेते हैं, और वृद्धि के लिए इसके कार्बन का उपयोग करते हैं। लेकिन जब गेहूं, चावल, जौं और आलू समेत बाकी फसलों को उच्च कार्बन डाईऑक्साइड मिलती है तो उनमें कार्बोहाइड्रेट की मात्रा बढ़ जाती है। इसके अलावा, जब पौधों में कार्बन डाईऑक्साइड अधिक मात्रा में होती है तो ए मिट्टी से कम पानी खींचते हैं, जिसका अर्थ है कि वे मिट्टी से सूक्ष्म पोषक तत्व भी कम ले रहे हैं। 2018 में साइंस एडवांसेज में प्रकाशित नतीजे बताते हैं कि उच्च कार्बन डाईऑक्साइड के कारण 18 किस्म की धान में प्रोटीन, आयरन, जिंक और कई बी विटामिन कम पाए गए थे। यदि इन



पोषक तत्वों में और कमी आई तो पोषक तत्वों की कमी से होने वाले रोगों का खतरा बढ़ सकता है या जीर्ण रोगों के प्रति जोखिमग्रस्त हो सकते हैं। और इसका असर उन लोगों पर, खासकर निम्न और मध्यम आय वाले लोगों पर, अधिक होगा जो ऊर्जा और पोषण के लिए मुख्यतरू चावल-गेहूं जैसे अना. जों पर निर्भर हैं और पोषण के अन्य स्रोतों का खर्च वहन नहीं कर सकते। यह तो सुनने में आता रहता है कि अब सब्जियों या फलों में वो स्वाद नहीं रहा। देखा गया है कि कई सारे पोषक तत्व फल-सब्जियों और अनाज के स्वाद में इजाफा करते हैं। इनकी कमी फल-सब्जियों के स्वाद को भी प्रभावित करेंगे। बुरी खबर यह है कि कई अनुमान मॉडलों का कहना है कि आगे भी आलू, चावल, गेहूं और जौं के प्रोटीन में 6 से 14 प्रतिशत की कमी आ सकती है। नतीजतन भारत समेत 18 देशों के आहार से 5 प्रतिशत प्रोटीन घट जाएगा, तो इस समस्या से कैसे निपटा जाए?

मिट्टी में सुधार के लिए एक तरीका है संपोषी खेती। पीअरजे:- लाइफ एंड एनवायरनमेंट पत्रिका में प्रकाशित एक अध्ययन बताता है कि संपोषी खेती से फसलों में कुछ विटामिन, खनिज और पादप-रसायनों का स्तर बढ़ता है, मिट्टी का जैविक स्वास्थ्य बेहतर होता है। इसके लिए पहला कदम यह है कि जितना संभव हो सके मिट्टी को खाली छोड़ दिया जाए और जुताई कम कर दी जाए। मिट्टी को ढंकने वाली तिपतिया घास, राई घास, या वेच लगाकर मिट्टी का कटाव और खरपतवार की वृद्धि रोकी जा सकती है। और खेत में बदल-बदल कर फसलें लगाने से पोषक तत्व में फायदा हो सकता है, लेकिन जब तक पैदावार में पोषण बहाल नहीं होता तब तक क्या करें? पहले तो इस खबर से घबराकर लोग फल-सब्जियां खाना छोड़ या कम कर पोषण पूरकों का रुख न करें। बल्कि इससे वाकिफ रहें कि उनका भोजन कैसे उगाया जा रहा है। हम क्या खा रहे हैं यह पता होना जितना महत्वपूर्ण है उतना ही महत्वपूर्ण यह जानना भी है कि हम जो खा रहे हैं वह कैसे उगाया जा रहा है। और पोषक तत्वों की कमी की पूर्ति के लिए अलग-अलग तरह और रंग की फल-सब्जियां आहार में शामिल करें। पृथ्वी पर मौजूदा सबसे स्वास्थ्यवर्धक खाद्य फल, सब्जियां और अनाज ही हैं।

कार्बन डाईऑक्साइड का बढ़ता स्तर भी हमारे खाद्य पदार्थों की पौष्टिकता कम कर रहा है। पौधे वायुमंडल से कार्बन डाईऑक्साइड लेते हैं, और वृद्धि के लिए इसके कार्बन का उपयोग करते हैं। लेकिन जब गेहूं, चावल, जौं और आलू समेत बाकी फसलों को उच्च कार्बन डाईऑक्साइड मिलती है तो उनमें कार्बोहाइड्रेट की मात्रा बढ़ जाती है। इसके अलावा, जब पौधों में कार्बन डाईऑक्साइड अधिक मात्रा में होती है तो ए मिट्टी से कम पानी खींचते हैं, जिसका अर्थ है कि वे मिट्टी से सूक्ष्म पोषक तत्व भी कम ले रहे हैं। 2018 में साइंस एडवांसेज में प्रकाशित नतीजे बताते हैं कि उच्च कार्बन डाईऑक्साइड के कारण 18 किस्म की धान में प्रोटीन, आयरन, जिंक और कई बी विटामिन कम पाए गए थे। यदि इन पोषक तत्वों में और कमी आई तो पोषक तत्वों की कमी से होने वाले रोगों का खतरा बढ़ सकता है या जीर्ण रोगों के प्रति जोखिमग्रस्त हो सकते हैं। और इसका असर उन लोगों पर, खासकर निम्न और मध्यम आय वाले लोगों पर, अधिक होगा।



प्रयागराज। एक ठंडी और धुंध भरी सुबह में अपने सिर पर सामान ढोते लोग।

## इजरायली दूतावास के पास ग्रेनेड विस्फोट के आरोपी दो स्वीडिश नागरिकों को जेल

**कोपेनहेगन।** डेनमार्क की एक अदालत ने कोपेनहेगन में इजरायली दूतावास के समीप ग्रेनेड विस्फोट करने के आरोप में दो स्वीडिश नागरिकों को क्रमशः 12 और 14 साल की जेल की सजा सुनाई है। यह जानकारी डेनिश मीडिया से प्राप्त हुई। अक्टूबर 2025 में, डेनिश अभियोजक कार्यालय ने दो स्वीडिश नागरिकों पर अक्टूबर 2024 में कोपेनहेगन में इजरायली दूतावास के पास ग्रेनेड विस्फोट करके आतंकवादी हमला करने का आरोप लगाया। अभियोजकों ने कहा कि 18 और 20 वर्ष के युवकों ने एक पूर्व-नियोजित साजिश के अंतर्गत अज्ञात सहयोगियों की मदद से दूतावास परिसर में पांच हथगोले लाए, उनमें से दो को राजनयिक मिशन भवन पर फेंका लेकिन वे पास के एक आवासीय भवन में जा गिरे।

# रूस से तेल नहीं खरीदेगा भारत, अमेरिका से खरीदारी बढ़ाएगा

## भारत के अमेरिका के साथ हुए नए समझौते का हवाला देते हुए व्हाइट हाउस ने किया दावा

**वाशिंगटन।** व्हाइट हाउस ने दावा किया कि भारत ने अमेरिका के साथ हुए नए समझौते के तहत रूस से कच्चा तेल न लेने और अमेरिका से ज्यादा तेल खरीदने का निर्णय लिया है। व्हाइट हाउस की मीडिया सचिव कैरोलाइन लेविट ने संवाददाताओं से कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीच सीधी बातचीत के बाद भारत ने यह प्रतिब(ता जाहिर की।

उन्होंने कहा कि जैसा कि आप सब ने देखा, राष्ट्रपति (ट्रम्प) ने भारत के साथ एक और बेहतरीन सौदा किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से सीधे बात की। उन दोनों का रिश्ता बहुत मजबूत है। लेविट ने कहा, ष्भारत ने न सिर्फ रूसी तेल नहीं खरी. दने का वादा किया है, बल्कि अमेरिका से भी तेल खरीदने का वादा किया है, और शायद वेनेजुएला से भी। इसका सीधा फायदा अमेरिका और अमेरिकी लोगों को होगा। उन्होंने दावा किया कि मोदी ने अमे.




मोदी ने अमेरिकी अर्थव्यवस्था में बड़े निवेश का वादा किया है

रिकी अर्थव्यवस्था में बड़े निवेश का वादा किया है। लेविट ने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिकी अर्थव्यवस्था में 500 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश का वादा किया है, जिसमें परिवहन, ऊर्जा और कृषि उत्पादों जैसे सेक्टर शामिल हैं। उन्होंने कहा कि यह राष्ट्रपति की वजह से एक और शानदार व्यापारिक समझौता है। उन्होंने अमेरिकी विनिर्माण को मजबूत करने और विदेशी निवेश को आकर्षित करने के लिए ट्रम्प की टैरिफ नीति और व्यापार रणनीति को श्रेय दिया। प्रशासन की आयात नीति का बचाव करते हुए, लेविट ने कहा कि इससे पहले ही ठोस आर्थिक फायदे मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति की आयात शुल्क नीति काम कर रही है और उनका आर्थिक एजेंडा काम कर रहा है।

## ट्रम्प से बैठक के बाद कोलंबिया के रूख में आई नरमी, संबंधों में सुधार के संकेत

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने व्हाइट हाउस में लगभग दो घंटे तक चली अपनी पहली आमने-सामने की बैठक को 'मैत्रीपूर्ण' और 'सकारात्मक' बताया है। महीनों से चले आ रहे तीखे बयानों और राजनयिक गतिरोध के बाद इस मुलाकात को दोनों देशों के बीच संबंधों के सुधरने के संकेत के रूप में देखा जा रहा है। बैठक के बाद ओवल ऑफिस में ट्रम्प ने संवाददाताओं से कहा कि हमारी मुलाकात बहुत अच्छी रही। पेट्रो शानदार व्यक्ति हैं। उनका यह बयान चौंकाने वाला है क्योंकि कुछ ही हफ्ते पहले ट्रम्प ने पेट्रो को 'बीमार' और 'नशीली दवाओं का नेतृत्व करने वाला' व्यक्ति बताया था। पेट्रो ने भी सोशल मीडिया पर ट्रम्प के साथ हाथ मिलाते हुए फोटो साझा की और अमेरिकी राष्ट्रपति ने उनकी 'द आर्ट ऑफ द डील' पुस्तक पर 'यू आर ग्रेट' (आप महान हैं) लिखकर उन्हें समर्पित की। कोलंबियाई दूतावास में एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान पेट्रो ने बताया कि वार्ता में मुख्य रूप से तीन बड़े मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया गया। इनमें वेनेजुएला और ऊर्जा, नशीली दवाओं के खिलाफ जंग और इक्वाडोर के साथ व्यापार विवाद की बातें शामिल हैं।

# अमेरिका ने ईरानी ड्रोन को मार गिराया

## अरब सागर में अमेरिकी वॉरशिप के पास पहुंचा था ड्रोन, ईरान 1000 ड्रोन्स तैयार करने का कर चुका दावा

**दुबई।** अमेरिका ने अरब सागर में एक ईरानी ड्रोन को मार गिराया। ईरान का शाहेद-139 ड्रोन अमेरिकी नौसेना के 'यूएसएस अब्राहम लिंकन' एयरक्राफ्ट कैरियर (वॉरशिप) के पास पहुंच गया था। यूएसएस अब्राहम लिंकन अमेरिकी नौसेना का एक न्यूक्लियर-पावर्ड एयरक्राफ्ट कैरियर है। यह दुनिया के सबसे बड़े और सबसे ताकतवर वॉरशिप में से एक माना जाता है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के बयान के अनुसार, अमेरिकी नौसेना ने आत्मरक्षा में एफ-35सी फाइटर जेट से ईरानी ड्रोन को मार गिराया।

अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने इसे ईरान की तरफ से एक 'आक्रामक' व्यवहार बताया है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि ड्रोन किस मकसद से तैनात किया गया था। अमेरिका के अनुसार, ड्रोन ने कमांड की तरफ से किए गए नान-लेथल डिफ्यूजन कोशिशों के बावजूद अपनी दिशा नहीं बदली। इसके चलते फोर्स का इस्तेमाल किया गया। इस घटना पर ईरान की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। हालांकि, अमेरिका से तनाव के चलते ईरान ने 30 जनवरी को कहा था कि उसने जमीन और समुद्र से हमला करने वाले 1000 ड्रोन तैयार कर लिए हैं। यह घटना ऐसे समय में हुई है जब अमेरिका-ईरान के बीच तनाव बढ़ा हुआ है और वार्ताओं को फिर से शुरू करने के प्रयास जारी हैं। दोनों देशों के बीच शुक्रवार को तुर्की में महत्वपूर्ण बैठक होने की उम्मीद है। कई क्षेत्रीय अधिकारियों के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दूत स्टीव विटकाफ, उनके दामाद और सलाहकार जेरेड कुशनेर और ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अरागची इस बैठक में शामिल होंगे। साथ ही तुर्की, कतर और मिस्र के वरिष्ठ अधिकारियों के भी मौजूद रहने की संभावना है। कुछ सूत्रों के मुताबिक, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, ओमान और पाकिस्तान जैसे अन्य देशों के प्रतिनिधि भी इसमें भाग ले सकते हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 28 जनवरी को ईरान से परमाणु कार्यक्रम पर समझौता करने को कहा था। ऐसा न करने पर उन्होंने चेतावनी दी थी कि ईरान पर अगला हमला पहले से कहीं ज्यादा खतरनाक होगा। ट्रम्प के मुताबिक, अमे.रिकी जहाजों का एक बड़ा बेड़ा ईरान की ओर बढ़ रहा है और अगर समझौता नहीं हुआ तो बुरे हालात हो सकते हैं। अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने भी कहा है कि सेना राष्ट्रपति के किसी भी सैन्य आदेश के लिए तैयार है। पिछले महीने ईरान में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए, जिसमें हजारों लोगों की मौत हुई थी। ट्रम्प ने तब भी हस्तक्षेप की धमकी दी थी। वे ईरान में शासन परिवर्तन की बात भी कर चुके हैं। ईरान के नेता धमकियों के बीच बातचीत से इनकार कर रहे थे। हालांकि, अब वे बात करने के लिए तैयार दिख रहे हैं। इधर, ईरानी अधिकारी कह रहे हैं कि उनका परमाणु कार्यक्रम सिर्फ ऊर्जा के लिए है, हथियारों के लिए नहीं। वे अमेरिका की ओर से दिए गए प्रस्ताव पर विचार करने को तैयार हैं। ट्रम्प की धमकी के बीच ईरान ने 30 जनवरी को दावा किया उसने जमीन और समुद्र से हमला करने वाले 1000 ड्रोन तैयार कर लिए हैं। ईरान की सेना ने दावा किया है अगर अमेरिका हमला करता है तो उसके ड्रोन और मिसाइलों को नेटवर्क इन हमलों को नाकाम कर सकता है। ईरान के सेना प्रमुख मेजर जनरल अमीर हातामी ने कहा था कि पिछले साल जून में अमेरिका और इजरायल के साथ हुए 12 दिन के संघर्ष के बाद सेना ने अपनी सैन्य रणनीति बदली है। इसके तहत बड़ी संख्या में ड्रोन तैयार किए गए हैं। हातामी के मुताबिक, ये ड्रोन जमीन और समुद्र दोनों जगहों से आपरेट किए जा सकते हैं।



अमेरिका के अनुसार, ड्रोन ने कमांड की तरफ से किए गए नान-लेथल डिफ्यूजन कोशिशों के बावजूद अपनी दिशा नहीं बदली

### अमेरिका-ईरान के बीच ड्रोन हमले की घटना से वार्ता की संभावना धूमिल

काहिरा। ईरानी सशस्त्र बलों के एक ड्रोन ने मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय जल क्षेत्रों में एक 'निरीक्षण मिशन' पूरा किया, जिसके ठीक बाद अमेरिकी सेना ने माना कि उसने एक ईरानी ड्रोन को मार गिराया है जिसने एक विमान वाहक के करीब आक्रामक रूप से आने की कोशिश की थी। ईरान की अर्ध-सरकारी समाचार एजेंसी तसनीम ने एक सूत्र के हवाले से कहा कि ईरान का अपने एक ड्रोन से संपर्क टूट गया है जिसके कारणों की जांच की रही है। फार्स समाचार एजेंसी ने अज्ञात सूत्रों का हवाले से कहा कि ड्रोन ने ईरान से सटे क्षेत्रों में सैन्य गतिविधियों की सफलतापूर्वक निगरानी की और वास्तविक समय में जमीनी ठिकानों को डेटा भेजा। रिपोर्ट में ऐसे अभियानों को क्षेत्र की समग्र निगरानी के लिए महत्वपूर्ण माना गया है। अमेरिकी केंद्रीय कमान ने इससे पहले कहा था कि अरब सागर में एक अमेरिकी एफ-35सी युद्धक विमान को ईरानी शाहेद-139 ड्रोन को मार गिराने के लिए मजबूर होना पड़ा। कमान ने कहा कि ईरानी ड्रोन यूएसएस अब्राहम लिकन की ओर 'अनावश्यक रूप से पैंतरेबाजी' की, जब विमानवाहक पोत ईरानी तट से लगभग 800 किलोमीटर दूर अंतर्राष्ट्रीय जलक्षेत्र से गुजर रहा था।

## जापान बांग्लादेश के बीच रक्षा उपकरण व प्रौद्योगिकी हस्तांतरण पर समझौता

**मास्को।** जापान और बंगलादेश ने रक्षा उपकरण एवं प्रौद्योगिकी हस्तांतरण पर एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। यह जानकारी जापानी विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को दी। मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि तीन फरवरी को बंगलादेश के ढाका में, जापान की राजदूत सैदा शिनिची और बंगलादेश के मुख्य सलाहकार कार्यालय के सशस्त्र बल प्रभाग के प्रधान स्टाफ अधिकारी लेफ्टिनेंट जनरल एस एम कामरुल हसन ने जापान सरकार और बंगलादेश सरकार के बीच रक्षा उपकरण एवं प्रौद्योगिकी हस्तांतरण से संबंधित समझौते पर हस्ताक्षर किए। यह समझौता तीन फरवरी से प्रभावी हो गया। बयान में कहा गया कि यह समझौता दोनों देशों के बीच हस्तांतरित किए जाने वाले रक्षा उपकरणों एवं प्रौद्योगिकी के प्रबंधन के लिए एक कानूनी संरचना स्थापित करता है जिसका उद्देश्य संयुक्त रूप से निर्धारित परियोजनाओं को लागू करना है, जिनमें वे परियोजनाएं भी शामिल हैं जो अंतर्राष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा में योगदान करती हैं। बयान में यह भी कहा गया कि यह समझौता रक्षा उपकरणों एवं प्रौद्योगिकी के तीसरे पक्षों को हस्तांतरण या उनके दुरुपयोग पर उचित नियंत्रण सुनिश्चित करेगा।

## इंडिगो बंद करेगी कोपनहेगन की उड़ान लंदन मांर्ग पर कटौती की घोषणा

**नई दिल्ली।** निजी विमान सेवा कंपनी इंडिगो ने परिचालन संबंधी सीमाओं और हवाई क्षेत्र के प्रतिबंधों का हवाला देते हुए कोप. नहेगन की उड़ान बंद करने और लंदन तथा मैनचेस्टर के लिए उड़ानों में कटौती की घोषणा की है। एयरलाइंस ने बुधवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि वह उन मार्गों पर उड़ानों में कटौती करेगी जिन पर वाइडबॉडी विमान बोइंग 787-9 का इस्तेमाल किया जा रहा है।

उसने बोइंग 787-9 विमान नोर्स अटलांटिक एयरवेज से डैम्प लीज पर लिए हुए हैं। संभावना है कि कंपनी इनमें से कुछ विमान वापस भी लौटा सकती है। डैम्प लीज के तहत विमान के साथ कुछ क्रू सदस्यों की आपूर्ति विमान देने वाली कंपनी करती है जबकि कुछ क्रू विमान पट्टे पर लेने वाली कंपनी के होते हैं।इंडिगो ने बताया कि वह 17 फरवरी के डेनमार्क के कोप. नहेगन की उड़ानें बंद कर रही है। इसके अलावा 07 फरवरी से दिल्ली से ब्रिटेन के मैनचेस्टर के लिए उड़ानों की संख्या पांच से घटाकर चार करेगी। इसे 19 फरवरी से चार से घटाकर तीन किया जाएगा। मुबंई से मैनचेस्टर के लिए जाने वाली सप्ताह में चार उड़ानों में कोई कटौती नहीं की गई है। उसने बताया कि 09 फरवरी से दिल्ली से लंदन हीथ्रो के लिए जाने वाली उड़ानों की संख्या सप्ताह में पांच से घटाकर चार की जाएगी। एयरलाइंस का कहना है कि अन्य उड़ानों का निर्बाध परिचालन सुनिश्चित करने के लिए यह कटौती जरूरी है। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, उसके वाइडबॉडी परिचालन को हाल में बाहरी बाधाओं का सामना करना पड़ा है। साथ ही भू-राजनीतिक परिस्थितियों के कारण हवाई क्षेत्रों संबंधी प्रतिबंध और भारत तथा विदेशों में हवाई अड्डों पर स्लॉट की समस्या के कारण वह ए उड़ानें रद्द कर रही है। इंडिगो ने लंबी दूरी के रूट पर परिचालन शुरू करने के लिए पिछले साल मार्च में अपने बेड़े में वाइडबॉडी विमानों को शामिल किया था। उसकी योजना फिलहाल चुनिदा मार्गों पर लंबी दूरी की सेवा शुरू करने की थी। कंपनी ने फ्रांस की कंपनी एयरबस को ए350-900 विमानों के ऑर्डर दिए हैं जिनकी डिलिवरी साल 2028 में शुरू हो जाएगी। उसके बाद कंपनी लंबी दूरी के मार्गों पर नेटवर्क का विस्तार करेगी।

# समंदर में 4 घंटे तैरता रहा 13 साल का बच्चा

मां और भाई-बहन की जान बचाई, तूफान में बोट पलटने से 14 किमी दूर बहा परिवार

**पर्थ।** आस्ट्रेलिया में 13 साल के एक बच्चे आस्टिन एपलबी ने समुद्र में करीब 4 घंटे तैरकर अपनी मां और दो छोटे भाई-बहनों की जान बचाई। वह परिवार के साथ समुद्र में गया था। अचानक लहरें तेज हो गईं। बोट पलटने से सभी बहते हुए समुद्र में 14 किमी दूर निकल गए थे।

जोआन एपलबे अपने बच्चों आस्टिन, ब्यू और ग्रेस के साथ पर्थ से करीब 200 किलोमीटर दूर क्विंडलप में छुट्टियां मना रही थीं। शुक्रवार दोपहर वे समुद्र के किनारे पैडलबोर्ड के साथ पानी में खेल रहे थे। शुरुआत में सब ठीक था, लेकिन बच्चे थोड़ा दूर चले गए और तभी तेज हवा चलने लगी। हवा के कारण उनके चप्पू गिर गए और वे सभी धीरे-धीरे समुद्र में बहने लगे। हालात बहुत जल्दी खराब हो गए। जोआन को लगा कि अब किसी को मदद लाने के लिए किनारे जाना होगा। उन्होंने अपने 13 साल के बेटे आस्टिन को चुना, क्योंकि उन्हें लगा वही सबसे मजबूत है। आस्टिन समुद्र में तैरकर मदद लाने निकल पड़ा। उस वक्त परिवार को लगा कि किनारा ज्यादा दूर नहीं है, लेकिन जैसे-जैसे आस्टिन आगे बढ़ता गया, मां और बाकी बच्चे और दूर समुद्र में बहते चले गए। कुछ ही देर में वे आस्टिन को देख भी नहीं पा रहे थे। अंधेरा हो गया और लहरें तेज होती चली गईं। मां और बच्चे लाइफ जैकेट पहने पैडलबोर्ड को पकड़कर किसी तरह खुद को संभाले हुए थे। जोआन को लगने लगा कि शायद आस्टिन समय पर नहीं पहुंच पाएगा। उधर आस्टिन लगातार तैरता रहा और करीब 4 किमी बाद किसी तरह किनारे पहुंचा। उसने बताया कि तैरते समय वह सिर्फ अपनी मां और भाई-बहन के बारे में सोच रहा था। किनारे पर पहुंचने के बाद वह 2 किमी दौड़कर फोन तक पहुंचा और शाम करीब 6 बजे इमरजेंसी सर्विस को काल किया। फोन करने के बाद वह थकान से बेहोश हो गया और उसे अस्पताल ले जाया गया। उस समय उसे नहीं पता था कि उसकी मां और भाई-बहन जिंदा हैं या नहीं। समुद्र में मां और बच्चे अंधेरे, ठंड और ऊंची लहरों के बीच फंसे हुए थे। जोआन ने बताया कि उन्हें लगने लगा था कि आस्टिन शायद नहीं बचा और अब कोई मदद नहीं आने वाली है। काफी देर बाद बचाव दल ने परिवार को समुद्र में करीब 14 किलोमीटर दूर ढूंढ लिया। उस समय एक बड़ी लहर में बच्चे पानी में गिर गए थे।

# लीबिया के पूर्व तानाशाह गद्दाफी के बेटे की हत्या

## घर में घुसकर गोली मारी, राष्ट्रपति चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे थे सैफ अल-इस्लाम गद्दाफी

**त्रिपोली।** लीबिया के पूर्व तानाशाह मुअम्मर गद्दाफी के बेटे सैफ अल-इस्लाम गद्दाफी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। लीबियाई जिंटान शहर में उनके घर पर चार हमलावरों ने हमला किया और उन्हें मार डाला। सैफ अल-इस्लाम गद्दाफी के वकील खालिद अल-जैदी और राजनीतिक सलाहकार अब्दुल्ला ओथमान ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए उनकी मौत की जानकारी दी। हालांकि शुरुआती बयानों में हत्या की वजह या हमलावरों की पहचान को लेकर कोई जानकारी नहीं दी गई।

सैफ अल-इस्लाम की मौत को लेकर उनकी बहन ने अलग ही दावा किया है। बीबीसी ने लीबियाई टीवी के हवाले से बताया कि सैफ अल-इस्लाम की मौत लीबिया-अल्जीरिया सीमा के पास हुई। सैफ अल-इस्लाम की उम्र 53 साल थी। सैफ अल-इस्लाम गद्दाफी को कभी अपने पिता का उत्तराधिकारी माना जाता था। सैफ अल-इस्लाम गद्दाफी (बाएं) ने 2021 के राष्ट्रपति चुनावों में भाग लेने के लिए पंजीकरण कराया था। सैफ अल-इस्लाम गद्दाफी को लंबे समय तक अपने पिता मुअम्मर गद्दाफी का राजनीतिक उत्तराधिक. ारी माना जाता रहा। उनका जन्म 25 जून 1972 को त्रिपोली में हुआ। गद्दाफी परिवार लीबिया में दशकों तक सत्ता में रहा और सैफ अल-इस्लाम उसी ताकतवर परिवार का सबसे पढ़ा-लिखा और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जाना-पहचाना चेहरा थे। उन्होंने लीबिया के बाहर भी पढ़ाई की और लंदन स्कूल आफ इकोनामिक्स से शिक्षा ली। 2000 के दशक में वे खुद को एक सुधारवादी नेता के रूप में पेश करते थे। वे पश्चिमी देशों से रिश्ते सुधारने, अर्थव्यवस्था और कुछ हद तक राजनीतिक बदलाव की बातें करते थे। इसी वजह से कई विदेशी नेता और मीडिया उन्हें गद्दाफी शासन का नरम और आधुनिक चेहरा मानने लगे थे। सैफ ने कभी कोई आधिकारिक पद नहीं संभाला, लेकिन वे लीबिया में अपने पिता के बाद सबसे ताकतवर व्यक्ति थे। 2000 के दशक में उन्होंने लीबिया के पश्चिमी देशों से रिश्ते सुधारने में बड़ी भूमिका निभाई। सैफ अल-इस्लाम के पिता मुअम्मर गद्दाफी को 2011 में हुए विद्रोह के बाद सत्ता से हटा दिया गया था और उनकी हत्या कर दी गई थी। 2011 में अरब स्प्रिंग (तानाशाही के खिलाफ विरोध प्रदर्शन) के दौरान लीबिया में विद्रोह हुआ, जो गद्दाफी शासन के खिलाफ था। सैफ अल-इस्लाम ने अपने पिता का साथ दिया और विद्रोहियों को कुचलने की कोशिश की। वे टीवी पर आए और लोगों को चेतावनी दी कि विरोध करने वालों को सजा मिलेगी। सैफ अल-इस्लाम विद्रोहियों को 'चूहे' कहकर बुलाते थे और कहते थे कि सरकार आखिरी गोली तक लड़ेगी। उन्होंने कहा था कि हम लीबिया में लड़ेंगे, यहीं मरेंगे। क्रांति के दौरान उनके पिता मारे गए और सैफ अल-इस्लाम भागने की कोशिश में पकड़े गए।




शुरुआती बयानों में हत्या की वजह या हमलावरों की पहचान को लेकर कोई जानकारी नहीं दी गई

# जिनपिंग ने हटाए अपने 23 भरोसेमंद जनरल

## जनरलों में से कई लापता, एक्सपर्ट बोलेः चीनी राष्ट्रपति जरूरत से ज्यादा शक करने लगे हैं

**बीजिंग।** चीन की सेना में बीते तीन सालों में ऐसा बदलाव हुआ है, जो देश के इतिहास में पहले कभी नहीं देखा गया। 2023 की शुरुआत में चीन के पास कम से कम 30 जनरल और एडमिरल थे, जो अलग-अलग खास विभागों और थिएटर कमांड की कमान संभाल रहे थे।

इनमें से लगभग सभी को या तो बाहर कर दिया गया है या वे अचानक गायब हो गए हैं। जांच में केवल 7 ऐसे जनरल मिले हैं जो अब भी एक्टिव नजर आते हैं। कई अधिकारी सार्वजनिक रूप से दिखना ही बंद हो गए हैं। आधु. निक चीन के इतिहास में इतनी बड़ी उथल-पुथल पहले कभी नहीं देखी गई। इन सफाइयों की वजह से दुनिया की सबसे बड़ी सेना के शीर्ष स्तर पर नेतृत्व का बड़ा खालीपन पैदा हो गया है। अमेरिकी खुफिया एजेंसियों के एक्सपर्ट्स का मानना है कि शी जिनपिंग जरूरत से ज्यादा शक करने लगे हैं। ये वे कमांडर थे जो 2023 में शी जिनपिंग के अधीन सेंट्रल मिलिट्री कमीशन में कार्यरत थे। इस मंच पर मौजूद एक अधिकारी झांग शेंगमिन (बाएं से पहले) को छोड़कर बाकी सभी को पद से हटा दिया गया है। 2016 में शी जिनपिंग ने चीन की पूरी सैन्य व्यवस्था बदल दी। पहले चीन की सेना 7 मिलिट्री रीजन में बंटी थी। शी जिनपिंग ने इसे खत्म करके देश को 5 थिएटर कमांड में बांटा, ताकि अलग-अलग मोर्चों पर तेजी से फैसला लिया जा सके। सेना, नौसेना, वायुसेना और मिसाइल फोर्स मिलकर काम करें और जंग स्थिति में 'एक कमांड, एक जिम्मेदारी' तय हो। इसमें से साउदर्न थिएटर कमांड, वेस्टर्न थिएटर कमांड और नार्दर्न थिएटर कमांड में सबसे ज्यादा अफसर हटाए गए हैं। सेंट्रल थिएटर कमांड बस एक मिलिट्री रीजन है जहां पर कम अधिकारी निकाले गए हैं। ये सभी थिएटर कमांड सेंट्रल मिलिट्री कमीशन (सीएमसी) के आदेश पर काम करने वाली मिलिट्री यूनिट्स हैं। ये सेना, नौसेना, वायुसेना, मिसा. इल फोर्स को मिलाकर आपरेशन चलाती हैं। इसमें से 6 में से 5 जनरल अब हटाए जा चुके हैं। जिसने राष्ट्रपति बनने में मदद की उसे ही निकाला साल 2022 में सेंट्रल मिलिट्री कमीशन में इन छह जनरलों को शी जिनपिंग ने खुद नियुक्त किया था।



आधुनिक चीन के इतिहास में इतनी बड़ी उथल-पुथल पहले कभी नहीं देखी गई

## यूनान में तटरक्षक पोत से टकराई प्रवासियों की नाव, 15 की मौत

**एथेन्स।** यूनान के चियोस द्वीप पर एक तटरक्षक पोत से प्रवासियों की नाव टकराने के बाद 15 प्रवासियों की मौत हो गई है। यूनान के कथिमेरिनी अखबार ने एक रिपोर्ट में बताया कि यह नाव चियोस पहुंचने की कोशिश कर रही थी, ताकि प्रवासियों को यूनान में उतारा जा सके। स्थानीय तटरक्षक बलों ने उनका पीछा किया। रिपोर्ट के अनुसार, इस दौरान दोनों नाव टकरा गईं और समंदर में डूबने से 15 लोगों की मौत हो गई। घटना के बाद बचाव अभियान शुरू किया गया। दो तटरक्षकों और सात बच्चों एवं दो महिलाओं सहित 25 प्रवासियों को दुर्घटना के बाद अस्पताल ले जाया गया। 14 प्रवासियों के शव पानी में मिले, जबकि एक महिला ने अस्पताल में दम तोड़ दिया।

